श्रावण कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 1 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 128, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आत्मविश्वास से भरी लवलीना क्वार्टर फाइनल में 17

न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं ऐश्वर्या राय 18

## एक नजर

### बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने जब्त की नकदी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में महाराष्ट्र में एक चीनी मिल और कुछ अन्य संस्थाओं के परिसरों में छापेमारी की और 19 .50 लाख रुपये नकद जब्त किए। ईडी ने बुधवार बताया कि श्री शिव पार्वती सखार कारखाना लिमिटेड, हाईटेक इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों नंदकुमार तासगांवकर, संजय अवाटे और राजेंद्र इंगवाले के मुंबई, कर्जत, बारामती और पुणे स्थित ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। हालांकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया कि यह कार्रवाई किस तारीख को की गई। तलाशी के दौरान दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। यह कार्रवाई सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई।

### शिमला में बनेगा दुनिया का सबसे लंबा रज्जु मार्ग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि शिमला में 1734 .40 करोड़ की लागत से 13 .79 किलोमीटर दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रज्जु मार्ग बनने जा रहा है। अग्निहोत्री ने बुधवार को यहां होटल होलीडे होम में रज्जुमार्ग द्वारा नवीन शहरी परिवहन पर सिंपोजियम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई निवेशक रज्जुमार्ग के निर्माण कार्य कर रहे है।

### इनामी समेत 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बुधवार को नक्सली शहीदी सप्ताह के दौरान एक लाख की इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष समेत पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में भैरमगढ़ एरिया कमेटी अंतर्गत पोमरा आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष एक लाख की इनामी मंगू पोटाम (40) पिता दुला, बेचापाल आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन सदस्य पायकु तेलम (35) पिता हुंगा तेलम, मीना तेलम (27) पिता बुधरु तेलम, राजू तेलम (30) पिता लच्छू तेलम और पोमरा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर मल्लेश पोटाम (30) पिता पाण्डु शामिल हैं।

### महोबा के समाज कल्याण अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार उन्मूलन योजना में लापरवाही बरतने और शासकीय कार्यों में शिथिलता के आरोप में महोबा के जिला समाज कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि अभय कुमार सिंह के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे।

### कांग्रेस विधायक से जुड़े परिसरों पर ईडी का छापा

**शिमला।** ईडी ने आयुष्मान भारत योजना में कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस विधायक आरएस बाली और कुछ निजी अस्पतालों व उनके प्रवर्तकों के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम हिमाचल प्रदेश में शिमला, कांगड़ा, ऊना, मंडी और कुल्लू सहित 19 जगहों के अलावा दिल्ली व चंडीगढ़ और पंजाब में स्थित परिसरों में छापेमारी की।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में आज फैसला सुनाएगा कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- दो महीने पहले कोर्ट ने सुरक्षित रख लिया था निर्णय

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें देवता और हिंदू पक्षों द्वारा दाखिल 18 मुकदमों की स्वीकार्यता को चुनौती दी गई है।

मामले में न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ फैसला सुनाएगी। लगभग 2 महीने पहले ही इस विवाद से जुड़े सभी पक्षों की विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट के समक्ष प्रबंध ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह समिति ने तर्क दिया था कि उपासना स्थलों के समक्ष लंबित मुकदमे हाईकोर्ट अधिनियम 1991, परिसीमा अधिनियम, 1963 और विशिष्ट राहत अधिनियम, 1963 के प्रावधानों पर रोक लगाते हैं। पिछली सुनवाई में मस्जिद समिति का तर्क था कि स्थायी निषेधाज्ञा की प्रार्थना उसे दी जा सकती है जिसके पास मुकदमे की तारीख पर संपत्ति का कब्जा हो, चूंकि वादी (हिंदू पक्ष) के पास मस्जिद नहीं है, इसलिए वे स्थायी निषेधाज्ञा के लिए प्रार्थना नहीं कर सकते हैं।

## संघ लोकसेवा आयोग की अध्यक्ष बनीं प्रीति सूदन



**नई दिल्ली।** सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। मनोज सोनी ने इस महीने के प्रारंभ में अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सूदन गुरुवार को पदभार ग्रहण करेंगी। वह फिलहाल आयोग की सदस्य हैं। सरकार की ओर से 29 जुलाई को जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने यूपीएससी की सदस्य प्रीति सूदन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## मूसलाधार बारिश में विधानभवन हुआ पानी-पानी

### मुख्यमंत्री को छोड़नी पड़ी लिफ्ट, गेट नंबर एक से निकले बाहर



यह कोई स्वीमिंग पुल या तलैया नहीं, वरन राजधानी लखनऊ स्थित विधान भवन का भूतल है। बुधवार दोपहर हुई मूसलाधार बारिश से विधान भवन का परिसर पानी से लबालब हो गया। ● अमृत विचार

- शिवपाल ने उठाया व्यवस्था पर सवाल

**लखनऊ।** डेढ़ घंटे हुई मूसलाधार बारिश से विधानभवन के भूतल में पानी घुस गया। लिफ्ट में पानी पहुंचने से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीढ़ियों से उतरना पड़ा और गेट नंबर सात पर घुटने भर पानी जमा होने से गेट नंबर एक से बाहर निकाला गया। जलभराव पर सपा नेता शिवपाल यादव ने व्यवस्था पर सवाल उठाया। राजधानी में दोपहर पौने एक बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश से विधानभवन का परिसर लबालब हो गया। मुख्यमंत्री समेत तमाम मंत्री-विधायक सदन में थे, लंच के दौरान बाहर निकलते वक्त भी पानी निकालने के लिए मशीनें लगाकर की गई तमाम कोशिशों के बाद भी लिफ्ट संचालन संभव नहीं हो सका। सभी को उतरने के लिए सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ा और सीवर लाइनें चोक होने से घंटों इंतजार भी करना पड़ा।

# साफ हुआ नजूल सम्पत्तियों के सार्वजनिक उपयोग का रास्ता

### विधानसभा में विपक्ष के विरोध के बीच उप्र नजूल सम्पत्ति विधेयक-2024 पारित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- स्वामित्व परिवर्तन संबंधी किसी भी न्यायालय की कार्यवाही या प्राधिकारी के समक्ष आवेदन होंगे निरस्त
- जमा धनराशि ब्याज के साथ वापस करेगी सरकार, पट्टा अवधि समाप्त होते ही सरकार की होगी भूमि

**अमृत विचार :** भारी विरोध के बीच उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति विधेयक 2024 बुधवार को विधानसभा में पारित हो गया। सरकार के लिए नजूल संपत्तियों के सार्वजनिक उपयोग का रास्ता साफ हो गया। अब भू परिवर्तन, फ्रीहोल्ड और पट्टा को लेकर चल रही सभी कवायद शून्य हो जाएगी। इस मद में जमा धनराशि को ब्याज के साथ वापस होगी। हालांकि इस कानून से प्रदेश में हजारों लोग प्रभावित होगें, यह चिंता जताते हुए कई भाजपा सदस्यों ने भी सवाल उठाए। हंगामा बढ़ता देख अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा बुधवार को उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक-2024 को बहुमत से पारित करा लिया गया। नए कानून के तहत नजूल भूमियों का निजी व्यक्ति या निजी संस्था के पक्ष में पूर्ण स्वामित्व के रूप में प्रतिवर्तन नहीं किया जाएगा। नजूल भूमि के पूर्ण स्वामित्व परिवर्तन संबंधी किसी भी न्यायालय की कार्यवाही या प्राधिकारी के समक्ष आवेदन निरस्त हो जाएंगे और अस्वीकृत समझे जाएंगे। अगर इस संबंध में कोई धनराशि जमा की गई है, तो ऐसे जमा की जाने की तारीख से उसे भारतीय स्टेट बैंक की मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) की ब्याज दर पर गणना करते हुए धनराशि वापस कर दी जाएगी।

### संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा- गरीबों से जमीनें खाली कराने का प्रावधान नहीं

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नियम में स्पष्ट किया जाएगा कि गरीब प्रताड़ित न हों। आश्वासन दिया कि गरीबों से जमीनें खाली कराने का प्रावधान नहीं किया गया है। जिन लोगों ने लीज का पैसा समय से जमा किया है, उनकी लीज का नवीनीकरण 30 साल के लिए किया जाएगा। लीज शर्तों का उल्लंघन नहीं करने वालों के लीज का समय समाप्त होने पर 30 साल के लिए फिर से नवीनीकरण किया जाएगा। स्कूल, कालेज, अस्पताल व सरकारी संस्थाएं यथावत रहेंगी। जिलाधिकारी पट्टाधारक को सुनने के बाद ही फैसला देंगे।

### बिजली पर नोकझोंक

विधानसभा में बिजली कटौती, लो वोल्टेज, खराब ट्रांसफार्मर न बदले जाने व मंहगाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत पूरे विपक्ष ने कड़ा विरोध किया। सपा विधायकों ने ऊर्जा मंत्री के दावों का विरोध किया।

# अनुराग ठाकुर की जाति संबंधी टिप्पणी पर लोकसभा में हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्ष ने कहा-यह आदिवासी दलितों और पिछड़े वर्ग का अपमान




लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा की गई जाति से संबंधित टिप्पणी पर खूब हंगामा हुआ। विपक्षी दलों ने बुधवार को आरोप लगाया कि अनुराग ठाकुर ने जो टिप्पणियां की वह दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का अपमान है। कांग्रेस ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसदीय विशेषाधिकार के हनन को बढ़ावा दिया है। ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में जाति जनगणना की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखे प्रहार किए थे। उन्होंने कहा था कि जिसकी जाति का पता नहीं, वह जाति जनगणना की बात करता है। कांग्रेस सदस्यों ने इसको लेकर गहरी आपत्ति जताई तथा सदन में पुरजोर हंगामा हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने उनका अपमान किया है।

ठाकुर की यह टिप्पणी अभी भी कार्यवाही का हिस्सा है, हालांकि उनके भाषण के कुछ अन्य अंश हटा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में दिए गए अनुराग ठाकुर के इस भाषण की मंगलवार को सराहना की थी और कहा था कि इसे अवश्य सुना जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह भाषण जिसे प्रधानमंत्री 'अवश्य सुनने' वाला बता रहे हैं, इसमें इनके सांसद ने बेहद ही अपमानजनक, असंवैधानिक और निंदनीय बातें कही हैं। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि टिप्पणियों के खिलाफ इंडिया के घटक दलों ने सदन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया।

### पीएम के खिलाफ नोटिस

कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। पंजाब के जालंधर से लोकसभा सदस्य चन्नी ने नोटिस में दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ठाकुर के भाषण के उन अंश वाला वीडियो 'एक्स' पर साझा किया जिन्हें सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था। यह कदम सदन के विशेषाधिकार का हनन है।

### राहुल गांधी की जाति पूछने में गलत क्या

भाजपा ने कांग्रेस पर जाति विवाद बढ़ाने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति पूछने में क्या गलत है जब वह स्वयं ही सरकारी अधिकारियों, न्यायाधीशों और यहां तक कि पत्रकारों सहित अन्य लोगों की जातियों के बारे में पूछते रहते हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ दल ने स्पष्ट किया कि अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल की जाति के बारे में नहीं पूछा था। पार्टी ने आश्चर्य जताया कि जब अन्य सदस्यों में से किसी ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री की टिप्पणी पर कोई आपत्ति नहीं उठाई तो विपक्ष के नेता ने आपत्ति क्यों जताई और इसे अपना अपमान क्यों बताया।

## बांदा में पत्नी के हत्यारे को मृत्युदंड, 13 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बांदा

### अवैध संबंध का था शक



- बांदा के बबेरू कस्बे में चार साल पहले हुई थी जघन्य वारदात

**अमृत विचार :** बबेरू कस्बे में चार साल पहले पत्नी की गर्दन काटने के बाद उसे लेकर थाने जाने वाले हत्यारोपी पति को बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मृत्युदंड दिया है। अलग-अलग धाराओं में 13 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह परिहार व एडीजीसी उमाशंकर पाल ने बताया कि 9 अक्टूबर 2020 को बबेरू कस्बे के नेता नगर निवासी किन्नर यादव ने अपनी पत्नी विमला की फरसे से वार करके हत्या कर दी और कटी हुई गर्दन लेकर थाने पहुंच गया। विमला के पिता रामशरण यादव निवासी अमलोहरा बिसंडा की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पिता रामशरण यादव के अनुसार दामाद उसकी पुत्री पर अवैध संबंधों को लेकर शक करता था और इसी वजह से उसने घटना को अंजाम दिया। हत्यारोपी किन्नर ने पड़ोसी युवक रविकांत शर्मा को भी खुरपे से वार करके घायल कर दिया था।

## केवी में प्रवेश के लिए नहीं शुरू होगा सांसद कोटा

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए सांसदों के विवेकाधीन कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा को शिवसेना (यूबीटी) की सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। विशेष प्रावधानों के तहत, सांसदों के पास केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों के प्रवेश की सिफारिश करने का अधिकार था। जिलाधिकारी के पास प्रायोजक प्राधिकरण कोटे के तहत 17 छात्रों के प्रवेश की सिफारिश करने का अधिकार था।

# वायनाड में मौतों की संख्या बढ़कर 167 हुई

वायनाड (केरल), एजेंसी

- मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे बचावकर्मी

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 167 हो गई है जबकि 191 लोग लापता हैं। बचाव दल ने तलाशी अभियान के दूसरे दिन मलबे में फंसे लोगों को खोजने के प्रयास तेज कर दिए। सेना, एनडीआरएफ और राज्य आपात सेवा के जवान और स्थानीय लोगों समेत बचावकर्मी कई इलाकों में बारिश के बीच अभियान में जुटे हैं।

केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन कहा कि बचाव अभियान पूरे जोरों पर जारी है। बुधवार सुबह भूस्खलन से तबाह मुंडक्कई गांव में जमींदोज हुए मकानों के अंदर बैठे और लेटी अवस्था में शवों के भयावह दृश्य देखने को मिले।



भूस्खलन के बाद बचाव कार्य में लगे कर्मचारी। ● एजेंसी

### केंद्र सरकार लाएगी आपदा प्रबंधन पर विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि यह समय केरल के वायनाड की जनता के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का है, इसके लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है तथा राहत, बचाव एवं पुनर्वास के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। शाह ने यह भी कहा कि वह आपदा प्रबंधन पर इसी सत्र में एक विधेयक लाएंगे।

### राहुल और प्रियंका गांधी आज वायनाड जाएंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को वायनाड जाएंगे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। बुधवार को खराब मौसम के कारण उनका कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा था।

### अडाणी ने दिए 5 करोड़

अडाणी उद्योग समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने वायनाड हादसे पर गहरा दु:ख प्रकट किया और मदद के लिए राज्य के मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 5 करोड़ के अंशदान की घोषणा की है।

## अब आईएएस अफसर नहीं रहीं पूजा खेडकर

नई दिल्ली, एजेंसी



- यूपीएससी ने रद किया चयन, कोई परीक्षा भी नहीं दे पाएंगी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बुधवार को परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद कर दी है और भविष्य में किसी भी परीक्षा में उनके शामिल होने पर रोक लगा दी है।

आयोग ने कहा कि यूपीएससी ने उपलब्ध रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की है और उन्हें सीएसई-2022 नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। आयोग ने कहा है कि सीएसई-2022 (सिविल सेवा परीक्षा-2022) के लिए उनकी अनंतिम उम्मीदवारी रद कर दी गई है और भविष्य में किसी भी परीक्षा में उनके शामिल होने या चयन पर स्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। आयोग ने कहा कि पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर को अपनी पहचान फर्जी बताकर परीक्षा के लिए स्वीकृत सीमा से अधिक अवसर धोखाधड़ी से प्राप्त करने को लेकर 18 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

## केजरीवाल, सिसोदिया, कविता की हिरासत बढ़ी

### आबकारी नीति मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 अगस्त तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की हिरासत भी 13 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। न्यायाधीश ने इससे संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में सिसोदिया और कविता की न्यायिक हिरासत नौ अगस्त तक बढ़ा दी।

# कोचिंग सेंटर हादसे के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार

### दिल्ली हाईकोर्ट ने प्राधिकारियों को लगाई फटकार, कहा-रेवड़ी संस्कृति में ऐसे हादसे स्वाभाविक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले में प्राधिकारियों को बुधवार को फटकार लगाई और कहा कि जब रेवड़ी संस्कृति के कारण कर संग्रह नहीं होता है, तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है। हाईकोर्ट ने किसी केंद्रीय एजेंसी को घटना की जांच का निर्देश देने का संकेत दिया और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त, संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त और मामले के जांच अधिकारी से शुक्रवार को उसके समक्ष पेश होने को कहा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला की पीठ ने कहा कि एक अजीब जांच चल रही है, जिसमें दिल्ली पुलिस ने ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर के बाहर से गुजरने वाले कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीठ ने कहा कि क्या उनका दिमाग खराब हो गया है? दिल्ली पुलिस क्या कर रही है? इसके अधिकारी क्या कर रहे हैं? लीपापोती की कोशिश हो रही है क्या? क्या अब तक इस घटना के लिए किसी अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया गया है? हम आपसे कह रहे हैं कि एक बार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो गई, तो भविष्य में ऐसी कोई घटना नहीं होगी।

हाईकोर्ट ने प्राधिकारियों को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में नालों पर सभी अवैध निर्माण और अतिक्रमण को शुक्रवार तक हटाने का निर्देश भी दिया।

### बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करें

अदालत ने कहा कि बहुमंजिला इमारतों को संचालित करने की अनुमति दी जा रही है, लेकिन पानी की उचित निकासी की व्यवस्था नहीं है। आपके विभाग दिवालिया हैं। यदि आपके पास वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं, तो आप बुनियादी ढांचे को कैसे उन्नत करेंगे? बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने की जरूरत है। आप रेवड़ी संस्कृति चाहते हैं, आप कर नहीं जुटाना चाहते।

### आबादी 3.3 करोड़, योजना 6-7 लाख लोगों के लिए

पीठ ने कहा कि दिल्ली की आबादी 3 .3 करोड़ है, जबकि इसकी योजना 6-7 लाख लोगों के लिए बनाई गई थी। आप बुनियादी ढांचे को उन्नत किए बिना इतने सारे लोगों को समायोजित करने की योजना कैसे बना रहे हैं? प्रशासकों को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### कोचिंग संस्थानों को लेकर बनाई समिति

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके . सक्सेना ने बुधवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की, जो शहर में कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने और छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए दिशानिर्देश तैयार करेगी। समिति में कोचिंग संस्थानों, छात्रों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के पांच से छह प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति विनियमन, अत्यधिक किराए, अग्नि सुरक्षा मंजूरी, नालियों की सफाई और छात्रों की अन्य तत्काल जरूरतों से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक रूप से विचार करेगी।

शहर में आज



☞ जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की सभा रामगंगा विहार स्थित सेल्स टैक्स ऑफिस में शाम 4 :00 बजे।

☞ रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट का अधिष्ठापन समारोह मोती महल होटल रामगंगा विहार में रात 8 :30 बजे।

एक नजर

### हर ओर बस भगवा ही भगवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इन दिनों महानगर की सड़कें भगवा रंग में रंग गई हैं। हर और बस भगवा ही भगवा रंग देखने को मिल रहा है। सड़कों पर भगवा वस्त्र पहनकर कांवड़िये माहौल भक्तिमय बना रहे हैं। उस पर भगवा ध्वज और शिवशंकर और प्रभु श्रीराम के साथ-साथ हनुमान जी की तस्वीर सभी का मन मोह रही है।



भगवान शिव के भजनों पर झूमते हुए हरिद्वार से गंगा जल लेकर बरेली जाते कांवड़िये। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते शिव भक्त। ● अमृत विचार

# महानगर में कांवड़ियों की सुरक्षा को रूट डायवर्जन सख्ती से लागू करें अधिकारी

## जिलाधिकारी बोले-कांवड़ मार्ग पर प्रत्येक 5 किलोमीटर पर लगाएं चिकित्सा शिविर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक हुई। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा के निर्धारित मार्गों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि श्रावण मास के दौरान कांवड़ियों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निर्धारित मार्गों पर हर पांच किलोमीटर पर चिकित्सा शिविर स्थापित किए जाएं। इसमें मेडिकल टीम की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए जिले में रूट डायवर्जन को सख्ती से प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने आरएम रोडवेज तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। ऐसे कांवड़ मार्ग जो ग्राम पंचायत क्षेत्र से होकर जाते हैं उन मार्गों पर ग्राम पंचायत स्तर से प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। कांवड़ मार्गों पर विद्युत पोल की वजह से कोई समस्या नहीं होनी चाहिए, इसके लिए विद्युत विभाग के संबंधित अधिशासी अभियंता मार्ग का निरीक्षण कर लें और जहां कमियां हैं उसे गुरुवार की शाम तक दुरुस्त कराएं। कांठ मार्ग पर सड़क के किनारे पेड़ों की छंटाई करने के लिए वन विभाग के अधिकारी और पूरे जिले में कांवड़ मार्गों पर कहीं भी गड्ढे न हों, इसके लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को प्राथमिकता से कार्य कराने के लिए निर्देश दिया।



कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में एसएसपी सतपाल अंतिल व अन्य।

उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान आमजन को करंट से बचाव के लिए सभी विद्युत पोलों पर पॉलीथिन लगाने के निर्देश दिए गए थे। जहां भी विद्युत पोलों पर पॉलीथिन नहीं लगाई गई है वहां संबंधित अधिशासी अभियंता तत्काल कार्य पूर्ण कराएं। खंड विकास अधिकारी और नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी द्वारा कांवड़ मार्गों पर अपेक्षित कार्य न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कहा कि अधिकारी फील्ड में सक्रियता दिखाएं। जिस अधिकारी को जो कार्य कराने की जिम्मेदारी दी जाए वह स्वयं की देखरेख में पूरा कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार सहित सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



मैं 27 जुलाई को हरिद्वार से चला था। कांवड़ में 19 लीटर गंगाजल लेकर आया हूं। शिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करूंगा। भगवान भोलेनाथ की भक्ति का आनंद ही अलग है।
**-बबलू,** बिलारी



मैं बीते 24 साल से कांवड़ लेकर आ रहा हूं। बीच में कोविड के कारण दो साल नहीं ला पाया। भगवान से अपने बच्चों की शादी की मन्नत मांगी थी, जो पूरी हो गई है।
**-सोमपाल,** संभल



मोहल्ले से हर बार कांवड़ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस बार 150 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहा है। यात्रा को यादगार बनाने के लिए 1.5 लाख का डीजे किया है।
**-प्रताप,** संभल



मैं पहली बार अपने भाई और पिता के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आया हूं। हम 24 जुलाई को हरिद्वार से चले थे। प्रभु की कांवड़ लाने में बहुत आनंद आ रहा है।
**-पवन,** संभल

# हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हर-हर महादेव, जय शिवशंकर के जयकारे के साथ कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। बुधवार को दूर दराज शहरों के कांवड़ियों के जत्थे महानगर से होकर गुजरे। कांवड़ियों के जत्थे शिव भजनों पर नाचते-झूमते नजर आ रहे थे। रास्ते में विश्राम कर वह अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे। सावन माह की शिवरात्रि पर भगवान शंकर को जल चढ़ाने के लिए बरेली, बदायूं, रामपुर मिलक समेत अन्य जिले के कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार, बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं।

सावन माह की शिवरात्रि शुक्रवार को हैं। जिसके लिए बरेली, बदायूं, रामपुर, मिलक, संभल, बिलारी समेत अन्य जिलों के कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। कांवड़ियों के जत्थे नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। इन कांवड़ियों के जत्थों में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। बुधवार को महानगर से सैकड़ों कांवड़ियों के जत्थे गुजरे। महानगर में कांवड़ियों को गुजरते समय किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। प्रमुख मार्गों पर कांवड़ियों को रास्ता पार कराने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया था। पीलीकोठी, फव्वारा चौक, जीरो प्वाइंट समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की विशेष नजर रही।



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार

### महिलाएं और बच्चे भी लेकर आ रहे कांवड़

अभी तक कांवड़ लाने में पुरुषों की संख्या अधिक रहती है। क्योंकि लंबा सफर पैदल तय करना है और रास्ते में पड़ने वाली दिक्कतों को सहने वाले ही कांवड़ लाते हैं। लेकिन, अब इस यात्रा में महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। वह भी पैदल कांवड़ ला रही हैं। पहले के मुकाबले इस बार महिला कांवड़ियों की संख्या अधिक है। इनके साथ छोटे-छोटे बच्चे भी कांधे पर कांवड़ लेकर यात्रा में आ रहे हैं।

### बाइक से कांवड़ लाने वाले कांवड़ियों की संख्या घटी

सावन के पहले दो सोमवार बीत जाने के बाद अब कांवड़िये शिवरात्रि के लिए गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। दूसरे सोमवार तक बाइक से जाने वाले कांवड़ियों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। पैदल यात्रा करने वाले कांवड़िये बहुत कम देखने को मिल रहे थे। लेकिन, शिवरात्रि पर बाइक वाले कांवड़ियों की संख्या में कमी आई। जबकि पैदल कांवड़ लाने वाले कांवड़ियों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है।

### भोले के भजनों पर नाचते-झूमते जा रहे कांवड़ियों के जत्थे

सैकड़ों कांवड़ियों के जत्थे कांधे पर कांवड़ लेकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। जत्थे के साथ साउंड सिस्टम लगे हुए हैं। डीजे की धुन पर कांवड़िये नाचते-गाते जा रहे हैं। जहां से कांवड़ियों का जत्था गुजर रहा है। उस जगह माहौल भक्तिमय होता जा रहा है।

# कांठ रोड पर दिनभर रेंगते रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ी तो जिला प्रशासन की व्यवस्था चरमरा गई। कांठ रोड, स्टेशन रोड समेत महानगर की अन्य सड़कों पर भी जाम की स्थिति बन गई। कांवड़ियों के साथ-साथ राहगीरों को काफी परेशानी हुई। राहगीर मशक्कत के बाद जाम से निकले।

शुक्रवार को सावन माह की शिवरात्रि है। जिसके लिए कांवड़िये बड़ी संख्या में हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल ला रहे हैं। डीजे की धुन पर कांवड़िये नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। बुधवार को कांठ रोड पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। जैसे ही कोई बड़ा बेड़ा डीजे के साथ कांठ रोड से गुजरता था। वैसे ही यहां लंबा जाम लग जाता है। स्टेशन रोड पर भी यही हालात देखने को मिले। जिस वजह से कांवड़ियों के साथ लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।





कांवड़ यात्रा के दौरान पीएसी चौराहे पर जाम मे फंसी एम्बुलेंस। ● अमृत विचार

● **राहगीरों को हुई परेशानी, मशक्कत के बाद जाम से निकले वाहन चालक**

कांठ रोड पर कार चालक मोहित ने बताया कि पीवीआर से लेकर पीलीकोठी तक आने में करीब 1 घंटा लग गया है। पुलिस की व्यवस्था बिल्कुल फेल हो गई हैं। वहीं बाइक चालक शेखर ने कहा कि रोड के दोनों साइड वाहन चल रहे हैं। जिला प्रशासन की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे परेशानी हो रही है।

# अस्थायी स्टैंड से रोडवेज बसों का संचालन, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कावंड़ यात्रा के चलते किए गए रूट डायवर्जन के चलते रोडवेज की बसें रोडवेज बस अड्डे तक नहीं पहुंच पा रही है। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। वहीं रूट डायवर्जन के चलते रोडवेज बसों का किराया भी बढ़ गया है।

कांवड़ में डायवर्जन के चलते रोडवेज बसों का संचालन अस्थायी बस अड्डे से शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते रोडवेज की बसें अस्थाई बस अड्डे से संचालित की जा रही है। एसपी ट्रैफिक के डायवर्जन प्लान के तहत रोडवेज ने दिल्ली-बरेली रूट की बसों का संचालन आरटीओ कार्यालय के पास टीपीनगर पर बनाए गए अस्थायी बस अड्डे से किया जा रहा है। वहीं देहरादून-हरिद्वार रूट की बसें काशीपुर तिराहे से होकर तय रूट से होकर चल रही हैं। डायवर्जन के चलते रोडवेज बस अड्डों पर बसों के कम आने से यात्री परेशान हो रहे हैं। बस पकड़ने के लिए सवारियों को ई-रिक्शा और ऑटो का सहारा लेना पड़ रह हैं। जिसके चलते ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने जमकर फायदा उठा रहे है। बुधवार को अस्थायी बस अड्डे पर यात्री मनोज कुमार ने बताया कि उसे दिल्ली जाना है। जिसके लिए वह मुरादाबाद डिपो से ऑटो के माध्यम से अस्थायी बस अड्डे पर पहुंचा, जिसके बाद वह काफी इंतजार करने के बाद बस मिली। वहीं रोडवेज के अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से लागू किए गए डायवर्जन के चलते बसों को अस्थायी बस अड्डों से रवाना किया जा रहा है। जिसके कारण बसों का किराया भी बढ़ाया गया है। वहीं मुरादाबाद व पीतलनगरी डिपो पर बसों की संख्या काफी कम दिखाई दी।



पीतल नगरी डिपो पर बसों को लेकर परेशान होते यात्री। ● अमृत विचार

● **रूट डायवर्जन के चलते बढ़ा रोडवेज बसों का किराया**

**मुरादाबाद से हरिद्वार का रूट :** मुरादाबाद से बिजनौर और हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसें प्रेम वंडरलैंड के नीचे पुल के नीचे बने अस्थायी बस स्टैंड से चल रही हैं। यहीं से ठाकुरद्वारा, काशीपुर, जसपुर, अफजलगढ़, शेरकोट धामपुर होते हुए वाहन बिजनौर, हरिद्वार की ओर जा रहे हैं और इसी मार्ग से वापस आ रहे हैं।

**बिजनौर का रूट:** मुरादाबाद से बिजनौर की ओर जाने वाले हल्के वाहन टीएमयू से शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर होकर बिजनौर जा रहे हैं और इसी मार्ग से वापस आ रहे हैं। मुरादाबाद-नूरपुर, बिजनौर रोड पर कांवड़ियों की संख्या अधिक होने पर हल्के वाहनों को भी ठाकुरद्वारा, जसपुर, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर, नहटोर होकर बिजनौर के लिए संचालन कराया जा रहा है।

**रामपुर से मुरादाबाद:** भारी वाहन, रोडवेज बस, ट्रक वाया-शाहबाद, बिलारी होकर कटघर थाना क्षेत्र में आजाद नगर मोड़ पर बने अस्थायी बस अड्डे पर पहुंचेंगे। इसी मार्ग से वापस होकर रामपुर जा रहे है।

**मुरादाबाद से दिल्ली और मेरठ रूट:** मुरादाबाद से मेरठ जाने वाली रोडवेज की बसें टीपीनगर आजाद नगर में बने अस्थायी बस स्टैंड से बिलारी, सिरसी, संभल, गंवा, नरौरा, डिबाई, शिकारपुर, बुलन्दशहर, होकर दिल्ली और मेरठ जा रही हैं और इसी मार्ग से वापस आ रही हैं।

आयोजन | याद-ए-रफी कार्यक्रम में गायकों ने मचाई धूम, सुंदर प्रस्तुति पर मिली प्रशंसा

# बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की 44वीं पुण्यतिथि पर चतुर्थ याद-ए- रफी कार्यक्रम मुरादाबाद सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित किया गया। इसमें मोहम्मद रफी के चाहने वालों ने उनके गीत सुनाकर श्रद्धांजलि दी।

आईएमए भवन सभागार में आयोजित याद-ए-रफी कार्यक्रम का आरंभ अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, राजीव सहाय, मुकुल अग्रवाल एडवोकेट, डॉ. आनन्द प्रकाश शर्मा और भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक राजेश रस्तोगी आदि ने रफी साहब को याद कर किया। संचालन संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मुहम्मद अहमद ने किया। अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि मोहम्मद रफी की आवाज का जादू ही कुछ ऐसा था कि आज भी उनके गाने कभी पुराने नहीं लगते। इस अवसर पर स्थानीय गायक कलाकार मो. नदीम, यशस्वी शर्मा, जहूर मलिक, गुलशाद खान आदि ने मोहम्मद रफी के गीत सुनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कलाकारों ने उनके गाए गाने ये चांद सा रोशन चेहरा, मैंने पूछा चांद से, चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो, बहारो फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है, बदन पर सितारे लपेटे हुए और आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर जैसे गानों पर अपनी आवाज और रफी साहब के अंदाज में जादू बिखेरा। व्यवस्था में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा, परवेज नाजिम, हाजी अशरफ अली, सुनील कुमार शर्मा, पंडित राधेश्याम शर्मा, बिलाल अहमद आदि का विशेष योगदान रहा।





याद-ए-रफी कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करता युवक। ● अमृत विचार

## शादी अनुदान योजना में अब ई-केवाईसी जरूरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीब व्यक्तियों की बेटी की शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। योजना में आवेदन करने से लेकर धनराशि वितरण तक की प्रक्रिया को सरकार ने अब और सरल बनाया दिया हैं। योजना में आवेदन करने पात्र ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की 46,080 रुपये वार्षिक आय हो। जबकि सरकार ने अब शहरी क्षेत्र में 56,460 वार्षिक से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये वार्षिक आय को मंजूरी दे दी है। इतना ही नहीं अब आवेदन की प्रक्रिया को ई-केवाईसी जोड़ दिया गया है। जिससे आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करते वक्त अधिक प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं पड़ेगी। ई-केवाईसी के माध्यम से आवेदक को अपना आधार कार्ड नंबर डालना है। जिससे आवेदक की जानकारी आवेदन पत्र में अंकित हो जाएंगी।

# सावन माह की शिवरात्रि कल, बाबा भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** हिंदू पंचांग में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि या मास शिवरात्रि के रूप में पूजा जाता है। भगवान शिव के अनन्य भक्त हर मासिक शिवरात्रि को व्रत रखते हैं व श्रद्धापूर्वक शिवलिंग की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रावण मास की शिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस बार 2 अगस्त को सावन महीने की शिवरात्रि पड़ रही है। इस दिन भोलेनाथ का अभिषेक और उनकी पूजा अर्चना करना विशेष फलदायी होता है।



ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी का कहना है कि वैसे तो श्रावण का पूरा महीना ही भगवान शिव को समर्पित है व उनकी पूजा करने के लिए शुभ है।

लेकिन, श्रावण महीने की शिवरात्रि को अत्यधिक शुभ माना गया है। इस बार सावन शिवरात्रि 2 अगस्त को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत के सबसे प्रसिद्ध शिव मन्दिर, काशी विश्वनाथ व बद्रीनाथ धाम में श्रावण मास में विशेष पूजा-पाठ और दर्शन का आयोजन होता है। भक्तजन गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक कर शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। शिव की पूजा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

### व्रत की विधि

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि शिवरात्रि के एक दिन पहले त्रयोदशी तिथि के दिन, भक्तों को केवल एक समय ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। शिवरात्रि के दिन, सुबह नित्य कर्म करने के बाद भक्तों को पूरे दिन के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। भक्तों को मन ही मन अपनी प्रतिज्ञा दोहरानी चाहिए और भगवान शिव से व्रत को निर्विघ्न रूप से पूर्ण करने के लिए आशीर्वाद मांगना चाहिए। शिवरात्रि के दिन भक्तों को संध्याकाल स्नान करने के बाद ही पूजा करनी चाहिए। मन्दिर जाना चाहिए। भगवान शिव की पूजा रात्रि के समय करनी चाहिए। अगले दिन स्नान के बाद अपना व्रत तोड़ना चाहिए।

● **भगवान शिव की पूजा-अर्चना से मिलता है मनवांछित फल**

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- ISO Registration
- 12A Registration
- 80G Registration
- Nielit Registration
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- Labour Department Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आज का मौसम

हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:36 | सूर्यास्त 07:07

श्री माधव
आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
A healthy heart is the main source of your strength.

डॉ. अपूर्व मित्तल
एम.डी.(मेडिसिन), डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी)
चीफ इण्टरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, कॉसमॉस हास्पिटल, मुरादाबाद
ओ.पी.डी.समय
12बजे से सायं 4 बजे-कॉसमास हॉस्पिटल
प्रात: 10 से 11 बजे तक व 6 बजे से 8 बजे तक
श्री माधव आई एण्ड हॅार्ट सेन्टर, मुरादाबाद
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टीकल्स
पता- MIG14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें
Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# स्मार्ट सिटी में फैला बिजली के तारों का मकड़जाल
# हादसों के बाद भी नहीं चेते, खतरे में लोगों की जान

### अधिकारी कर रहे मानकों की अनदेखी, मंगलवार को चंद्रनगर में हुआ था हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी तारों के मकड़जाल में उलझी है। महानगर के घनी आबादी वाले मोहल्लों में इन तारों व बिजली के खंभों से आए दिन हादसे के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी नहीं चेत रहे हैं। मंगलवार को चंद्रनगर में हाइटेंशन लाइन में चिंगारी निकलने से एक घर में आग भी लग गई। बावजूद इसके विद्युत सुरक्षा नियमों की अनदेखी जारी है। एक ही खंभे पर एलटी और एचटी लाइनें चल रही हैं। मकानों की दीवारों से छूते हुए तार गुजर रहे हैं। नंगे तारों की चपेट में आकर महानगर कई हादसे भी हो चुके हैं। मगर विभाग की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

महानगर के चंद्रनगर में घरों के ऊपर से हाइटेंशन लाइन निकल रही है। मंगलवार दोपहर हाइटेंशन लाइन में चिंगारी निकलने के बाद एक घर में भीषण आग लग गई। नियमों की अनदेखी लोगों की जान पर भी भारी पड़ रही है। विद्युत विभाग में अलग-अलग श्रेणी की लाइनों के मानक निर्धारित हैं। मगर महानगर में इनका पालन नहीं हो रहा है। किसी भी भवन से एलटी लाइन की दूरी 1.20 मीटर और एचटी लाइन की समानांतर दूरी 2.50 मीटर निर्धारित है।

सड़क को पार करने वाली ओवरहेड एलटी लाइन की जमीन से ऊंचाई 5.8 मीटर होनी चाहिए। सड़क किनारे 11 से 33 केवी की लाइन की ऊंचाई 5.8 मीटर निर्धारित की गई है। मगर महानगर में अधिकांश लाइनें या तो नीचे झूल रही हैं या मानक के अनुरूप नहीं हैं। विभाग हादसों के बाद भी नहीं चेत रहा है। अधीक्षण अभियंता मनीष चोपड़ा का कहना है कि लोगों को लाइन के नीचे खुद ही मकान नहीं बनाने चाहिए। विभाग की ओर से उन्हें रोकने का कोई नियम नहीं है। लाइन के नीचे मकान होगा तो हमेशा हादसे का खतरा बना रहेगा।



जेल रोड पर फैला तारों का मकड़जाल।

#### लाइनों के बीच दूरी और ऊंचाई के मानक

- पहले से बनी लाइनों के नीचे किसी भी निर्माण पर प्रतिबंध।
- ओवरहेड या भूमिगत लाइनों के निर्माण के बाद आसपास किसी भी भवन, फ्लड बैंक, सड़क निर्माण के लिए नक्शा बनाकर विद्युत विभाग की अनुमति जरूरी।
- भवन से एलटी व एचटी लाइन 11केवी के समानांतर 1.20 और लंबवत दूरी 2.50 मीटर होनी चाहिए।
- भवन से 33केवी लाइन की समानांतर दूरी दो और लंबवत दूरी 3.70 मीटर होनी चाहिए।
- सड़क के आरपार ओवरहेड एलटी लाइन की जमीन से ऊंचाई 5.8 मीटर होनी चाहिए।
- सड़क किनारे एलटी लाइन की जमीन से ऊंचाई 5.5 मीटर होनी चाहिए।

#### इन स्थानों पर हालात खराब

बंगलागांव, चक्कर की मिलक, करूला, रहमतनगर, लाइनपार, जयंतीपुर समेत अन्य मोहल्लों में हालात बहुत खराब है। इन मोहल्लों में तारों का मकड़जाल है। एक ही पोल पर दो लाइनें हैं। जिससे कभी भी कोई हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने जांच को लिया ब्रांडेड कंपनियों के दूध का नमूना

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवार को महानगर के करूला व कचहरी रोड स्थित दूध के वाहनों से ब्रांडेड कंपनियों के दूध का नमूना जांच के लिए संकलित किया। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापेमारी की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह और राजीव कुमार ने करूला में अलवीना कन्फेक्शनरी के निकट दुग्ध वाहन को रोका। इसमें आनंदा सुप्रीम मिल्क पाश्चुराइज्ड भैंस का दूध ले जाया जा रहा था। दुग्ध वाहन से टीम ने तीन नमूने लिए। इसमें डबल टोंड मिल्क भी शामिल रहा। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएसडी सच्चन ने कचहरी रोड पर एसएसपी कार्यालय के निकट पराग गोल्ड पाश्चुराइज्ड फुल क्रीम मिल्क का नमूना संकलित किया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इसके अलावा विभाग के फूड सेफ्टी आन व्हील वाहन से रामगंगा विहार में सेल्स टैक्स आफिस के निकट 26 लोगों द्वारा लाए गए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई।



शिविर में आपत्तियों की सुनवाई करतीं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह व अन्य।

## शिविर में 35 आपत्तियां निस्तारित 14.81 लाख की कर वसूली की

- जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण के लिए जोन कार्यालयों में लगा शिविर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जीआईएस सर्वे से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण के लिए बुधवार को जोन 3 के यादव धर्मशाला कटरापूरन जाट निकट अखाड़ा दाऊ जी महाराज के कार्यालय में शिविर लगा। इसके अलावा जोन 2 में शाह बुलाकी ज्यारत मुकर्रबपुर में जीआईएस सर्वे की आपत्तियां सुनकर उनका निस्तारण किया गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह की मौजूदगी में 53 आपत्तियां दोनों शिविरों में आईं। जिसमें से 35 को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। टीम ने 14 लाख 81 हजार 368 रुपये का गृहकर व जलकर भी लोगों से वसूला। शिविर में कांग्रेस पार्षद अनुभव मेहरोत्रा के अलावा क्षेत्रीय कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व जोनल कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं नगर निगम की संपत्ति अनुभाग की टीम ने प्रवर्तन दल के साथ करूला जयंतीपुर में अतिक्रमण के दायरे में किए गए निर्माण की पैमाइश कराकर उस पर निशान लगाया। स्थानीय लोगों ने टीम से नोकझोंक कर मनमानी करने का आरोप लगाया। इस दौरान उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, प्रवर्तन दल के प्रभारी एसके शाही सहित अन्य अधिकारी व प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

# हादसे में तीन छात्राओं समेत छह घायल

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार बस ने पीछे से ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें बैठी तीन छात्राओं समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है।

बुधवार को थाना क्षेत्र के हाईवे पर स्थित टीएमयू के सामने मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाली दिशा पर तेज रफ्तार से आ रही बस ने एक ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। जिससे उसमें बैठी श्री सत्या कॉलेज की तीन छात्राएं फोजिया पुत्री बाबू निवासी पाकबड़ा, सबा अंजुम पुत्री रफाकत हुसैन निवासी आजाद नगर मझोला, नीलोफर कादरी समेत आशीष गंगवार पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी भोजीपुरा बरेली, राहुल पुत्र इंद्रपाल निवासी लाकड़ी फाजलपुर और ऑटो चालक सुभान पुत्र इस्लाम गली नंबर 9 करूला थाना कटघर गंभीर रूप से घायल हो गए। हाईवे पर हादसे से चीख पुकार मच गई। सभी घायल सड़क पर जहां तहां गिर पड़े। राहगीरों ने सभी को उठाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है।



पाकबड़ा में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो। • अमृत विचार

- हाईवे पर मची चीख पुकार, पुलिस ने बस को कब्जे में लिया



हादसे के बाद रोड पर गिरीं घायल छात्राएं।

## दुकान से घर जा रहे युवक पर हमला, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में दुकान से घर जा रहे युवक पर तीन लोगों ने मारपीट कर डाली। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना कटघर क्षेत्र के पीतल नगरी कमला विहार निवासी गिरीराज भटनागर ने बताया मेरा बेटा वंश भटनागर मकबरा स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान पर काम करता है। आरोप है कि बीती 28 जुलाई की रात में उसका बेटा वंश अपनी दुकान से घर जा रहा था, तभी रास्ते में उसे यश ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे रोक लिया और गाली-गलौच करने लगा। मेरे बेटे ने विरोध किया जो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। बाद में तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने गिरीराज भटनागर की तहरीर पर आरोपी यश व उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे से ही मुरादाबाद से कुंदरकी, बिलारी, सिरसी, शाहाबाद, सैफनी, हसनपुर, जोया, कांठ व छजलैट के लिए डग्गामार वाहन खुलेआम सवारियां ढो रहे हैं। डग्गामार वाहन चालक सारे नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से अधिक सवारियां भरकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिकतर डग्गामार वाहन फर्जी नंबर प्लेट पर चल रहे हैं। इस बात की पुष्टि विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन दल ने भी की है।

महानगर में डग्गामार वाहनों की भरमार है। जिसमें अधिकतर मारुति वैन, टाटा मैक्स आदि चलाई जा रही हैं। कुछ वाहन स्कूलों के नाम लिखकर सवारियां ढो रहे हैं तो कुछ प्रेस लिखवाकर फर्राटा भर रहे हैं। महानगर में इन डग्गामार वाहनों के कई अड्डे हैं। हद तब है कि जब डबल फाटक, मिगलानी सिनेमा, कटघर थाने के सामने सवारियां भर कर संभागीय परिवहन कार्यालय के सामने से ही ये वाहन फर्राटा भरते हुए सिरसी, कुंदरकी व बिलारी के लिए निकलते हैं। कांठ रोड से धर्मपुर शेरुआ चौराहा, अगवानपुर, छजलैट, कांठ, स्योहारा तक क्षमता से अधिक सवारियां भरकर ले जाते हैं। इनमें अधिकतर वाहन पीली प्लेट का सहारा लेकर चौकी चौराहे पर खड़ी पुलिस को टैक्सी में दर्ज दिखाने में सफल हो जाते हैं। वहीं रामपुर दौराहे से शहबाद और सैफनी के लिए सवारियां ढो रहे हैं। कुछ वाहन चालक फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सवारियां ले जा रहे हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आनंद निर्मल ने बताया कि कई गाड़ियां चेक करने पर फर्जी नंबर प्लेट मिली हैं। जिनको सीज कर उनके असली नंबर खोजने पर वह चोरी की पाई गई हैं। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



रोडवेज चौकी के आगे खड़ा डग्गामार वाहन। • अमृत विचार

- पकड़े जाने पर कई वाहनों पर लगी मिली फर्जी नंबर प्लेट

## एक नजर

### सील गोदाम में चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने एमडीए द्वारा सील गए गोदाम को अपना निशाना बना लिया। चोर गोदाम से हजारों का सामान लेकर फरार हो गए। गोदाम मालिक ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कटघर क्षेत्र के विजय नगर निवासी राजपाल सिंह की पत्नी ऋतु चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका एक गोदाम प्रभात मार्केट पर है।

# हादसे के बाद धू-धू कर जली कार व बाइक

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** हाईवे पर एक बाइक अचानक कार से जा टकराई। जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक दोनों वाहन धू धू कर जलने लगे। दोनों वाहनों के लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

बुधवार की सुबह बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद निवासी नवीन सिंघल पुत्र किशन अपनी पत्नी स्वाति एवं बेटे के साथ कार से नैनीताल जा रहे थे। वह अपने बेटे को स्कूल में छोड़ने के लिए जा रहे थे। कार ड्राइवर राजवीर चला रहा था। तभी हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास उमरी सब्जीपुर निवासी मुकेश पुत्र डालचंद बाइक से आ रहा था। वन वे होने की वजह से एक ही लेन से गुजर रहे थे। सामने कार को देखकर मुकेश ने अचानक बाइक में ब्रेक लगा दिए। जिससे बाइक फिसलकर कार के नीचे जा घुसी।

इस बीच बाइक से निकली चिंगारी से कार में आग लग गई। जैसे ही दोनों वाहनों के लोग कुछ समझ पाते तब तक चिंगारी ने बड़ा रूप ले लिया।

आनन-फानन में वाहन सवारों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं दोनों वाहन हाईवे पर धू धू कर जलने लगे। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों वाहन जलकर राख हो चुके थे।



पाकबड़ा में हाईवे पर हादसे के बाद वाहनों से उठतीं आग की लपटें।

- हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास हुआ हादसा, कांवड़ यात्रा के चलते एक ही लेन से गुजर रहे थे वाहन

## जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 6 घायल

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के हिसामपुर में जमीनी बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए।

पीड़ित पक्ष से मजफूज़ आलम पुत्र जरीफ ने बताया कि वह पांच भाई हैं जिसमें एक भाई की मौत हो गई थी। जिसके बाद मजफूज अपनी भतीजियों की जमीन को बंटाई पर जोत रहा था। आरोप है कि मजफूज का तहेरा भाई राहिल भी महफूज की भतीजियों की जमीन जबरजस्ती जोतना चाहता है। इसी को लेकर राहिल ने उस खेत में धान की फसल लगा दी। जिसका पीड़ित पक्ष ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट की घटना में दो महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपी पक्ष के खिलाफ पुलिस को शिकायत कर कार्यवाई की मांग की है।

**उल्लास** — एसेंस क्लब मुरादाबाद की ओर से कार्यक्रम का आयोजन, सदस्यों ने रंगारंग प्रस्तुति से बांधा समां

# फिएस्टा थीम पर धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एसेंस क्लब मुरादाबाद की ओर से बुधवार को ग्रैंड विलेज में रंगारंग तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीज कार्यक्रम का आयोजन फिएस्टा थीम पर किया गया। इसमें महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उन्होंने नृत्य, रैंप वाक कर सभी को अपनी प्रतिभा का मुरीद बना लिया। इस अवसर पर हॉल तालियों की गूंज से चहक उठा।

कार्यक्रम का आरंभ क्लब की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक चेयरमैन विशाल प्रिया टंडन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। क्लब की अध्यक्ष रुचि सिंघल द्वारा क्लब की सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संपादक को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। जुलाई महीने में क्लब द्वारा किए गए कार्यों का ब्योरा क्लब की सचिव नेहा कोठीवाल ने दिया। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्वागत नृत्य गीतिका, निबी, मानसी, नितिका ने प्रस्तुत किया।

हाउजी, गेम्स, नृत्य आदि का क्लब की सदस्याओं ने खूब आनंद उठाया। रैंप वाक पर तालियों की गूंज ने तो जैसे समा ही बांध दिया। सभा का संचालन निमिषा, आंचल, शालू, नेहा, प्राची और शैली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर मोना गुप्ता, जूही सिंघल, गुंजन कपूर, मेघा, शिल्पी, भावना आदि सदस्य मौजूद रहीं।



रंगारंग तीज कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं महिलाएं। • अमृत विचार

## एक नजर



अपने जन्मदिन पर पौधा लगाते पर्यावरण एवं गंगा समिति के सदस्य प्रदीप सक्सेना।

### जन्मदिन पर किया पौधरोपण संरक्षण का भी लिया संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नमित सदस्य पर्यावरण एवं गंगा समिति एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने अपने जन्मदिन पर शिव शक्ति मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन पर रुद्राक्ष का पौधा लगाया व इसके संरक्षण का संकल्प लिया।





**हम नहीं सुधरेंगे :** महानगर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस अनेक व्यवस्थाएं कर रही है। लेकिन, फिर भी यातायात व्यवस्था नहीं सुधर रही है। महानगर में जिस चौराहे पर चले जाओं वहां आपको जाम का सामना करना पड़ेगा। यह दो तस्वीर पीलीकोठी व जैन मंदिर तिराहे की है, जहां बुधवार की दोपहर जाम से लोग जूझते नजर आए । ● अमृत विचार

# सुबह शाम की बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

## बुधवार की सुबह बारिश के बाद दोपहर में गर्मी से अकुलाए लोग, शाम को फिर तेज बारिश से सुहाना हुआ मौसम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को एक तरफ हल्की बारिश से जहां थोड़ी राहत मिली तो दिन में तेज धूप और उमस ने लोगों का पसीना निकाल दिया। शाम को हवा के साथ हुई तेज बारिश से लोगों को राहत मिल गई और मौसम सुहाना हो गया।

पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस से लोग बेहाल हैं। न दिन को चैन न रात को सकून। तेज धूप से लोगों का पसीना निकल रहा है तो उमस से लोग बेचैन हो गए हैं। घर और बाहर हर जगह लोग भीषण उमस से परेशान रहे। बुधवार को सुबह हल्की बारिश से थोड़ी राहत मिली। लेकिन, 10 बजे के बाद तेज धूप ने फिर गर्मी और उमस बढ़ा दी। पूरे दिन लोग गर्मी व उमस से अकुला गए। लेकिन, शाम छह बजे के करीब अचानक हवा के झोंके के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को राहत मिली। हवा चलने से मौसम सुहाना हो गया।

सुबह और शाम को हल्की बारिश से तापमान गिर गया। अधिकतम तापमान कम होकर 29.5 और न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 97 प्रतिशत रहा। 3.7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पूरब दिशा से हवा चली। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह 15 मिलीमीटर बारिश मुरादाबाद में हुई। शाम को फिर बारिश होने से लोगों को राहत मिलेगी। गुरुवार को भी हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इसके बाद फिर मौसम सामान्य हो जाएगा। मानसून की तेज बारिश का अभी अनुमान नहीं है।



बुधवार की शाम आकाश में छाए काले बादल। ● अमृत विचार



थोड़ी देर की बारिश के बाद तहसील स्कूल रोड पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### वज्रपात से सुरक्षा के लिए अपनाएं सावधानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिले के नागरिकों के लिए वज्रपात से बचाव और सुरक्षा के लिए सावधान करते हुए एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी ने बताया कि आमतौर पर वज्रपात होने की सबसे अधिक संभावना ऊंचे इलाके जैसे पहाड़ या कोई ऊंचे पेड़ पर होती है। इसके साथ ही उन इलाकों में भी वज्रपात की संभावना होती है जहां पानी अधिकांश मात्रा में उपलब्ध हो। बिजली के लिए पानी एक कंडक्टर के रूप में काम करता है इसलिए पानी के स्रोत के आसपास वज्रपात होने का खतरा अधिक होता है।

### खेत में काम करने के दौरान बिजली गिरे तो क्या करें

यदि आप खेत खलिहान में काम कर रहे हैं और किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाएं तो सबसे पहले आप जहां है वहीं रहें। हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे–लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें। दोनों पैरों को आपस में सटा लें, दोनों हाथों को घुटनों पर रख कर अपने सिर को जमीन को तरफ झुका लें। अपने कान बंद करें और सिर को जमीन से न सटने दें, जमीन पर कभी भी न लेटें। आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाने के लिए फ्री में राज्य हेल्पलाइन नंबर 108 (टोल फ्री) पर कॉल करें।

### बचाव के उपाय

- यदि आप खुले स्थान पर हैं तो जल्द से जल्द किसी पक्के मकान में शरण लें।
- सफर के दौरान अपने वाहन में ही रहें।
- यदि आप जंगल में हों तो छोटे एवं घने पेड़ों के नीचे चले जाएं।
- बिजली की सुचालक वस्तुओं व धातु से बने कृषि यंत्र डंडा आदि से अपने को दूर कर लें।
- घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाने की व्यवस्था करें।
- स्थानीय रेडियो व अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें।

### दामिनी ऐप से लें वज्रपात की सही जानकारी

केंद्र सरकार ने वज्रपात से पहले अलर्ट देने के लिए दामिनी ऐप लॉन्च किया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक जन सामान्य के साथ ही यह किसानों के लिए भी फ़ायदेमंद है। इस ऐप की मदद से बिजली गिरने की सही जानकारी मिलती है और लोगों को सुरक्षित होने के लिए कदम उठाने में मदद मिलती है।

# जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को सात साल की सजा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 2007 में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ था मुकदमा
- आरोपियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार:** जनपद संभल के थाना बनियाठेर में जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को कोर्ट ने दोषी मानते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है। मुरादाबाद में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट संदीप गुप्ता ने दोनों पर सजा के अलावा 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

संभल के थाना बानियाठेर क्षेत्र के गांव भाटौर निवासी डल्लू की तहरीर पर कोर्ट में शिकायत के बाद थाने में 26 फरवरी 2007 को रिपोर्ट दर्ज हुई थी। तहरीर में कहा गया कि डल्लू के खेत से सटे नरौली के छोटे सिंह के खेत हैं। खेत की मेढ़ को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद पांच नवंबर को डल्लू अपने खेत में पानी देकर वापस लौट रहा था। तभी बीच रास्ते छोटे व उसके बेटे जितेन्द्र प्रताप सिंह ने डल्लू पर हमला बोल दिया। इससे पहले हमलावरों ने उनसे गाली गलौज की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर बंदूक की बट से मारने लगे और तमंचा व दोनाली बंदूक से फायर किया। संयोग से वह बच गया। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट संदीप गुप्ता की अदालत में चल रही थी।। विशेष लोक अभियोजक आनंद पाल सिंह ने बताया कि अदालत ने साक्ष्य के आधार पर पिता-पुत्र को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है व 30-30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## प्रोत्साहन राशि को दिव्यांग दंपति करें आवेदन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए 2023- 24, 2024-25 में विवाह करने वाले आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए विभाग की ओर से ब्लॉक स्तर कैंप लगा कर योजना के बारे दिव्यांगजनों को प्रेरित किया जा रहा है। आवेदन करने वाले दंपति में से युवक के दिव्यांग होने पर 15,000 रुपये और युवती के दिव्यांग होने पर 20,000 रुपये तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में 35,000 रुपये की धनराशि सरकार की ओर प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। विभाग की ओर आवेदन करने की वेबसाइट दी गई है। आवेदक इस वेबसाइट पर http://divyangjan.uppsdc.gov.in ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की एक कॉपी एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में करनी होगी।

# निगम के अधिकारियों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महानगर के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर नगर निगम के कर्मचारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। महानगर अध्यक्ष रवि चौधरी ने नगर निगम के दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी।

बुधवार को कलेक्ट्रेट पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम के दो अधिकारियों पर कार्रवाई रोकने के बदले में पैसा वसूलने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के महानगर अध्यक्ष रवि चौधरी ने दोनों अधिकारियों पर पार्टी की एक महिला पदाधिकारी के साथ बदसलूकी करने और 20 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर उनकी संपत्ति की जांच कराने व उन पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में इन पर कार्रवाई नहीं की गई तो विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल भी की जाएगी।

धरना में पूजा मिश्रा, अमित चौधरी, मनोज कुमार, सतीश ढल, आकाश शर्मा, अक्षत गोयल, आशु चौधरी, मनीष जैन, जतिन रॉय, हर्ष चौधरी, सौरभ गिरी, चिंटू, गोविंदा, अमन आदि मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ता।

- सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन
- नगर निगम के दो अधिकारियों पर लगाया वसूली का आरोप

# अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** राहुल गांधी पर जाति आधारित टिप्पणी से नाराज कांग्रेसियों ने बुधवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ जिला कार्यालय के बाहर गुरहट्टी चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने अनुराग ठाकुर के पुतले को आग के हवाले करने की कोशिश, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस से कांग्रेसियों की नोकझोंक हुई।

बुधवार को कांग्रेसी जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां उन्होंने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में राहुल गांधी पर दिए जातिगत वक्तव्य को लेकर उनकी आलोचना की। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि भाजपा केवल धर्म व जातियों के सहारे राजनीति कर रही है। उसके मंत्री भी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हर दिन नए विवाद पैदा करते रहते हैं। इसके बाद कांग्रेसी गुरहट्टी चौराहे पर पहुंचे और अनुराग ठाकुर के पुतले को फूंकने लगे लेकिन, पुलिस कर्मियों ने उनसे पुतला छीनकर अपने कब्जे में ले लिया। इस बीच दोनों ओर से खींचतान व छीना छपटी होने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान अनूप दुबे, श्यामसरन, अनुराग शर्मा, अजय सारस्वत सोनी, अरशद परवेज, विवेक गुप्ता, सुधीर पाठक, अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि, तबस्सुम खान, विवेक अग्रवाल, शिवराज गुर्जर, भयंकर सिंह बौद्ध, सतीश दिवाकर, गुलवेज सिद्दीकी, अकरम खान, अनिल गुर्जर, कामिल मंसूरी, मोहम्मद मुस्लिम, सबा सैफी, मंगल सेन, वाहिद हुसैन, अनवर अली, शहजाद खान आदि मौजूद रहे।



गुरहट्टी चौराहे पर कांग्रेसियों से अनुराग ठाकुर का पुतला छीनती पुलिस। ● अमृत विचार

## एसडीओ एसके सिंह को निलंबित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इन दिनों बिजली विभाग के डिवीजन प्रथम में हलचल बनी हुई है। दिल्ली रोड के एक एक्सपोर्टर के काम में बेवजह की लापरवाही बरतने पर डिवीजन में निलंबन और तबादले का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब एसडीओ एसके सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले चेयरमैन की ओर से एक्सईएन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस्ती तबादला कर दिया गया था। वहीं इसके बाद अब एमडी आफिस ने दिल्ली रोड पर तैनात जेई दिनेश कुमार को मंगलवार को निलंबित कर दिया। अब बुधवार को एसडीओ एसके सिंह को भी निलंबित कर दिया। दोनों को जांच पूरी होने तक बुलंदशहर मुख्य अभियंता आफिस में संबद्ध कर दिया है। अधीक्षण अभियंता मुनीश चोपड़ा ने बताया कि चंद्रनगर के एसडीओ राणा प्रताप को क्षेत्र का चार्ज सौंपा गया है। जबकि आवास विकास के जेई शैलेंद्र प्रताप को क्षेत्र के जेई का कार्यभार दिया गया है।

# एसएसपी ने 63 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एसएसपी सतपाल अंतिल ने मंगलवार की देर रात 63 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए कई चौकियों के इंचार्ज बदल दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइंस से दरोगा सीताराम को रिट सेल, राजेंद्र कुमार को छजलैट, शरद कुमार को डिलारी, सुभाष कुमार सिंह को सिविल लाइंस, शांति स्वरूप को कुंदरकी, कल्याण सिंह को मझोला, महेश पाल सिंह को एसएसआई थाना छजलैट, सलाउद्दीन को नागफनी, दीपक कुमार को कुंदरकी, संजीव कुमार, रवींद्र सिंह भाटी को मूंढापांडे, मुकेश कुमार को मूंढापांडे, देवेंद्र उपाध्यक्ष को मैनाठेर, शेरपाल, दुलीचंद, प्रदीप कुमार को कुंदरकी, अशोक कुमार को मैनाठेर थाना भेजा है। दरोगा अखिल कुमार को पुलिस लाइन से थाना डिलारी की जलालपुर चौकी इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसी तरह से चौकी इंचार्ज कस्बा बिलारी नीतेश सहरावत को चौकी इंचार्ज दांग थाना नागफनी, विपिन तोमर को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कस्बा बिलारी, योगेश कुमार चौकी इंचार्ज दांग से चौकी इंचार्ज दससराय, थाना कटघर नियुक्त किया गया है। चौकी इंचार्ज दस सराय देवेंद्र सिंह को चौकी इंचार्ज फकीरपुरा सिविल लाइंस, महिला दारोगा रीता तेवतिया को चौकी फकीरपुरा से चौकी इंचार्ज फैजगंज मुगलपुरा, अंकुर सिंह को चौकी फैजगंज से थाना मैनाठेर, सोमपाल सिंह चौकी इंचार्ज मकबरा, थाना कटघर से चौकी इंचार्ज काशीपुर तिराहा कटघर बनाया गया है। चौकी इंचार्ज काशीपुरा तिराहा ओम शुक्ला को चौकी इंचार्ज लालबाग बनाया गया है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।



BRACHYTHERAPY
24 Channel



PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### ड्यूटी पर जा रहे सिक्योरिटी गार्ड को कार ने रौंदा, मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव तेवर खास के पास साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे सिक्योरिटी गार्ड को कार ने रौंद दिया। हादसे में घायल गार्ड की उपचार के दौरान मौत हो गई। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी 35 वर्षीय मनोज उर्फ महिपाल पुत्र रामपाल सिंह कमालपुर गांव में स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था। बुधवार सुबह 6 बजे वह साइकिल से तेवरखास के पास पहुंचा। इस बीच तेज रफ्तार कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मनोज को गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी नीरू व दो बेटे अनुराग और प्रतीक का रो-रोकर बुरा हाल था।

### तमंचा समेत युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस ने ग्राम चक फाजलपुर से शाकिर पुत्र भूरा कुरैशी निवासी ग्राम चक फाजलपुर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

# जर्जर व उबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरेंगे कांवड़िये

## शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने नहीं ली सुध, मार्ग की मरम्मत न होने से आक्रोश

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर स्योहारा हाईवे पर जगह-जगह गहरे गड्ढे व उबड़ खाबड़ पथरीला मार्ग कांवड़ियों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने हाईवे पर इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे लोगों में रोष है।

नगर में मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिवमढी मंदिर से तिकोनिया पार्क तक व तिकोनिया पार्क से कदीर तिराहा, कमलापुरी चौराहा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, रामपाल द्वारा से रतुपुरा मोड, रामनगर खागु वाला, शरीफ नगर, सूरज नगर हाईवे पर बारिश के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर मार्ग उखड़ जाने के कारण पत्थर बाहर निकल आए हैं। वहीं बारिश से गड्ढों में पानी भर गया है और कई जगह कीचड़ का रूप ले लिया है। इस मार्ग से शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये गुजर रहे हैं। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि दो सोमवार बीत चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं। शिकायत के बाद भी मार्ग को दुरुस्त नहीं कराया गया है। उन्होंने शीघ्र ही मार्ग की मरम्मत की मांग की है।



ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर मार्ग पर रतुपुरा मोड पर जर्जर मार्ग से गुजरते वाहन चालक।



ठाकुरद्वारा में हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए रवाना होते शिवभक्त। ● अमृत विचार

### 80 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार के लिए हुआ रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विगत वर्षों की भांति इस बार भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित मेरी कांवड राष्ट्र के नाम कार्यक्रम में ठाकुरद्वारा के विभिन्न गांवों के शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। बुधवार को भारत माता विश्व का सिरमौर बने, हमारा राष्ट्र शक्तिशाली राष्ट्र हो आदि के संकल्प के साथ 80 भोले सुरजननगर से हर हर महादेव के जयघोष के साथ पवित्र गंगाजल लाने के लिए भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में हरिद्वार रवाना हुए। ये शिवभक्त सोमवार (5 अगस्त) को प्राचीन मड़ी मंदिर ठाकुरद्वारा में जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में ब्लॉक प्रमुख वीर सिंह सैनी, कपिल कुमार, ग्रंथ सिंह, सुरेश कुमार, दुष्यंत कुमार, नरेश सिंह, श्योराम सिंह, विपिन कुमार, रघुवीर सिंह, आशीष चौधरी आदि मौजूद रहे।

### भोले के जयकारे लगाते मंजिल की ओर बढ़ रहे कांवड़िये

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को कांठ क्षेत्र से शिवभक्त बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। पुलिस भी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में लगी हुई है। कांवड़िये हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। जो शुक्रवार को शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। बुधवार को बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, आदि स्थानों के कांवड़िये बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए कांठ क्षेत्र से होकर गुजरे। कांवड़ियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर पुलिस ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। निर्धारित प्वाइंटों पर पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार तक अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।



नगर से गुजरता कांवड़ियों का जत्था।

## सार-संक्षेप



जर्जर सड़क को ठीक कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### सड़क पर गंदगी से ग्रामीण परेशान, ठीक कराने की मांग

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम फरेहैदी के निवासियों ने सड़क पर पसरी गंदगी को लेकर जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना था कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामवासियों का आरोप है कि ग्राम पंचायत और ब्लाक स्तर से जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए कोई भी कदम नहीं उठाए गए हैं। जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव के ही ठाकुर रंजीत सिंह ने बताया कि यह सड़क हर साल खराब हो जाती है। हर बार मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है। जर्जर सड़क के कारण हर रोज कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। यह सड़क सैफपुर चितू डोमघर, कमालपुर, गदीपुर आदि गांव से होकर निकलती है। जिससे आसपास के गांवों के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभाग के अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की।

### कांठ विधायक ने विस में उठाया बस्तियों को हटाने का मुद्दा

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ विधायक ने मुरादाबाद में बस्तियों को उजाड़ने का मुद्दा विधानसभा में उठाते हुए बस्तियों को पुनर्स्थापित करने की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मुरादाबाद के वारसी नगर, नवाबपुरा, लालबाग, चक्कर की मिलक, जामा मस्जिद आदि इलाके में बसे लोगों को नोटिस देकर उनके घरों को अवैध बताने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यहां पर पिछले 50-60 सालों से लोग रह रहे हैं, उनके पास रजिस्ट्री हैं बिजली के बिल हैं। लोगों द्वारा हाउस टैक्स भी जमा किया जाता है। नगर निगम द्वारा यहां सड़कें बनाई गई हैं। विद्युत विभाग द्वारा बिजली की व्यवस्था की गई है। विधायक ने कहा कि एक तरफ तो सरकार लोगों को आवास देने की बात करती है वहीं दूसरी तरफ लोगों के आवास को उजाड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के आवासों को न तोड़ा जाए तथा उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।



विधानसभा में बोलते विधायक कमाल अख्तर।



समीक्षा बैठक में बोलते उप गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

### उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना समिति में की समीक्षा बैठक

**कांठ, अमृत विचार :** बुधवार को उप गन्ना आयुक्त ने कांठ गन्ना समिति में स्योहारा एवं रानी नांगल मिल के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना विकास परिषद ठाकुरद्वारा एवं अगवानपुर, त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल के ग्राम ईसापुर, मुलबान और पट्टीमोड़ा में सर्वे सट्टा प्रदर्शन का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद समिति कांठ में चीनी मिल रानी नांगल व स्योहारा एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समय से डिस्प्ले करते हुए समस्त संशोधन करने को भी कहा। बैठक में अपर सांख्यिकी अधिकारी मुरादाबाद, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ, महाप्रबंधक गन्ना रानी नागल मिल एवं स्योहारा मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, मिली राहत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बुधवार को झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। कई दिनों से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो गए थे। बुधवार की तड़के अचानक पांच बजे मौसम ने करवट बदली और देखते आसमान में काले बादल छा गए। जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश का यह सिलसिला शाम को भी चला। जिससे लोगों ने उमस से राहत महसूस की। इस दौरान तहसील बस स्टैंड से लेकर कोतवाली रोड, बुध बाजार, नगलिया रोड, रामलीला रोड, मोहल्ला ताली में जल योजना के तहत खोदी गई पानी की लाइनों के गड्ढो में पानी भर गया। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में नगर पालिका के पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की मगर कार्यदायी संस्था ने महज खानापूर्ति की।

# ऊमरी चौराहे पर लगी वाहनों की कतार

**संवाददाता, छजलैट**

**अमृत विचार :** कांवड़ बेड़ों के कारण जगह-जगह पर भारी वाहनों को पुलिस द्वारा रोका जा रहा है। जिससे सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

कांठ तहसील क्षेत्र में हरिद्वार से कांवड़िये अपने बेड़ों को लेकर अलग-अलग मार्गों से अपने गंतव्य स्थान को जा रहे हैं। कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। जिसके चलते ऊमरी कलां चौराहे पर कांठ-अमरोहा मार्ग पर दोनों तरफ तीन किलोमीटर तक बड़े-बड़े वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। ट्रक चालक रविंद्र कुमार ने बताया कि वह इलाहाबाद से सामान लेकर सहारनपुर जा रहा है, लेकिन जगह-जगह पर कांवड़ के चलते ट्रक को रोका जा रहा है।

जिससे काफी असुविधा हो रही है। बड़े वाहनों को ऐसी जगह पर रोकते हैं जहां पर खाने पीने की सुविधा भी नहीं है।

इसी प्रकार से सरदार परविंदर सिंह ने बताया कि वह बरेली से लुधियाना जा रहा है, लेकिन जगह-जगह पर पुलिस द्वारा ट्रकों को रोक दिया जाता है, जिसमें काफी कीमती सामान भरा हुआ है। कहीं छोड़कर भी नहीं जा सकते। भीषण गर्मी में परेशानी का समय करना पड़ रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि रात्रि में 10 बजे के बाद ट्रकों को निकाला जाएगा।




ऊमरी चौराहा पर कतार में खड़े ट्रक। ● अमृत विचार

### पिकअप की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**भगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के रोशनपुर भट्टे के नजदीक बुधवार की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत हो गई।

भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अटरिया निवासी नासिर अली (35) पुत्र इब्ले हसन बुधवार को ई-रिक्शा में सवारियां भरकर बहेड़ी रोशनपुर की तरफ गया था। बताया गया कि वहां सवारियों को छोड़कर वह घर आ रहा था। जैसे ही वह रोशनपुर भट्टे के नजदीक पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई रिक्शा दूर जाकर गिरा व नासिर अली गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पत्नी रहमत जहां सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पांच बच्चे हैं।

### बिजलीघर में मशीन की मरम्मत के चलते पूरे दिन गुल रही बिजली

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के पास बिजलीघर से नगर को आपूर्ति करने वाली मशीन की मरम्मत के चलते बुधवार को पूरे दिन बिजली गुल रही। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को 7 बजे मशीन ठीक होने पर आपूर्ति सुचारू हो पाई।

रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर स्थित 33/11 केवीए के बिजली घर से कांठ में बिजली आपूर्ति होती है। वर्तमान में बिजली घर में दो फीडर संचालित हो रहे हैं। इनमें एक तहसील फीडर और दूसरा टाउन फीडर है। बिजली घर पर स्थापित मशीन अंग्रेजों के जमाने की है। जो वर्तमान में नगर के लोड को सहन नहीं कर पा रही हैं। बुधवार को मुरादाबाद की टीम द्वारा सुबह से ही दोनों फीडरों की मशीनों के उपकरण एवं रिले डालने का कार्य किया गया। टीम द्वारा मशीनों की मरम्मत भी की गई।

जिसके चलते पूरे दिन नगर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे उपभोक्ताओं को पूरे दिन परेशानी का सामना करना पड़ा। मशीन ठीक होने पर शाम को लगभग 7 बजे आपूर्ति बहाल की गई। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि सुबह से ही दोनों फीडरों की मशीनों की मरम्मत के चलते नगर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। एसडीओ ने बताया कि मशीनों में कुछ उपकरण नए डलवाए हैं। जिसके चलते इतना समय लग गया। शाम 7 बजे तक नगर की बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई।



बैठक में निर्देश देते तहसीलदार आनंद कुमार नायक। ● अमृत विचार

# लंबित शिकायतों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** तहसीलदार ने लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियानों एवं लंबित शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश भी दिए।

बुधवार को तहसील सभागार में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि जो अभियान शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं। उनका शत प्रतिशत अनुपालन करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चकरोड से संबंधित शिकायतें लगातार आ रही हैं। ऐसे मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह पाल, गजेंद्र पाल सिंह, लेखपाल अली हुसैन, पुष्पराज सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैली निकालकर बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए किया प्रेरित

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतहसील क्षेत्र के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों को स्कूल में जाने के लिए प्रेरित किया गया। बुधवार को बहोरनपुर नरौली स्थिति प्रेम शांति इंटर कॉलेज द्वारा नरौली मोहम्मद हयातपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। जिसमें प्रधानाचार्य विजय पाल राघव ने अभिभावकों से बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने को जोर दिया। इस दौरान रैली में राधा, गोरी, आकांक्षा ,मीरा ,अनीता, विनीता, योगेंद्र, सुमितकुमार, विशेष विनय, लक्ष्मण ,अनिकेत आदि छात्र बैनर लेकर नारे लगाते हुए लोगों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस दौरान कालेज का स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।

## खुले में खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह ने नगर में निरीक्षण किया। साथ ही खाद्य पदार्थ बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए व सभी के पंजीयन एवं लाइसेंस चेक किए।

बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य पदार्थ की दुकानों पर उनके लाइसेंस, स्वच्छता एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही सभी दुकानदारों से अपने-अपने लाइसेंस एवं पंजीयन पत्र दुकानों पर उचित स्थान पर लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन व्यापारियों ने अपने लाइसेंस एवं पंजीयन नहीं कराए हैं, वह तत्काल बनवाले अन्यथा 2 लाख से 10 लाख रुपये तक का अर्थदंड लग सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि दुकानों के आसपास गंदगी न होने दे व साफ-सफाई का अवश्य ध्यान रखें। बाद में व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ बैठक कर पंजीयन एवं लाइसेंस बढ़ाने में सहयोग मांगा। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल, अनिल अग्रवाल, नवनीत कुमार, सूयांश गोयल, मोहित सिंघल, जुल्फिकार अली, मोहम्मद रिजवान ,फुरकान अली, मोहम्मद जीशान, सलीम अहमद, मोहम्मद हारुन, परवेज अहमद, नावेद अली, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में व्यापारियों के साथ बैठक करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

### बच्चे को बेरहमी से पीटा कार्रवाई की मांग की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में स्कूल में बच्चे को बेरहमी से पीटने के मामले में परिजनों ने शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीलकपुर गुमानी निवासी कान्ता प्रसाद पुत्र जीराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र हैप्पी कक्षा 6 का छात्र है। स्कूल में दोपहर को हैप्पी पानी पीने गया था। तभी प्राइमरी अध्यापक सतीश यादव ने उसे बुलाकर मुर्गा बना दिया और बुरी तरह पीटा। घर पहुंचे छात्र ने घटना की शिकायत परिजनों से की। शिक्षक की पिटाई से छात्र की कमर पर नीले निशान पड़ गए थे। छात्र के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

**आयोजन** | शिव मंदिर में कथा व्यास ने 12 ज्योतिर्लिंगों की कथा सुनाई

# शिव महापुराण कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

- श्रावण मास में शिव महापुराण कथा सुनने से दूर होते हैं कष्ट
- कथा सुनने को मंदिर में काफी संख्या में मौजूद रहे भक्त

**अमृत विचार :** नगर के शिव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक ने तीर्थ सोमनाथ मंदिर का वृतांत सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए।

बुधवार को कथावाचक पं. नितिन भारद्वाज ने ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के स्थापना के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश को गज का मुख लगाया गया, तो वह गज बदन कहलाए और माता-पिता के रूप में पृथ्वी की सबसे पहले परिक्रमा करने के कारण अग्र पूज्य हुए। सभी देवी-देवताओं ने उनकी स्तुति की पर चंद्रमा मंद-मंद मुस्काए। क्योंकि उन्हें अपने सौंदर्य पर अभिमान था। यह बात गणेश जी समझ गए। क्रोध में आकर भगवान श्री गणेश ने चंद्रमा को श्राप दे दिया कि तुम काले हो जाओगे। इस पर चंद्रमा को अपनी भूल का एहसास हुआ और उसने गणेश जी से क्षमा याचना की। तब गणेश जी ने कहा कि सूर्य के प्रकाश से तुम्हें धीरे-धीरे अपना स्वरूप पुनः प्राप्त हो जाएगा, लेकिन भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी का दिन तुम्हें दंड देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। जो कोई व्यक्ति आज तुम्हारे दर्शन करेगा उस पर चोरी का झूठा आरोप लगेगा। इसीलिए भाद्रपद माह की शुक्ल चतुर्थी को चंद्र दर्शन नहीं किया जाता है। कथा व्यास ने कहा कि तब देवाधिदेव महादेव की चंद्रमा ने पूजा की। सोमनाथ मंदिर हिंदुओं के लिए एक पावन स्थल है। 12 ज्योतिर्लिंगों में इसका पहला माना जाता है। कहते हैं कि इसका निर्माण स्वयं चंद्रदेव सोमराज ने किया था। जब उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अपने श्राप को काटने के लिए प्रार्थना की। तभी से इसका नाम सोमनाथ रखा गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार शर्मा, वेद प्रकाश सिंह, अक्षय गौड़ ,मास्टर तन्नू सिंह, वेद प्रकाश सिंह, प्रियंका यादव, गीता शर्मा, प्रमोद देवी, शांति देवी, संतोष देवी आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा में शिव महापुराण कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रेमी युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर बाद में उसे ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर युवती ने आरोपी के खिलाफ एसएसपी व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा विश्नोई का एक युवक उसके गांव में अपनी रिश्तेदारी में आता जाता था। इसी दौरान उसकी युवक से जान पहचान हो गई। इस बीच युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसे एक होटल में बुलाया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी युवक ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। युवती ने आरोप लगाया कि अब युवक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। युवती ने परेशान होकर जब युवक के परिजनों से इसकी शिकायत की तो उन्होंने भी मारपीट कर भगा दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने अधिकारियों से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, रामपुर**

पत्रांकः- 695 /हे०वे०से०-732-2019-20/2024-25 दिनाक 29-07-2024

**विज्ञप्ति**

निम्नानुसार आवश्यकता है (स्थानीय अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी)

| क्रमांक | पद नाम | पदों की संख्या | नियुक्ति का प्रकार | शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक महिला | 01 बिलासपुर | एक मुश्त मासिक पारिश्रमिक 5000.00 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों से साढे पाँच वर्षीय कोर्स बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी०एन० वाई०एस०) डिग्री धारक को वरीयता। अथवा 2 बी०ए०योग तीन वर्षीय डिग्री धारक / बी०एस०सी० योग तीन वर्षीय डिग्री धारक / एम०एस०सी०व (योग) डिग्री धारक। कार्य अनुभव 1 वर्ष अथवा 3. पी०जी० डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम का डिप्लोमा धारक। कार्य अनुभव 2 वर्ष |

नोट- आवेदन कर्ता आवेदन प्रारूप दिनाक 15 अगस्त 2024 तक सीधे क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय जिला पंचायत परिसर रामपुर से एवं कार्यालय के फेसबुक पेज District Ayush Soceity Rampur से प्राप्त कर सकते हैं उक्त चयन प्रक्रिया वाकिंग साक्षात्कार के माध्यम से की जानी है जिसका साक्षात्कार दिनांक की जानकारी सभी को उनके ई-मेल अथवा फोन पर पृथक से दे दी जायेगी। हैल्थ वेनलनेस सेण्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।
2. कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी०जी०डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त ही मान्य होगा।
3. योग प्रशिक्षक महिला को महिला समूह के लिए प्रति सत्र न्यूनतम 01 घंटे के साथ 20 योग कक्षाए आयोजित करने होगे। 4. कार्यकाल की अवधि- राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा स्वीकृत एक वर्ष के लिए अनुबन्धित किये जायेंगे। राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य न्यूनतम 15 दिन का अन्तराल अनिवार्य रूप से रखा जायेगा। संबन्धित योग प्रशिक्षक को 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने की तिथि तक ही अनुबन्ध किया जा सकेगा। 5. तैनाती का प्रकार-यह नियुक्तियों न तो किसी सृजित पद के विरुद्ध है और न ही यह नियमित तैनाती है। अतः ऐसे आबद्धीकरण के सम्बंध में अन्य योजनाओं जैसे राष्ट्रीय आयुष मिशन (एन०ए०एम०) द्वारा समय-समय पर जारी एवं प्रचलित निर्देशों के अनुसार ही कार्यवाही की जायेगी। 6. ये नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसाइटी उ०प्र०. शासन (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) / निदेशक आयुर्वेद तथा कार्यान्वयन समिति रामपुर के अध्यक्ष/मुख्य विकास अधिकारी रामपुर द्वारा बिना किसी नोटिस के बिना कारण बताये किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। 7. अभ्यर्थियों द्वारा अहर्ता सम्बन्धित निर्धारित प्रमाण पत्र / अंक पत्र / जाति प्रमाण पत्र / मूल निवास प्रमाण पत्र एक एक स्वयं हस्ताक्षरित छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर साक्षात्कार के समय साथ में लानी होगी आबद्धीकरण में चयन वाकिंग साक्षात्कार के आधार पर किया जायेंगा।

डा० पुष्पेन्द्र सिंह
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, रामपुर

## एक नजर

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान कराने की मांग

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गोदापुरी निवासी बिलकीस ने बताया कि उसके पति नन्हे अली नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान 27 अक्टूबर 2022 को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। पति की बीमारी का इलाज का चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए आवेदन पालिका कार्यालय में किया था। पालिका कार्यालय के जिम्मेदारों ने भुगतान करने के लिए उन्हें झूठा आश्वासन दिया। जिलाधिकारी से शीघ्र प्रतिपूर्ति भुगतान कराने की मांग की है।

### साइबर क्राइम टीम ने तीन लोगों के रुपये कराए वापस

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के गांव सैजनी नानकार निवासी मोहम्मद महबूब ने थाना साइबर क्राइम में एक शिकायती पत्र दिया था। खाते से 12,000 रुपये निकालने की बात कही थी। साइबर क्राइम टीम ने धोखाधड़ी कर निकाली गई धनराशि 12 हजार उसके खाते में वापस करा दी है। स्वार के रहने वाले कुमार संभव ने बताया कि उसके खाते से 25,50,000 की धनराशि निकाल ली गई थी। साइबर क्राइम टीम ने उसके रुपये वापस कराए हैं। मिलक निवासी अरुण कुमार ने शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसके खाते से 77254 रुपये की धनराशि निकाल ली थी।

# झमाझम बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव

## मौसम सुहाना होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत, फसलों को भी हुआ लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में बुधवार सुबह झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत तो मिली। लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जलभराव होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दिनभर हवा चलती रही।

एक सप्ताह से हो रही उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ नजर आ रही थी। लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे थे। पारा बढ़ने पर स्कूलों में बच्चे बेहोश हो गए थे। इस बीच बुधवार सुबह एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को राहत मिली। बारिश के पानी से नाले, नालियां ओवरफ्लो हो गईं। गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। सर्राफ बाजार, पहाड़ी गेट, महिला डिग्री कॉलेज, बिलासपुर गेट, शौकत अली रोड, कचहरी रोड, ज्वालानगर, अजीतपुर, सांई विहार और पहाड़ी गेट, रोडवेज वर्कशॉप, गांधी समाधि, हाथीखाना, नालापार, मोरी गेट में जलभराव हुआ। जलभराव होने पर पालिका के अधिकारियों ने पम्पिंग सेट चलवाकर पानी की निकासी कराई। पालिका के अधिकारियों ने शहर के मोहल्लों में स्थिति का जायजा लिया। मोहल्लेवासियों ने उनसे शिकायत की। उधर, बारिश से फसलों को पानी मिल गया। इससे किसान खुद नजर आए।



बारिश के बाद रोडवेज वर्कशॉप में भरा पानी। ● अमृत विचार



किला क्षेत्र में छाता तानकर जाते बाइक व साइकिल सवार। ● अमृत विचार

> बारिश होने से जिन क्षेत्रों में जलभराव की शिकायत आई थी, वहां कर्मचारियों को भेजकर जलनिकासी कराई दी गई। लोगों से अपील है कि नाले, नालियों में कूड़ा न डालें। वे कर्मचारियों को ही कूड़ा दें।
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

### शुतरखाना में गिरी कच्चे मकान की छत

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज क्षेत्र के मोहल्ला शुतरखाना में महिला के कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से घर का सामान नष्ट हो गया। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति जख्मी नहीं हुआ। शुतरखाना निवासी शाहीन दोमहला रोड स्थित एक स्कूल में नौकरी करती हैं। उनके घर में एक कमरा और आंगन है। बुधवार सुबह साढ़े सात बजे कमरे की कच्ची छत भराभराकर गिर गई। उस समय शाहीन स्कूल में थीं। उन्हें घर की छत गिरने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचीं। छत का मलबा डबल बेड और फ्रिज पर गिर गया। इससे घर का कुछ सामान नष्ट हो गया है।



मलबे के पास मौजूद महिला।

## सार संक्षेप

### समारोह में नर्सिंग अधीक्षक सिस्टर को दी विदाई

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में नर्सिंग अधीक्षक सिस्टर का कार्यकाल पूरा होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा ने उपहार भेंट किए। सविता ढिल्लो को नर्सिंग अधीक्षक सिस्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अस्पताल में सिस्टर अनीता शर्मा का एक साल से अधिक का कार्यकाल रहा। पहले यहां अनीता सिंह की तैनाती थी। उनका तबादला होने के बाद अनीता शर्मा की जिम्मेदारी मिली थी। बुधवार को वह भी सेवानिवृत हो गईं। विदाई समारोह में पैरामेडिकल स्टॉफ ने उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान नेत्र रोग सर्जन शम्मी कपूर और डॉ.एसएस झा ने विचार व्यक्त किए।

### नगर में पालिका की टीम ने चलाया वसूली अभियान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर के उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नगर पालिका परिषद का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक कर बड़े बकायदारों की जानकारी ली। पालिका स्टाफ को वसूली, अतिक्रमण हटाने में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की टीम ने नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम व बड़े बकायदारों से बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया।



चेकिंग कराते एसडीएम व अन्य।



जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### रैली के माध्यम से स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने बताया कि सभी लोगों को स्वच्छता की आदत अपने जीवन में नियमित रूप से लागू करनी चाहिए। राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को संचारी रोग माह के अंतर्गत छात्राओं ने प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल के नेतृत्व में गंज क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। लोगों को संचारी रोगों से बचाव व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली में शमीम खान, कल्पना सिंह, रेनू देवी, पूजा, तबस्सुम, खदीजा, बबीता गुप्ता, नाजिया, राकेश कुमार, नितिन कुमार आदि रहे।



बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने पर चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने प्रधानाचार्यों के साथ बैठक कर छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन्स्पायर अवार्ड योजना के बारे में जानकारी दी। छात्र- छात्राओं का डाटा यू डायस पर अपडेट करने, स्पोर्ट्स फॉर के क्रियान्वयन के लिए विकसित पोर्टल पर विद्यालयों, खिलाड़ियों व खेल शिक्षकों के ऑनलाइन पंजीकरण के बारे में बताया। राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज के सभागार में बुधवार को जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक हुई। इसमें डीआईओएस मुन्ने अली ने प्रधानाचार्यो को आपदा प्रबंधन, डीबीटी एवं छात्रवृत्ति, सीखने के बारे में बताया। पेयजल, कंप्यूटर कक्ष निर्माण, विज्ञान प्रदर्शनी, प्रदेश के बाहर एक्सपोजर विजिट, उपचारात्मक शिक्षण, ऑनलाइन शिक्षण की जानकारी दी। प्रधानाचार्या रचना चतुर्वेदी, अरविन्द भास्कर, तृप्ति माहौर, एसआरजी (गणित) सुधीर यादव ने भी विचार रखे। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय कुमार, शरद कुमार डॉ. अरविंद गौतम, चन्द्र शेखर यादव, शिवशंकर, डॉ. वेदपाल तोमर, डॉ. शालू कौशल, डॉ. गीता सैनी आदि उपस्थित रहे।



एसपी के साथ मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### टीम ने बरेली जोन में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** अंतर्जनपदीय पुलिस भारोत्तोलन आयोजन 24 से 26 जुलाई तक जनपद बदायूं में किया गया था। इसमें रामपुर की टीम ने पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में एक गोल्ड, एक सिल्वर व एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जोन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भारोत्तोलन प्रतियोगिता में एक गोल्ड व दो सिल्वर के साथ जोन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। योगा प्रतियोगिता में जिले की टीम ने बरेली जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक ने टीम का उत्साहवर्धन किया।

# ओवरलोडिंग से दम तोड़ रहे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। इससे विद्युत निगम के अधिकारी और उपभोक्ता परेशान हैं।

जिले में तीन माह में 250 से ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। विद्युत निगम के स्टोर में भी ट्रांसफार्मरों का संकट है। ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मरों के केबल में आग लग रही है। विद्युत निगम के अधिकारियों ने 400 से अधिक ट्रांसफार्मर बदलकर ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगवाने का दावा किया था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शहर के ज्वालानगर, शाहबाद गेट, शौकत अली रोड समेत कई क्षेत्रों में अभी भी कम क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे हैं। इसके चलते आए दिन बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या हो रही है। बताया गया कि पिछले दिनों शौकत अली रोड पर एक ट्रांसफार्मर की लीड में आग लग गई थी। मिस्टन गंज में 200 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों में ओवरलोडिंग के चलते आग लग गई थी। सिविल लाइंस क्षेत्र में 200 केवीए के ट्रांसफार्मर की लीड में आग लग गई थी। अधीक्षण अभियंता महफूज आलम ने बताया कि जिले में अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे जा रहे हैं।

### 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखा जाए

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा है कि गांव भुर्जी की मंडैया काशीपुर में 25 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। अधिक लोड होने से आए दिन फुंक जाता है। इससे सप्ताह भर तक आपूर्ति नहीं मिलती है। गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के बारे में कई बार खौद बिजलीघर के एसडीओ को बताया गया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब 63 केवी का ट्रांसफार्मर रखा जाए।

### नगर समेत 32 गांवों में बिजली आपूर्ति रही बाधित

**मसवासी अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के बीच बुधवार दोपहर टांडा से दढ़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवीए लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। इससे मसवासी नगर समेत चाउपुरा, भूबरा, बिजारखाता सीतारामपुर अलीगंज रहमतगंज मिलक नोखरीद, हसनपुर उत्तरी, कुंदनपुर चौहद्दा, मोतीपुरा, खोद, खानपुर उत्तरी, शिकारपुर, किशनपुर, मौलागढ़, धर्मपुर उत्तरी, मंसूरपुर, खुशहालपुर, घोसीपुरा, पट्टी कला समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। 33 हजार केवीए लाइन में फाल्ट तलाशने के लिए बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। इस बीच कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हुई। अवर अभियंता विकास संतोषी ने बताया की ब्रेकडाउन दूर करने के लिए लाइनमैन टीम को पेट्रोलिंग के लिए मौके पर भेजा गया है। शीघ्र ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## आधार कार्ड अपडेट करने के लिए अवैध वसूली पर हंगामा

**मसवासी, अमृत विचार:** आधार कार्ड अपडेट करने के लिए अवैध वसूली को लेकर हंगामा हो गया। ग्रामीणों का गुस्सा देखकर जनसेवा केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट कर रहे लोग भाग गए।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में आधार अपडेट कराने के लिए लोग जनसेवा केंद्रों में जुट रहे हैं। बुधवार को क्षेत्र के गांव बिजारखाता में एक जनसेवा केंद्र पर आधार कार्ड अपडेट करने के लिए 300 रुपये प्रति व्यक्ति से अवैध वसूली की जा रही थी। कुछ ग्रामीणों ने इसे लेकर एतराज जताया। ग्रामीणों ने जनसेवा केंद्र संचालक पर अवैध वसूली का आरोप लगाकर हंगामा किया। विरोध को देखकर आधार कार्ड अपडेट कर रहे लोग भाग गए। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम से करके जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# बिजली कटौती से परेशान लोगों ने किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** गर्मी के बीच नगर में अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों व नगर पंचायत अध्यक्ष ने बिजली घर पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने जेई के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीओ ने जेई को हटाने का उन्हें आश्वासन दिया तो वे शांत हो गए।

नगर में तीन दिन से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे नाराज सैकड़ों लोग मंगलवार रात शाहबाद-बिलारी रोड चौराहे पर जुट गए। सूचना के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान भी अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंच गए। विद्युत निगम के जेई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बिजली घर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। सूचना के बाद हलका इंचार्ज दिनेश पाल सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसडीओ से बात की। एसडीओ ने नगर पंचायत अध्यक्ष को जेई का तबादला करने व व्यवस्था सही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान फौजी सुशील कुमार जोशी, बृजेश कुमार, शाहिद हुसैन, अबरार हुसैन, मसरूर अहमद, वसी मोहम्मद आदि रहे।



धरने पर बैठे नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान और नागरिक। ● अमृत विचार



शिकायती पत्र दिखाते भुर्जी की मंडैयान के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# भुर्जी गांव में जलभराव को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भुर्जी की मंडैयान में जलभराव, टूटी सड़कों को लेकर कलेक्ट्रेट में बुधवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर जलभराव की समस्या के समाधान का मांग की।

ब्लॉक सैदनगर क्षेत्र के गांव भुर्जी की मंडैयान के ग्रामीण बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने गांव में जलभराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया कि गांव में विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। रास्ते कच्चे हैं। नरेश के घर से राकेश के घर तक का रास्ता, अतर सिंह की चक्की से लेकर दिलीप के घर तक जलभराव है। इससे लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में विशाल, संजय, विकास, मोनिस, राकेश कुमार, सतपाल, भूरा आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय के गमलों में मिला लार्वा

**रामपुर, अमृत विचार:** केंद्रीय विद्यालय में गमलों में मलेरिया विभाग की टीम को लार्वा मिला। टीम ने सूखी सड़क पर इसे नष्ट कराया। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने कहा कि स्कूल, कार्यालय, संस्थानों के भवन, घर के आसपास जल को एकत्र न होने दें। जल जमाव वाले क्षेत्र में केरोसिन या जला मोबिल डालें।

बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी ने केन्द्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया। बताया कि एनोफिलीज और क्यूलेक्स मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। एडीज एजिप्टी मच्छर साफ पानी में प्रजन्न करते हैं। एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से मलेरिया हो जाता है। इससे बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों में दर्द होता है। इस दौरान डॉ. कुलदीप सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बल्लू सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर शंकर सिंह, अखिलेश कुशवाहा, रिंकू वर्मा, शाहिद खां आदि मौजूद रहे।

# एक ही रात में तीन घरों में लूटपाट व चोरी

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने एक घर में चोरी और दो घरों में सो रही महिलाओं के कानों से कुंडल खींच लिए। चोरी और लूटपाट से लोग दहशत में हैं।

क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी गुलशन मंगलवार रात घर के आंगन में सो रही थीं। आरोप है कि रात 12 बजे एक बदमाश उसके घर में घुस आया। महिला के कानों से कुंडल और दुरिये खींच कर ले गया। बताया कि कुंडल खींचते समय महिला की चीख निकल गई। तभी बदमाश घर के दरवाजे से जंगल की ओर फरार हो गया। इसके अवाला चोर गांव निवासी जद्दन के घर में घुस गए। गृह स्वामी ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ घर की छत पर सो रहा था। उसकी पत्नी नन्हीं घर के आंगन में सोई थीं। आरोप है कि रात एक बजे चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए। घर में रखा संदूक, नौ हजार रुपये की नकदी चुराकर ले गए। जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस गांव के कुछ लोगों को लेकर संदूक तलाशने के लिए जंगल में गई। तलाश करने पर जंगल में संदूक खुला मिला। पीड़ित के अनुसार चोर संदूक में रखे दो सोने के हार समेत तीन तोले के जेवर चुराकर ले गए। इसके बाद बदमाश गांव निवासी मुस्लिम के घर में जा घुसे। पीड़ित की सास ने बताया कि वह अपनी बेटी शहजादी और नवासी नाजुक के साथ घर के आंगन में सो रही थीं। आरोप है कि रात में कुछ बदमाश दीवार फांदकर उसके घर में आ धमके और तीनों महिलाओं के कानों से कुंडल और दुरिये खींचकर लूट ले गए। चीख पुकार होने पर जब घर वालों की नींद खुली तो बदमाश मुख्य दरवाजे के रास्ते भाग निकले। पुलिस ने सभी वारदात वाले घरों पर जाकर मामले की जानकारी ली है। थाना अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि घटना होने की जानकारी मिली है, तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



सामान दिखाते गृह स्वामी जद्दन।

● **चकफेरी गांव में बदमाशों और चोरों ने मचाया उत्पात**

**क्रिकेट** टीसीएल सीजन टू की ट्रॉफी रहमानी क्लब ने जीती, विजेता टीम को किया गया सम्मानित

# रहमानी क्लब ने किंग कलंदर को 19 रन से हराया

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** टीसीएल सीजन टू की ट्रॉफी रहमानी क्लब ने जीत ली है। फाइनल मुकाबले में रहमानी की टीम ने किंग कलंदर को 19 रन से हराया। विजय टीम को अतिथि ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

दौगपुरी टांडा के बगिया ग्राउंड में आठ दिन से चल रहे टीसीएल सीजन दो का फाइनल मुकाबला किंग कलंदर बनाम रहमानी क्रिकेट क्लब की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानी क्रिकेट क्लब ने 15 ओवरों 192 रन बनाए। अंजर बारी ने 24 गेंदों में पांच छक्के और चार चौकों की मदद से 54 रन और ओपनर अमन जुनैद ने दो छक्के और एक चौके की मदद से 24 रन बनाए। ऑलराउंडर अफ्फान ने मात्र 19 गेंदों में चार छक्के और दो चौके की मदद से 38 व कप्तान कारी सईद ने मात्र 10 गेंदों में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 26 रन बताए। 192 रनों का पीछा करते हुए किंग कलंदर की ओर से अब्दुल रजाक ने 29 गेंद पर 7 छक्के एवं चार चौकों की मदद से 86 रनों की पारी खेली। कलंदर की टीम 173 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अफ्फान को दिया गया। ग्राम प्रधान सगीर अहमद ने विजय टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रिजवान अख्तर, हाशिम बंजारा, नईम, इरफान, इकराम अली, मोहम्मद अफजाल आदि मौजूद रहे।




ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

## समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट हों किसान

**रामपुर, अमृत विचार:** भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि समस्याओं के निराकरण के लिए किसानों को एक जुट होना पड़ेगा। चमरौआ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं की किसी को चिंता नहीं है। उन्होंने संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया।

कोयला टोल प्लाजा पर बेमियादी धरने को सफल बनाने के लिए भाकियू ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में किसानों ने चमरौआ क्षेत्र के कई गांवों में भ्रमण कर लोगों से संपर्क किया। भाकियू ने सावन के बाद नैनीताल हाईवे स्थित कोयला टोल प्लाजा पर बेमियादी धरने का एलान किया है। धरने में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की। मिलक मिर्जा फैयाज, ढक्का हरैटा, नगला गणेश, खंडिया, धनपुरा, कुकड़ी खेड़ा, वाजितपुर गांव में पंचायतें कीं। इस मौके पर सरफराज, अनीस, फैजान, मुराद अली, नौशाद, भगवानदास, शकील अली, फरमान अली, छिद्दा नेता, सीनल आदि रहे।

# अजादारों ने अलम के जुलूस में किया मातम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बीमार- ए- कर्बला हजरत जैनुल आबेदीन की याद में शहर के मोहल्ला कटकुइया स्थित इमामबाड़ा महमूद हुसैन उर्फ जॉनी मियां से अलम का जुलूस बरामद हुआ। यह जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ इमामबाड़ा मुकाबिर उल मोमेनीन पहुंचा। अंजुमनों ने नोहाख्वानी और मातम किया।

अलम का जुलूस शाम चार साढ़े बजे निकाला गया। इससे पहले हुई मजलिस में मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि 10 मोहर्रम को कर्बला में यजीदी फौज ने हजरत इमाम हुसैन समेत उनके 72 साथियों को भूखा प्यासा रखकर शहीद कर दिया था। इमाम हुसैन ने हजरत अली असगर को कर्बला की तपती रेत पर रख दिया था। लेकिन किसी को तरस नहीं आया। इमाम हुसैन ने अली असगर को अपनी गोद में उठाया। तभी यजीद की फौज ने तीर चला दिए थे। इमाम हुसैन ने जैसे ही बच्चे के गले से तीर खींचा तो वह शहीद हो गए। इसके बाद शाम-ए-गरीबा में यजीद की फौज ने इमाम हुसैन के खेमों में आग लगा दी। सिर्फ हजरत जैनुल आबेदीन बचे थे। हजरत इमाम हुसैन की बहन हजरत जैनब ने बीमार-ए-कर्बला हजरत जैनुल आबेदीन से इजाजत मांगी कि अब बाहर निकलें। 40 साल तक वह कर्बला के शहीदों को याद कर रोते रहे। इसके बाद 24 मोहर्रम को हजरत जैनुल आबेदीन को भी शहीद कर दिया गया। इस मौके पर असलम महमूद, इफ्तेखार अहमद उर्फ निक्कू, मसूद जैदी, अकबर रिजवी, कमल रिजवी, मीसम अब्बास, आदिल हसनैन, चांद मियां, जहीर उर्फ रब्बो और यावर हुसैन समेत भारी संख्या में अकीदतमंद शामिल रहे।



अलम के जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

## एक नजर

### रायपुर में विद्यालय के ताले तोड़कर सामान चुराया

**स्वार, अमृत विचार:** रुस्तमनगर के पास रायपुर के कंपोजिट विद्यालय के ताले तोड़कर चोर एलईडी, बैटरा खेल का सामान चोरी कर ले गए। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार को स्कूल बंद करने के बाद स्टाफ घर चला गया। रात किसी समय चोरों ने स्कूल के ताले तोड़े और अंदर घुस गए। उन्होंने स्मार्ट क्लास में लगी एलईडी, इन्वर्टर का बैटरा व खेल का सामान चुरा लिया। बुधवार सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो वारदात की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र मौर्या ने ग्राम प्रधान को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। दरोगा ने घटनास्थल का मुआयना किया है।

### पुलिस टीम ने मीट की दुकानों की जांच की

**शाहबाद, अमृत विचार:** पुलिस टीम ने कस्बे का भ्रमण किया। सीओ ने बताया कि मीट की दुकानों को लेकर आपत्तियां मिल रही थीं। बुधवार को पुलिस टीम को कस्बे में भेजा गया। नगर में मीट की दुकानों की जांच की गई। लेकिन कोई दुकान खुली नहीं मिली।

# पंचायत उप चुनाव में छह अगस्त को होगा मतदान

● जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट किए गए नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में छह अगस्त को मतदान होगा। इसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी, (पंचायत) जोगिन्दर सिंह ने बताया कि उप चुनाव की प्रक्रिया के तहत छह अगस्त को मतदान होगा। सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होगी। मतदान कराने वाले कर्मचारियों की रवानगी विकास खंड मुख्यालय से पांच अगस्त को सुबह 11 बजे होगी। विकास खंडों में पांच अगस्त की सुबह 10 बजे से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप चुनाव में मतदान व मतगणना को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए अधिकारियों को जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के रुप नियुक्त किया गया है। विकास खंड चमरौआ क्षेत्र में ग्राम पंचायत मडैयान कली के प्रधान पद पर चुनाव कराने के लिए प्राथमिक पाठशाला मडैयानकली में जोनल मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सदर एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी चमरौआ को नियुक्त किया गया है। स्वार में प्रधान पद पर चुनाव के लिए धनौरी प्राथमिक पाठशाला, जूनियर हाईस्कूल, कैशोनगली प्राथमिक पाठशाला कैशोनगली में जोनल मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी स्वार व सेक्टर मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी को नियुक्त किया गया है। मिलक क्षेत्र में गांव हुरमतनगर में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए प्राथमिक विद्यालय में जोनल मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी मिलक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

## परिषदीय विद्यालयों का समय बदलने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह व जिला महामंत्री रामचंद्र के बताने पर प्रदेश अध्यक्ष ने बेसिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर स्कूलों का समय बदलवाने की मांग की है।

इस समय कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है। दोपहर 12 बजे के बाद उमस व गर्मी बढ़ जाती है। विद्यालयों में विद्यार्थी बेहोश होने से चिंतित यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विद्यालयों का समय सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने बेसिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर विद्यालयों का समय बदलने की मांग की है। साथ ही विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने का आग्रह किया है।

## जिले में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए सोमवार शाम तक लागू रहेगी व्यवस्था

# बदले मार्गों से गुजरे भारी वाहन, पुलिस तैनात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कोसी पुल पर तैनात पुलिस टीम। ● अमृत विचार



कांवड़ लेकर आता शिवभक्त।

**अमृत विचार:** जिले में कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मंगलवार रात से रूट डायवर्ट कर दिया गया। भारी वाहनों को बदले मार्गों से गुजारा गया। रोडवेज की बसों और छोटे वाहनों को कोसी नदी के पुल के रास्ते से ही गुजारा जा रहा है। सोमवार शाम तक रूट डायवर्ट रहेगा।

कांवड़ियों के जत्थे जल लेकर आने शुरू हो गए हैं। कुछ जत्थे जल लेने के लिए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात है। सावन का तीसरा सोमवार पांच अगस्त को है। बुधवार को बड़ी संख्या में कांवड़िये रवाना हुए और जल लेकर वापस आए। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सक्रिय हैं। सुरक्षा के लिहाज से मुख्य चौराहे पर पुलिस तैनात है। कोसी पुल पर पुलिसकर्मी भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। टीआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर मंगलवार रात से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। रोडवेज की बसों और छोटे वाहनों को कोसी नदी के पुल के रास्ते से ही गुजारा जा रहा है।

### भक्तों ने शिव मंदिर में किया रुद्राभिषेक, भंडारा भी हुआ

**रामपुर, अमृत विचार:** मिस्टन गंज के मोहल्ला कूचा देवी दास स्थित शिव मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारे लगाकर शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। इसके बाद रुद्राभिषेक और भंडारा हुआ। मंदिर में पूजा अर्चना की गई। शिव मंदिर में बहुत से शिवभक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, मेवा, फल, मिष्ठान चढ़ाकर सुख शांति की कामना की। मंदिर में पंडित अरविंद मिश्रा ने रुद्राभिषेक कराया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सेवादार वीरेंद्र गर्ग, अशोक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मंजुल अग्रवाल, चित्रांशु जैन, गौरव जैन, अनुपम गर्ग, रिंकू गर्ग, अंकित गर्ग, चिराग गर्ग, पराग गर्ग आदि मौजूद रहे।

# डूंगरपुर के एक और मामले में आजम खां सहित छह आरोपी बरी

## घर में घुसकर लूटपाट, छेड़खानी और जानलेवा हमला करने के मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर क्षेत्र में घर में घुसकर लूटपाट, छेड़खानी और जानलेवा हमला करने के मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां सहित छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आजम खां कोर्ट में पेश हुए।

स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया था कि उसने मोहल्ला डूंगरपुर में 200 गज का भूखंड खरीदा था। वह उसमें मकान बनवाकर परिवार सहित रह रहा था। आरोप था कि छह दिसंबर 2016 को 10 बजे सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, दरोगा फिरोज खां, परवेज आलम, इमरान खां, सज्जाद खां, अब्दुल्ला परवेज शम्सी गालियां देते हुए घर में घुस गए थे। इन लोगों ने दंपति के साथ मारपीट की थी। विरोध करने पर इकराम खां ने तमंचे से फायर कर दिया था। दरोगा फिरोज खां, आलेहसन, अब्दुल्ला परवेज ने महिला के साथ छेड़खानी की थी। आरोपियों ने कहा था कि हम आजम खां के आदमी हैं। आरोप था कि घर में रखे आठ तोले चांदी, चार तोले सोना और 20 हजार रुपये नकद लूट लिए थे। इस संबंध में पीड़ित ने 19 अगस्त 2019 में मामला दर्ज हुआ था। इसमें आले हसन, बरकत अली, फिरोज दरोगा, परवेज आलम, इमरान खां, इकराम खां, सज्जाद खां, अब्दुल्ला परवेज शम्सी को आरोपी बनाया गया था। बाद में इस मामले में सपा नेता आजम खां का नाम भी शामिल किया गया था। इस मामले में 23 जुलाई को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई थी। बुधवार को कोर्ट ने आजम खां, आले हसन खां, अब्दुल्ला परवेज शम्सी, इमरान खां, इकराम खां, बरकत अली को बरी कर दिया। आजम खां के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में छह आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया गया है।

> डूंगरपुर के मामले में जो भी आरोपी थे, उनको दोषमुक्त किया गया है। अभी फैसले की कॉपी नहीं मिली है। उसका अध्ययन करने के बाद हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।
>
> –सीमा सिंह राणा, एडीजीसी

### 51 दिन में डूंगरपुर के दूसरे मामले में सपा नेता आजम खां को मिली राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने डूंगरपुर मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन खां और ठेकेदार बरकत अली सहित सभी 6 आरोपियों को बरी कर दिया है। हालांकि अन्य मामलों को लेकर आजम खां अभी भी जेल में ही रहेंगे। डूंगरपुर से जुड़े कुल 12 मामलों में से चार में आजम खां बरी हो चुके हैं, जबकि दो मामलों में उन्हें सजा हो चुकी है। 51 दिन में उनका यह दूसरा मामला है। उनको दो मामलों में सात साल और 10 साल की सजा हो चुकी है। सपा शासनकाल में आजम खां का रुतबा अलग ही था। उनके दौरे की जानकारी होते ही अधिकारी रास्ते खाली करा दिया करते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने आजम खां को घेरना शुरू किया तो मुकदमों की सूची लंबी होती चली गई। तभी से उनकी व उनके परिवार के लेगों की मुश्किलें बढ़ती रहीं। पहला मामला दो जन्मप्रमाण पत्र से जुड़ा है। अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां और डॉ. तजीन फात्मा को आरोपी बनाया गया था। इसमें कई वर्षों तक चली सुनवाई के बाद आजम खां की पत्नी और बेटे को 18 अक्टूबर 2023 को सात–सात साल की सजा सुनाई गई थी। आजम खां सीतापुर जेल में सजा काट रहे हैं। जबकि उनका बेटा अब्दुल्ला आजम हरदोई में सजा काट रह हैं। आजम खां के मामलों में सुनवाई चल रही है। 23 अक्टूबर के बाद आजम खां को डूंगरपुर के एक मामले में 24 मार्च को सात साल की सजा सुनाई गई थी। 30 मई को डूंगरपुर के एक और मामले में 10 वर्ष की सजा और 14 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। हालांकि 10 जून को डूंगरपुर के एक मामले में उनको बरी कर दिया गया। 51 दिन के बाद आजम खां के डूंगरपुर से जुड़े मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह दिन उनके लिए राहत भरा रहा।

### फिरोज खां सहित दो लोगों की फाइल चल रही अलग

डूंगरपुर से जुड़े कुछ मामलों में दरोगा फिरोज खां को भी आरोपी बनाया गया है। बुधवार को डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में साक्ष्य के अभाव में छह आरोपियों को बरी कर दिया गया। इस मामले में दरोगा फिरोज खां और एक अन्य आरोपी की फाइल अलग चल रही है। जबकि एक आरोपी सज्जाद की मौत हो चुकी है।

### 12 गवाहों के दर्ज हुए थे बयान

डूंगरपुर से जुड़े इस मामले में 12 गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए थे ताकि आरोपियों को सजा मिल सके। लेकिन इस मामले में सभी बरी हो गए। आजम खां के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में 12 मार्च 2021 को लगी थी। जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ 19 दिसंबर 2021 को चार्जशीट लगी थी। सभी आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम 25 जुलाई 2022 को किया गया था। तभी से इस मामले में लगातार सुनवाई हो रही थी। बहस रोजाना हो रही थी।

### दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में बुधवार को कोर्ट में गवाह से जिरह हुई। अब इस मामले में सात अगस्त को सुनवाई होगी। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में वर्ष 2019 में पूर्व विधायकअब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया। इस मामले की सुनवाई एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। बुधवार को गवाह ऋषिपाल से जिरह हुई। लेकन यह पूरी नहीं हो सकी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अब इस मामले में अगली सुनवाई सात अगस्त को होगी।

# टॉफी दिलाने के बहाने दो बच्चों के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, मसवासी



घटनास्थल पर जुटी भीड़।

**अमृत विचार:** बाइक सवार युवक ने टॉफी दिलाने के बहाने दो बच्चों के अपहरण की कोशिश की। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो आरोपी जंगल के रास्ते पर बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना से परिजन दहशत में हैं। पुलिस आरोपी की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

मामला क्षेत्र के गांव बिजारखाता का है। इस गांव के निवासी बिजली लाइनमैन हरकेश कुमार के पांच वर्षीय बेटे निहाल और आठ वर्षीय भांजे शिवम को टॉफी दिलाने की बात कहकर एक बाइक सवार युवक ने उनका अपहरण करने की कोशिश की। आरोपी बाइक पर बैठाकर दोनों बच्चों को ले जाने लगा। घटना की सूचना मिलने ही ग्रामीणों ने उसकी घेराबंदी और शोर मचा दिया। इस बीच आरोपी नानकार-रानी गांव के रास्ते पर बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। बच्चे मिलने पर परिजनों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस आरोपी की पहचान करने को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष पर हमला, कार में तोड़फोड़

संवाददाता, मसवासी



तोड़े गए कार के शीशे।

**अमृत विचार :** बाइक सवार लोगों ने रास्ते में रोककर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष योगेश कुमार सैनी पर हमला कर दिया और उनकी कार में तोड़फोड़ की। हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देर शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

चौकी क्षेत्र के गांव मिलक-नौखरीद निवासी योगेश कुमार सैनी भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष हैं। बुधवार को वह अपनी स्कॉर्पियो से बच्चों के साथ काशीपुर जा रहे थे। पट्टीकलां के कोसी नदी पुल पर उन्होंने अपनी कार रोकी तभी पीछे से बाइक सवार युवक ने कार में टक्कर मार दी। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने हमला कर कार में तोड़फोड़ कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। योगेश कुमार सैनी ने बताया कि कार में उनके बच्चे भी बैठे थे। गनीमत रही कि हमले में बच्चों को चोट नहीं आई। पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

## पड़ोसी सगे भाइयों पर लगाया चोरी का आरोप

**भोट, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव धनुपुरा निवासी रहमत अली ने पड़ोसी सगे भाइयों पर चोरी करने का आरोप लगाया है। इस माममे में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

उसने पुलिस को बताया कि सोमवार रात वह अपने परिजनों के साथ घर में सो रहा था। सुबह पांच बजे पड़ोसी के घर चीख पुकार व चोरी की सूचना पर वह जाग गए और वह वहां चले गए। इसके बाद वह अपने घर लौटे तो उनके घर का सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में रखा एक बक्सा गायब था। सूचना के बाद डायल नंबर 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई। उनके घर से गायब बक्सा खेत में मिला। बक्से में रखे पांच लाख के जेवर व 80 हजार रुपये की नकदी गायब थी। किसान ने पड़ोसी सईम व आरिफ पर उनके घर में चोरी करने का शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# करंट से निजी स्कूल की बस के चालक की मौत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** करंट से स्कूल की



बस का चालक झुलस गया। उपचार के लिए सीएचसी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र के गांव सदराखेड़ा निवासी रक्षपाल सिंह (52) डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल की बस चलाते थे। बुधवार सुबह नौ बजे वह बच्चों को स्कूल छोड़कर बाहर सड़क पर घूम रहे थे। इस दौरान बिजली के तार नीचे लटक रहे थे। इन तारों को हटाने का प्रयास करने पर वह करंट से झुलस गए। स्कूल के स्टाफ झुलसे चालक को सीएचसी केंद्र लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सीएचसी के चिकित्सकों के खिलाफ दी गई तहरीर

**शाहबाद, अमृत विचार :** सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में सीएचसी के चिकित्सकों के खिलाफ तहरीर दी गई है। मृतका के बेटे ने आरोप लगाया कि उपचार में देर होने से उनकी मौत हुई थी। क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी भूरे सिंह के अनुसार 20 जुलाई को उसकी मां मोहन देवी शाहबाद की बाजार आई थीं। रास्ते में वह ई–रिक्शा से गिरकर जख्मी हो गईं। इसके बाद उन्हें सीएचसी ले जाया गया। आरोप है कि वहां कोई भी चिकित्सक उन्हें अटेंड करने नहीं आया। बाद में चिकित्सक ने बिना देख रेफर कर दिया। इससे उनकी मौत हो गई। उसने सीएचसी के दो चिकित्सकों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

## भाई-बहन को पीटने में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**भोट, अमृत विचार:** महिला व उसके भाई को पीटने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के टांडा हुर्रमतनगर मोहल्ला निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि मोहल्ला निवासी महबूब, इकरार हुसैन व नबी हसन से उसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। आठ मई को वह अपने भाई के साथ बाइक से रामपुर से लौट रही थी। जब दोनों खौदपुरा की पुलिया के पास पहुंचे थे तो यहां तीनों आरोपी उनके साथ मारपीट करने लगे थे। इस दौरान दरियागढ़ निवासी इब्ने अली के मौके पर आने पर आरोपी फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत आकिलपुर
# वि.ख. बिलासपुर जिला रामपुर

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./ सामग्री आपूर्ति / विकास कार्य/ निविदा/कुटेशन/2024 दिनांक : 31.07.2024

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आकिलपुर वि.ख. बिलासपुर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/ 15वां वित्त/राज्यवित्त व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/ गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द सीलबन्द निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.08.2024 से 07.08.2024 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 07.08.2024 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष संबंधित ग्राम पंचायत के कलस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम. पं. को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री को आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेडयूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.स. | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 2. | बालू रेत | घन मी. | |
| 3. | बजरफुट | घन मी. | |
| 4. | 20 एम.एम. बजरी, पत्थर | घन मी. | |
| 5. | 40 एम.एम. ईंट, रोड़ी | घन मी. | |
| 6. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति नग/हजार | |
| 7. | ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग/हजार | |
| 8. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 9. | इंटरलॉक टाइल्स 60 एम.एम. | प्रति नग | |
| 10. | पंचायत घर के आफिस इंप्रूवमेंटपु | प्रति नग/यूनिट | |
| 11. | पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 12. | दीवार टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 13. | फर्श टाइल्स | वर्ग मोटर | |
| 14. | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 15. | लोहे की ऐंगल/पाइप | प्रति कुन्टल | |
| 16. | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 17. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्गमीटर/नग | |
| 18. | मिटटी दूरी सहित | घन मी. | |
| 19. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी./वर्ग | |
| 20. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 21. | स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 22. | ई. रिक्शा | प्रति नग | |
| 23. | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 24. | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 25. | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति वर्ग मी. | |
| 26. | फैगिंग मशीन/स्प्रे मशीन | प्रति नग | |
| 27. | सी.सी. वेंच/डेस्क का वेंच | प्रति नग | |
| 28. | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 29. | कूड़ागाड़ी/ठेली एवं सफाई किट | प्रतिनग/यूनिट | |
| 30. | सोडियम हाइप्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमाक रोधकदवाएं | प्रति ली./किलोग्राम / प्रति पैकेट | |
| 31. | प्राइमर लोहा, लकड़ी | प्रति ली. | |
| 32. | डिस्टेम्पर, वाल पुटटी, पेंट, समोसम आदि | प्रति किलोग्राम/कुण्टल/लीटर | |
| 33. | पीवीसी पाइप एवं जी.आई. पाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 34. | हैण्डपम्म मरम्मत सामग्री | प्रतिनग/रनिंग मीटर | |
| 35. | हैण्डपम्म रीवोर सामग्री | प्रतिनग/रनिंग मीटर | |
| 36. | प्लाई एवं माइका | प्रतिनग/वर्गफुट/वर्ग मी. | |
| 37. | आरसीसी पाइप/हयूमपाइप | प्रतिनग/रनिंग मीटर | |
| 38. | वाटर कूलर आर.ओ. सहित | प्रतिनग | |
| 39. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रतिनग/रनिंग मीटर | |
| 40. | इन्सीनेटर | प्रतिनग | |
| 41. | प्लम्बरिंग सामग्री | प्रतिनग | |
| 42. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण | प्रतिनग | |
| 43. | इलैक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रतिनग | |
| 44. | लोहे का गेट/खिड़की | प्रति कु. | |
| 45. | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रतिनग/ली. | |
| 46. | ग्रास कटर | प्रतिनग | |
| 47. | अन्य सामग्री | प्रति घन मी. | |
| 48. | कम्पलीट कार्य | वर्गमीटर/घन मीटर/नग | |
| 49. | ओडीएफ+ से संबंधित समस्त कार्य | | |
| 50. | अंत्योष्टी स्थल | | |
| 51. | समूह शेड | | |

**नोटः**– यदि किसी भी फर्म/ सप्लायर / आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।

श्री गुरविन्दर सिंह, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत आकिलपुर
वि.खं.– बिलासपुर जनपद रामपुर

देवराज सिंह, सचिव
ग्राम पंचायत आकिलपुर
वि.खं.– बिलासपुर जनपद रामपुर


**बैठक** जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के तहत टंकी निर्माण की समीक्षा

# घरों में पानी पहुंचाने की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं को जनोपयोगी बनाने के लिए सितंबर तक घर-घर पानी की उपलब्धता कराएं।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के तहत कार्यदायी संस्थाओं की ओर से कार्य कराए जा रहे टंकी निर्माण, पूर्ण रूप से निर्मित टंकियों के हस्तांतरण और यूजर चार्जेज की वसूली को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। जल निगम के अधिशासी अभियंता से कहा कि कार्यदायी संस्थाएं ठीक से कार्य नहीं कर रही हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में टंकी निर्माण पूर्ण हो चुका है, उन्हें तत्काल हस्तांतरित कराए और उन पर ऑपरेटर की नियुक्ति करें। यूजर चार्जेज वसूलने में तेजी लाने के लिए जिला विकास अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी सचिवों, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ऑपरेटर के साथ बैठक करने के लिए कहा है। पानी की टंकी में आ रही खराबी या लीकेज, कम प्रेशर की वजह से जहां पानी नहीं पहुंच रहा है, उन समस्याओं के निराकरण के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी सभी ऑपरेटरों को ट्रेनिंग दें। इस दौरान जिला विकास अधिकारी दुष्यंत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पाइप लाइन में लीकेज ठीक कराने के निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने गांव काशीपुर आंगा में पानी की टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि पाइप लाइन लीकेज होने से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। डीएम ने मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी को पाइप लाइन ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिवों को गांव में नियमित रूप से सफाई करने के भी निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता, जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।



ज्ञापन देने जाते भमरौआ मंदिर के प्रमुख सेवादार व अन्य। ● अमृत विचार

# भमरौआ रोड पर लगवाई जाए लाइटें, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** भमरौआ मंदिर के प्रमुख सेवादार संदीप अग्रवाल सोनी ने जिलाधिकारी को लाइटें नहीं होने की समस्या बताई। रोशनी के लिए लाइटें लगवाने की मांग की।

संदीप अग्रवाल सोनी ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को ज्ञापन सौंपा। बताया कि भमरौआ मंदिर रोड पर नुमाइश ग्राउंड के पीछे पुलिया से मंदिर तक सड़क संकरी है। यहां रात्रि में अंधेरा रहता है। शिव भक्त प्रतिदिन जलाभिषेक करने मंदिर आते हैं। इसलिए सोलर लाइट व फोकस विद्युत पैनल लगाए जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल को भी एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उपेंद्र गुप्ता, मिलन सक्सेना, हरिओम सैनी, कमल वर्मा, अंकित सक्सेना, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाजपा नेता की जेब में काजू डालने का वीडियो वायरल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता का जेब में काजू रखवाते एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कहा जा रहा है कि यह भाजपा नेता भाजपा की जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारी हैं। जबकि उनकी जेब में काजू रखने वाला भाजपा का मंडल अध्यक्ष है। सोशल मीडिया में तेजी से वायरल वीडियो को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान का बताया गया है। जिसमें तत्कालीन सांसद के संबोधन के दौरान मंचासीन भाजपा नेता ड्राई फ्रूट चखते दिख रहे हैं और उनके जेब में कोई काजू डाल रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न चैनल्स पर वायरल वीडियो पर सपा समर्थक कमेंट कर रहे हैं। इधर, भाजपा समर्थक दोनों नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठा रहे हैं।

### ग्राम पंचायतों में चला सफाई अभियान

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सफाई अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत असगरीपुर, बाबूखेड़ा और बेला में अभियान चला। सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार के निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारी कार्य करते मिले। ग्राम पंचायत में नालियों और नालों को साफ कराया गया। जिससे गंदा पानी इकट्ठा न हो और संचारी रोग पनपने न पाएं।

### रास्ते के विवाद में चार लोग गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में रास्ते पर आने जाने के विवाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव सुनवर सराय निवासी विजेंद्र उसकी पत्नी जीतू व महेंद्र उसकी पत्नी संजो के बीच बुधवार को खेत पर आने जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विजेंद्र, जीतू, महेंद्र और संजो को हिरासत में ले लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

# कूड़ा कलेक्शन में फर्जीवाड़ा, छह पर रिपोर्ट दर्ज

## नगर पालिका में रहकर डीएम ने घंटों तक कराई कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के कार्य की गहन जांच

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** डीएम ने नगर पालिका में औचक निरीक्षण कर जांच पड़ताल की तो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के नाम पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। शासकीय धनराशि के गबन में एजेंसी के प्रतिनिधि व मैनेजर समेत छह के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं डीएम ने सरकारी कर्मचारियों की जगह प्राइवेट लोगों के द्वारा ड्यूटी करने व कई कर्मचारियों द्वारा उम्र में फर्जीवाड़ा करने जैसी कई अनियमितताऐं पकड़ी। दर्जनों कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटकी है।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने बुधवार को सुबह करीब 8 बजे अचानक संभल नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल की। कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की तो दर्जनभर बाहरी लोग सफाई कर्मियों के स्थान पर काम करते मिले उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डीएम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के कार्य को लेकर करीब चार घंटे तक गहनता से जांच पड़ताल कराई तो शासकीय धनराशि के गबन का खेल खुल गया। पालिकाध्यक्ष आशिया मुशीर को भी बुला लिया गया। डीएम के निर्देश पर लिपिक स्वास्थ्य विभाग हरीश कुमार ने कोतवाली में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एजेंसी श्री बालाजी स्टील एंड बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर्स के अधिकृत प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, उदित, मैनेजर अंकुश, सुपरवाइजर शारिक व इंतजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा है कि एजेंसी ने जून का मानदेय जिन कर्मचारियों को दिया उनकी सूची मुहैया कराई। जिसमें 246 कर्मचारी शामिल रहे लेकिन डीएम, एडीएम, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, नायब तहसीलदार, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने कर्मचारियों का मिलान किया तो 148 कर्मचारी मिले। जिससे प्रतीत हुआ कि एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई सूची फर्जी है। जो धनराशि नगर पालिका द्वारा एजेंसी के खाते में अंतरित की जा रही है वह कर्मचारियों को प्रदत्त नहीं की जा रही। शासकीय धन का भी गबन किया गया। कर्मचारियों को पैसे के साथ-साथ पीएफ भी जमा नहीं किया जा रहा। नगर पालिका द्वारा एजेंसी को जो वाहन उपलब्ध कराए गए वह जर्जर कर दिए गए। कहा कि एक जून 2020 को जो अनुबंध किया गया था, उसका पालन नहीं किया जा सका। वहीं ह्वाट्सएप के माध्यम से सुपरवाइजरों को गलत तथ्य भी प्रकाशित किए गए।

- जून में जितने कर्मचारियों को दिया मानदेय उनसे कम मौके पर मिले
- कर्मचारियों का पैसे के साथ पीएफ भी जमा नहीं किया जा रहा


कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के कर्मचारियों की जांच करते डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया।


नगर पालिका मैदान में पहुंचे कूड़ा कलेक्शन में लगे वाहन।

# डीएम ने घंटों तक खंगाले दस्तावेज, खुले कई मामले

- ईओ के कक्ष और एजेंसी के दफ्तर पर भी टीमों ने की जांच

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय में कई घंटों तक गहनता से जांच पड़ताल कर दस्तावेज खंगाले तो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एजेंसी द्वारा घालमेल के साथ ही पालिका में चल रही कई अनियमितताओं की पोल खुलती चली गई। ईओ के कक्ष के साथ ही एजेंसी के कार्यालय में दो टीमों ने जांच की। जिसे स्थिति स्पष्ट होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने सरकारी अमले के साथ बुधवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे संभल पहुंचकर पहले वार्ड 18 में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारी पैदल ही बाजार की तरफ निकले तो बाजार में एक दुकान के आगे स्लैब डालने के साथ पालीथिन लगाई जा रही थी। डीएम ने नाले के ऊपर स्लैब नहीं डालने की हिदायत दी। जिसके बाद आठ बजे डीएम नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करते हुए पाया कि सफाई कर्मियों के स्थान पर करीब दर्जन भर लोग काम कर रहे थे। जिन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी से जानकारी लेने के बाद कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के जिम्मेदारों को कर्मचारियों के साथ बुलाया लेकिन यह करीब दो घंटे के बाद पालिका कार्यालय पहुंचे। एजेंसी ने जो सूची मुहैया कराई उसके मुताबिक मौके पर काफी कम कर्मचारी मिले। अधिकारियों ने बाकायदा कर्मचारियों के नाम पते की जानकारी लेते हुए गहन जांच की। डीएम ने एजेंसी सुपरवाइजर का मोबाइल लेकर खुद जांच की तो अगली परत खुल गई। पता चला कि एजेंसी के कर्मचारियों के ग्रुप में एक मैसेज किया गया जिसे लेकर संदेह हुआ। डीएम के निर्देश पर एक टीम ने ईओ के कार्यालय में एजेंसी के कार्य को लेकर जांच की जबकि दूसरी टीम ने मुरादाबाद मार्ग पर स्थित एजेंसी के कार्यालय पर जांच में जुटी।

### एजेंसी के दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**संभल, अमृत विचार :** जब डीएम को संदेह हुआ कि कूड़ा कलेक्शन एजेंसी द्वारा घालमेल किया गया है तो उन्होंने एजेंसी के दो लोगों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया। इस बीच लोगों के पसीने छूट गए। कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के कार्य को लेकर गहन जांच शहर में चर्चा का विषय बनी रही।

### कर्मचारी बोले, एक छुट्टी करने पर कटता है दो दिन का मानदेय

**संभल, अमृत विचार :** पालिका परिसर में मौजूद एजेंसी के कर्मचारी अमित, राजकुमार, शिवम, रवि, राजपाल सिंह, आकाश आदि ने कहा कि उनका पीएफ जमा नहीं किया जा रहा। महीने में 8359 रुपये मिलते हैं। जबकि एक छुट्टी करने पर दो दिन का मानदेय काटा जाता है। कर्मचारियों ने नियमानुसार ही मानदेय देने और छुट्टी करने पर मानदेय काटने की मांग उठाई।

### कर्मचारियों की आयु को लेकर हुई मेडिकल जांच

**संभल, अमृत विचार :** उन सफाई कर्मियों को भी चिन्हित कराया जिनकी उम्र ज्यादा प्रतीत हुई। ऐसे 27 कर्मचारियों को टीम लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां कर्मचारियों की उम्र को लेकर मेडिकल जांच कराई गई। जिला प्रशासन की मंशा यही रही कि ज्यादा आयु वाले कर्मचारियों से काम न कराया जाए। जिन कर्मचारियों की आयु दस्तावेजों में कम है और मेडिकल में आयु ज्यादा है उनपर भी कार्रवाई हो सकती है।

### कोई कमी पाई जाती है तो कैसे वेरीफाई होता है बिल

**संभल अमृत विचार :** कूड़ा कलेक्शन एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने कहा कि रेगुलर कर्मचारियों के अलावा एफसी के कर्मचारी भी कार्य करते हैं। जो कर्मचारी प्रतिदिन दिहाड़ी लेते हैं और जो रोजाना ऑफिस आकर पैसे लेते हैं, यह एफजी के नहीं हैं। कर्मचारी बिना किसी अवकाश के लगातार काम करते हैं। प्रतिवर्ष करीब 78 कार्य दिवस होते हैं, जिनका पैसे पालिका द्वारा एजेंसी को नहीं दिया जाता। इनमें प्रमुख त्योहार और साप्ताहिक अवकाश हैं। 25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य पर खर्च होने वाला धन एजेंसी ही वहन करती है। यूजर चार्ज पालिका में जमा होने के बाद ही बिल होता है। मासिक बिल पूरी जांच के बाद ही पास होता है। ऐसे में किसी तरह की कोई कमी पाई जाती है तो किस तरह प्रत्येक महीने पालिका के अधिकारी व कर्मचारी अपनी फाइनल रिपोर्ट लगाकर पूरे बिल को वेरीफाई करते हैं।

## सार संक्षेप

### छुट्टा पशु से टकराई बाइक, एक की मौत


बंटी की फाइल फोटो।

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बहजोई रजपुरा लिंक मार्ग दो दोस्तों की बाइक सड़क पार कर रहे छुट्टा पशु से टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया। दोनों दोस्त बुधवार को जरुरत का सामान लेकर रजपुरा से आ रहे थे। थाना क्षेत्र के गांव न्यौरा निवासी बंटी 26 वर्ष व सनी हरिद्वार से डाक कांवड़ लाने के लिए जरुरत का सामान रजपुरा से लेकर मंगलवार की रात नौ बजे बाइक से घर आ रहे थे। रजपुरा बहजोई लिंक मार्ग पर गांव के पास स्थित सिद्ध मढ़ी के नजदीक सनी व बंटी की बाइक सड़क पार कर रहे छुट्टा पशु से टकरा गई। हादसे में बंटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सनी गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल सनी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर सनी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सनी व बंटी दोनों दोस्त थे और साथ साथ बुधवार को हरिद्वार से डाक कांवड़ लाने जाते कि इससे पहले हादसे में बंटी की मौत हो गई। बंटी की शादी तीन वर्ष पहले रुबी के साथ हुई थी। बंटी के संतान नहीं है।

### शिक्षकों ने शिवरात्रि पर अवकाश की मांग की

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सावन मास की शिव त्रयोदशी के उपलक्ष्य में जनपद में रूट डायवर्जन के चलते होने वाली समस्याओं को देखते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपकर शिवरात्रि पर अवकाश घोषित किए जाने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष मोहित सक्सेना के नेतृत्व में डीआईओएस दफ्तर पहुंचे पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम को सौंप कर कहा कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर रूट डायवर्जन के कारण छात्रों व अध्यापकों की असुविधा को देखते हुए शिवरात्रि के दिन अवकाश होना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रविंद्र कुमार शर्मा, जिला मंत्री मनोज रस्तोगी, जिला कोषाध्यक्ष मंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी पियूष वार्ष्णेय आदि रहे।


दिल्ली में अनन्या को मेडल पहनाते अतिथि। ● अमृत विचार

### संभल की अनन्या ने कुश्ती में जीता गोल्ड

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर पीपलवाला निवासी श्रवण कुमार शर्मा की पुत्री कुमारी अनन्या शर्मा दिल्ली में केन्द्रीय विद्यालय निकट एयर फोर्स तुगलकाबाद में कक्षा आठ की छात्रा है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन दिल्ली में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 12 जुलाई से 14 जुलाई तक किया गया था। कुश्ती प्रतियोगिता में कुमारी अनन्या शर्मा ने प्रतिभाग किया था। कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कुमारी अनन्या शर्मा ने गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व अपने गांव के साथ साथ जिले का भी नाम रोशन किया।

# करंट की चपेट में आकर छत से गिरी महिला, मौत

- नखासा थाना क्षेत्र के कसेरूआ गांव की घटना

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के गांव में दूसरी मंजिल पर झाड़ू लगाते समय छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर 38 वर्षीय महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए महिला के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव कसेरूआ निवासी परवीन की शादी 18 वर्ष पहले अमरोहा जिले के गांव बहादुरपुर निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी। परवीन के कोई संतान नहीं थी। बीमारी के चलते नौ वर्ष पहले परवीन के पति की मौत हो गई। पति की मौत होने के थोड़े दिन बाद ही परवीन मायके में आकर अपने भाई फुरकान के पास रहने लगी थी। बुधवार की सुबह साढ़े पांच बजे परवीन मकान की दूसरी मंजिल की छत पर झाड़ू लगा रही थी। अचानक वह पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई और करंट लगने की वजह से वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन परवीन को पहले संभल व बाद में उपचार के लिए मुरादाबाद लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने परवीन को दिल्ली रेफर कर दिया, लेकिन दिल्ली जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई।


गांव में मकान के बाहर हाईटेंशन लाइन।

# स्कूल में गर्मी से फिर बेहोश हुए दो छात्र

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** गर्मी और उमस के चलते बुधवार को गुन्नौर विकासखंड के गांव बाघऊ के प्राथमिक स्कूल में दो बच्चे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। बच्चों के बेहोश होने के बाद स्कूल स्टाफ में खलबली मच गई।

बुधवार को गांव बाघऊ के प्राथमिक विद्यालय में एक छात्र के बेहोश होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। प्रार्थना सभा के बाद बच्चे कमरों में पढ़ रहे थे, तभी पहली कक्षा का छात्र अरमान बेहोश हो गया। शिक्षक स्टाफ ने छात्र को खुले में पेड़ की छांव में लिटाया और उसके चेहरे पर पानी के छींटे डाले। लगभग आधे घंटे बाद छात्र को होश आया। करीब एक घंटे बाद कक्षा दो का छात्र अमित भी बेहोश हो गया शिक्षकों ने तुरंत छात्र के चेहरे पर पानी छिड़का और हाथ के पंखों से हवा की। कुछ समय बाद उसे होश आ गया। शिक्षकों ने परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना पर छात्रों के परिजन भी स्कूल पहुंच गए। प्रधानाध्यापक स्वराज वीर सिंह ने बताया कि दोनों छात्र गर्मी के कारण बेहोश हो गये थे, होश में आने पर परिजनों के साथ घर भेज दिया। गांव में दिन में बिजली नहीं मिल पाती, जिससे बच्चों को दिक्कत होती हैं। बच्चों का समय दोपहर 12 बजे तक किया जाना चाहिए।


बेहोश छात्र को होश में लाने का प्रयास करते अध्यापक व बच्चे।

### बदला मौसम, रिमझिम बारिश से मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** बुधवार को मौसम कभी सख्त और तो कभी नरम रहा। सुबह के वक्त आसमान में काले बादल छाए रहे तो दोपहर में भीषण गर्मी रही। शाम होने पर घनघोर घटा छा जाने पर रिमझिम बारिश शुरू हो गई। जिससे लोगों को राहत महसूस हुई।कई दिनों से प्रचंड गर्मी की वजह से लोग बेहाल रहे। असहनीय गर्मी के कारण लोग परेशान रहे।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती से लोग आक्रोशित

- ग्रामीण क्षेत्र में फसलों की सिंचाई से लेकर अन्य कार्य भी प्रभावित
- सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं उपभोक्ता

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित कटौती जारी है। उमस भरी गर्मी में पावर कट से लोग परेशान हैं। सुबह, दोपहर और शाम कभी भी बिजली गायब हो जाती है। जहां लोग परेशान हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र में कटौती की मार से फसलों की सिंचाई से लेकर अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बिजली की कटौती से त्रस्त लोग विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर विद्युत अव्यवस्था पर आक्रोश जताया है। चेयरमैन ने बताया कि बिना किसी सूचना रोजाना घंटों कटौती की जा रही है। जिससे जनसामान्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता कमल शर्मा ने कहा कि रात, दिन बिजली की आंख-मिचौली जारी रहती है। बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, कुछ पता नहीं रहता। मेडिकल एसोसिएशन के अनिल गुप्ता का कहना है कि गर्मी और उमस बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। बारिश हो नहीं रही है। पर्याप्त बिजली मिल जाए तो किसान कम से कम ट्यूबवेल चलाकर खेतों की सिंचाई कर सकते हैं। वहीं बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता महेश चंद्र विश्वकर्मा का कहना है कि डिवीजन के सभी 33 केवी उपकेंद्र अधिभारित हैं। मंगलवार को छह घंटे घोषित कटौती के अलावा डेढ़ घंटे अघोषित कटौती होने से शेड्यूल डिस्टर्ब हुआ। अब, रोस्टर के अनुसार फीडर वाइज आपूर्ति की जाएगी।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैं मीनाक्षी जैन अपने पति श्री अहमद अली खान नोएडा निवासी से सम्बन्ध विच्छेद होने के बाद मीनू खान से अपना पूर्व नाम मीनाक्षी जैन इस्तेमाल कर रही हूँ। भविष्य में मुझे मीनाक्षी जैन के नाम से ही जाना जाये।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मनीश कुमार गलत संगत में पड़ गया है। वह मेरी सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करना चाहता है। वह मेरे व परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है। मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए, सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उसके द्वारा किये गये लेन देन व कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। चन्द्रकिशोर सिंह पुत्र हंसा सिंह निवासी ग्राम- बरखेड़ा, वसंतपुर उर्फ दयानाथपुर तहसील- काठं, थाना- छजलैट जिला- मुरादाबाद (उ.प्र.)।

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम रियासत हुसैन दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड,पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रियासत दर्ज है, दस्तावेजों के अनुसार में अपने पासपोर्ट में पिता के नाम रियासत हुसैन की जगह रियासत दर्ज करा रहा हूं भविष्य में मुझे मोहम्मद आरिफ पुत्र रियासत के नाम से पुकारा जाए, मोहम्मद आरिफ पुत्र रियासत निवासी गांव व पोस्ट चौधरपुर अमरोहा।


### मां बेटे के साथ मारपीट का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव दिनौरा निवासी इसरार की पत्नी मुस्तकीम बानो बुधवार को घर के बाहर रास्ते में साफ सफाई कर रही थी। नाली में घर की ओर पानी को रोकने के लिए पड़ोसी ने प्लास्टिक की बोरी लगा रखी थी। मुस्तकीम बानो ने प्लास्टिक की बोरी नाली से निकालकर अलग रख दी। आरोप है कि इसी बात को लेकर मुहल्ले का व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो वह मुस्तकीम बानो पर थप्पड़ बरसाने लगा। मां को बचाने पहुंचा उसका बेटा पहुंचा तो व्यक्ति ने उसके साथ भी मारपीट की। मुस्तकीम बानो थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### एसपी ने मंदिरों और कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने सावन महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, सूर्यकुंड मंदिर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था, रूट डायवर्जन एवं कानून शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी आदि रहे।

### नशा मुक्ति रथ ने भ्रमण कर दिया संदेश

**संभल,अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्यालय राजस्थान से आये प्रचार रथ का शुभारंभ एसडीएम विनय कुमार मिश्रा द्वारा प्रचारक रथ को झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था को इस अद्वितीय पहल के लिए साधुवाद दिया और इस अभियान की सफलता की मंगलकामना की। मुख्यालय से आए भ्राता ब्रह्माकुमार यशवंत और नगर संभल के उप सेवा केंद्र की सेवा प्रभारी बीके सरला के साथ-साथ संस्था से जुड़े अनेक भाई बहनों की सहभागिता रही।

## अभिलेख नहीं देने पर सचिव पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल/रजपुरा अमृत विचारः** विकास खंड रजपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमालपुर डाडा निवासी लालता प्रसाद उर्फ लक्ष्मी ने पिछले वर्ष खंड विकास अधिकारी से ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत की जांच के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर पर टीम गठित हुई थी। एक माह में जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को देनी थी लेकिन तत्कालीन सचिव गौरीशंकर ने ग्राम पंचायत के वित्तीय वर्ष 2018-19, 2020-21 के चार्ज अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए। डीपीआरओ के पत्रों के बाद भी अभिलेख नहीं दिए गए।

सीडीओ ने सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। सचिव ने धनराशि आहरित कर दुरुपयोग किया जिस कारण अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए। इस प्रकरण में बीडीओ के निर्देश पर एडीओ पंचायत मोहम्मद फारूक ने सचिव के खिलाफ रजपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सांड़ से टकराकर पलटी शव लेकर जा रही एंबुलेंस, आठ लोग घायल

- दिल्ली से बदायूं जा रहे थे लोग, मेरठ बदायूं हाईवे पर हुआ हादसा
- गंभीर हालत देखकर दंपति को हायर सेंटर रेफर कर दिया

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर शव लेकर जा रही प्राइवेट एंबुलेंस अचानक आए सांड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गये। घायलों का सीएचसी जुनावई में उपचार कराया जा रहा है। डॉक्टर ने गंभीर हालत देखकर दंपति को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जनपद बदायूं के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की मीरा की चौकी निवासी सर्वेश (45 वर्ष) पुत्र राधेश्याम काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित था। जिसका इलाज दिल्ली के प्राइवेट अस्पताल में हो रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार को सर्वेश की मौत हो गई। परिजन सर्वेश के शव को प्राइवेट एंबुलेंस से लेकर घर जा रहे थे। देर रात करीब तीन बजे जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं-मेरठ हाईवे पर जुनावई पेट्रोल पंप के पास पहुंची एंबुलेंस के सामने सांड़ आ गया। सांड से टकराकर एंबुलेंस पलट गई।

हादसे में सर्वेश का भाई सुनील पुत्र राधेश्याम, सुनीता पत्नी सुनील, निर्मला पत्नी सर्वेश, अभी पुत्र सर्वेश, हंस पुत्र सर्वेश, जीतू पुत्र सर्वेश, आरती पुत्री जगतपाल और निधि पुत्री नरवेश घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पतरिया चौकी पर तैनात एसआई अजय कुमार और कांस्टेबल इमरान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में भर्ती कराया।

### मक्का से लदा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** बिलारी-आसफपुर मार्ग पर बरी चौराहा के निकट शहबाजपुर मोड़ पर मंगलवार की रात्रि बिसौली की तरफ से मक्का से लदा ट्रक आ रहा था। रोड की चौड़ाई कम होने तथा सामने से आ रहे वाहन को बचाते समय शहबाजपुर मोड़ पर ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि चालक और क्लीनर दोनों बाल-बाल बच गए। घटना के वक्त ट्रक के पास से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा हादसा बड़ा हो सकता था। बिलारी-आसफपुर मार्ग पर दारनी से स्योंडारा तक मार्ग की चौड़ाई कम होने तथा सड़क के दोनों और दलदल एवं बड़े गड्ढे हैं।


प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## एक नजर

### घर से खींच कर किशोरी से छेड़छाड़

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात्रि 14 वर्षीय किशोरी अपने घर में सो रही थी। देर रात किसी समय एक युवक दीवार फांद कर घर में घुस गया और सोते समय किशोरी को घर से खींच कर दूसरे घर में ले गया और छेड़छाड़ की। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने विजय निवासी भगतपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष संदीप बालियान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया है।

### ब्राह्मण शक्ति संघ का रक्तदान शिविर आज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण शक्ति संघ की एक बैठक प्रदेश कार्यालय गणेश कॉलोनी में आयोजित की गई। जिसमें गुरुवार को संघ द्वारा लगाए जा रहे रक्तदान शिविर पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने बताया कि एक अगस्त को ब्राह्मण शक्ति संघ रक्तदान शिविर आवास विकास स्थित एक मैरिज हॉल में दोपहर 3 बजे से आयोजन कर रहा है। जिसका समापन सांय 6 बजे किया जायेगा।

# टैबलेट नहीं मिलने पर विद्यार्थियों ने किया हंगामा

## भीड़ अधिक होने पर नहीं हो सका टैबलेट वितरण, मौके पर पहुंची पुलिस ने संभाली व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



एसएम कॉलेज में टैबलेट नहीं मिलने पर हंगामा करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज में छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण होना था, लेकिन अव्यवस्था के चलते कुछ ही विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जा सके। बाकी विद्यार्थियों ने टैबलेट नहीं मिलने पर हंगामा करना शुरू कर दिया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने पहुंचकर हंगामा कर रहे विद्यार्थियों को समझा-बुझा कर शांत किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और मामले को संभाला।

एसएम कॉलेज में 2182 छात्र-छात्राओं को बुधवार को टैबलेट वितरण किया जाना था। मगर शिक्षा विभाग से 2024 टैबलेट ही महाविद्यालयों को प्राप्त हुए। वहीं महाविद्यालय ने सभी छात्र-छात्राओं को सूचित कर बुधवार को टैबलेट लेने के लिए बुला लिया। दोपहर 12 बजे से दो बजे तक टैबलेट वितरण होना था। जिससे अधिकांश विद्यार्थी अपना-अपना टैबलेट लेने महाविद्यालय पहुंच गए। दोपहर दो बजे टैबलेट वितरण आरंभ किया गया। मगर विद्यार्थियों की भीड़ देख महाविद्यालय प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए। क्योंकि टैबलेट लेने के लिए काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एकत्रित हो गए और धक्का मुक्की का माहौल बन गया। यह देख महाविद्यालय प्रशासन ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने छात्र-छात्राओं से कतार में खड़े होने को कहा।

कुछ देर के लिए कतार लगी, मगर फिर से माहौल पहले जैसा हो गया और शोर-शराबा होने लगा। इस बीच कुछ ही विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जा सके। इसके बाद महाविद्यालय प्रशासन ने टैबलेट का वितरण रोक दिया। टैबलेट नहीं मिलने पर छात्र-छात्राओं ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिन्हें पुलिस व शिक्षकों ने बमुश्किल शांत कराया।

इस अवसर पर आकाश कुमार, सुनील, प्रवीन कुमार, उत्कर्ष, भानु प्रकाश, एकता शर्मा, आरती शर्मा, सुनैना, रेखा, दिव्या, हिमांशु, विकास, मुनेश, तनवीर, रोहित, जितेंद्र आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

> विद्यार्थियों की भीड़ अधिक होने पर टैबलेट वितरण में परेशानी हुई। जिससे वितरण कार्य बंद करा दिया गया। अब विद्यार्थियों को उनके विभागाध्यक्ष की ओर से सूचना दी जाएगी। उसके आधार पर छात्र-छात्राएं महाविद्यालय पहुंच अपना टैबलेट प्राप्त कर सकेंगे
>
> -डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्राचार्य, एसएम कॉलेज

### डी फार्मा के 57 छात्र-छात्राओं को वितरित किए टैबलेट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बुधवार को राधा गोविंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में डी फार्मा के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। संस्थान के चेयरमैन पवन शर्मा व प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज कुमार तोमर ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटे। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। करीब 57 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए गए। संस्थान के चेयरमैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें वर्तमान के तकनीकी युग में कदम से कदम मिलाते हुए उन्नति करने की सलाह दी। प्रबंध निदेशक ने कहा कि टैबलेट वितरण का उद्देश्य ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे जिन्हे उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्राप्त नहीं हो पाता है। टैबलेट के माध्यम से विभिन्न विषयों का अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर पीयूष शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार, रजत, मधु, मुस्कान, विशाल, भास्कर, अजय, सुरेंद्र, राहुल आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### गन्ना किसानों को किया 19.38 करोड़ रुपये का भुगतान



अतुल कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वीनस शुगर मिल की ओर से गन्ना किसानों को पेराई सत्र 2023-24 का शेष 19.38 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। मिल के प्रबंध निदेशक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल प्रबंधतंत्र ने अपने आश्वासन के अनुसार समस्त गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। क्षेत्र के कृषकों ने मुश्किल समय में चीनी मिल का पूर्ण सहयोग किया है। गन्ना किसानों को आश्वस्त किया गया कि आगामी पेराई सत्र 2024-25 में चीनी मिल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान तेज गति से किया जाएगा। इसलिए वह चीनी मिल को आवश्यकता के अनुसार गन्ना उपलब्ध कराने को अधिक से अधिक गन्ने की बुआई करें। ताकि पेराई सत्र में मिल को गन्ने की कमी न हो सके। सीईओ अनुपम सिंह ने कहा कि आगामी पेराई सत्र में भी सभी किसान अपना गन्ना चीनी मिल को ही दें। किसान अपना गन्ना कोल्हू पर न बेचे।



महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### मुंशी प्रेमचंद की जयंती व उधम सिंह का बलिदान दिवस मनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से बुधवार को जगमोहन सरस्वती विद्या मंदिर मोहल्ला सुंदर में हिन्दी के सशक्त हस्ताक्षर, हिन्दी कहानी एवं उपन्यास के महान लेखक मुंशी प्रेमचन्द की जयंती तथा क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह का बलिदान दिवस मनाया। उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द आधुनिक हिन्दी साहित्य के इतिहास में विश्व ख्याति प्राप्त कालजयी कथाकार के रुप में जाने जाते हैं। मुंशी प्रेमचन्द ने कहानी और उपन्यास में आम आदमी को नायक बनाकर पेश किया। शोषित वर्ग को उन्होने प्रतिनिधित्व दिया और गहरी नींद में सोए हुए समाज को जगाने की कोशिश की। इसके बाद मुख्य वक्ता ने भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने की। संचालन दीप्ति शर्मा ने किया। इस अवसर पर शिवा शर्मा, रश्मि वार्ष्णेय, कृपाली, नीलम शर्मा, खुशबू, नवीता ने विचार व्यक्त किए। देव वार्ष्णेय, तेज प्रताप सिंह, सूर्यांश, सृष्टि, अनिका अग्रवाल, मंजीत कौर, इरा शर्मा आदि छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविताएं, श्लोक प्रस्तुत किए।

### लिपिक भर्ती की शिकायत पर जांच के लिए पहुंची टीम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में चार पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। जिसमें मोहल्ला पंजाबियान निवासी उरूज जहां पुत्री मोहम्मद सकलेन ने भी नैतिक लिपिक के पद पर आवेदन किया था। आरोप है कि 10 नवंबर 2023 को महाविद्यालय में चार पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया। जिसमें सभी 23 आवेदकों को फेल कर दिया। उस समय युवती आवेदक द्वारा कमिश्नर से साक्षात्कार के समय धांधली का आरोप लगाया और कुछ समय बाद बरेली में साक्षात्कार कराकर चारों पर पदों पर भर्ती कर ली गई। युवती की शिकायत पर बुधवार को जांच टीम में शामिल आईटीआई के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह पाल, जीआईसी नदरोली के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार महाविद्यालय में प्राचार्य दानवीर सिंह यादव के कक्ष में पहुंचे। जहां आवेदक उरूज जहां को बुलाया गया। इस दौरान आवेदक युवती द्वारा जांच टीम के सामने अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए। साथ ही लिखित में भी साक्ष्य जांच टीम के लिए दिए गए।





कार्यक्रम का आरंभ करते प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव। ● अमृत विचार

### आलोचना संस्कृति के संवर्धन में बाधक नहीं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में भारतीय संस्कृति व साहित्य के संवर्धन व संरक्षण को रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कहा कि आलोचना संस्कृति के संवर्धन में बाधक नहीं बनती। बल्कि आलोचनाओं को पार करके संस्कृति और अधिक रूप से निखर आती है। क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कृति के विभिन्न आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ पुरातात्विक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भारतीय संस्कृति के मूल तत्व नामक शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें रिद्धि शर्मा ने प्रथम, अरुण शंखधार ने द्वितीय, अभय प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. साबिर अली शामिल रहे। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. राम आधार सिंह, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. स्तुति वशिष्ठ, डॉ. अनुराधा, डॉ. नेहा, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, शिवम सिंह मौजूद रहे।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



मढ़न गांव में पुरस्कार के साथ प्रतिभावान बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव मढ़न में स्थित जनता इंटर कालेज में यूपी बोर्ड परीक्षा और अन्य कक्षाओं के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कॉलेज में हुए कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमकार शरण एडवोकेट तथा प्रबंधक नरेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य क्षितेंद्र कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। हरिओम शर्मा ने छात्र छात्राओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए कार्य में पूर्ण रूप से समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक नरेश कुमार गुप्ता ने छात्र छात्राओं को पूरी लगन से अध्ययन कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करके देश सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए कहा। प्रधानाचार्य ने कहा कि इंटर परीक्षा में 80% अंक व भूगोल में 95 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी मानसी ने सर्वश्रेष्ठ रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अच्छे अंक प्राप्त करने वाली कुमारी अनम, मोहित कुमार, फात्मा,यश कुमार,कुमारी ज्योति,कुमारी पायल,टिंकल कुमार,कुमारी शिफा,कुमारी गुलनाज,वंशिका शर्मा आदि हैं। मेधावी छात्र छात्राओं को अतिथियों ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान हेमंत कुमार, साजिद अली, सुभाष चंद्र सिंह, पूर्णानंद वशिष्ठ, राजवीर सिंह, कैलाश बाबू, आरिफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

## अवैध शस्त्र के मामले दोषी को 56 दिन की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय एसीजेएम संभल स्थित चन्दौसी ने अवैध शस्त्र के एक दोषी को एक माह 26 दिन (56 दिन) के कारावास से दण्डित किया है। इस मामले में कोतवाली चन्दौसी में नईम पुत्र कय्यूम निवासी गांव नवादा थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज है। घटना वर्ष 2012 की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिविजन) एसीजेएम संभल स्थित चन्दौसी ने नईम को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि एक माह 26 दिवस के कारावास व 750 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

सजा कराए जाने में एपीओ राकेश शुक्ला व पैरोकार हेड कांस्टेबल भुवनेश्वर कुमार थाना चन्दौसी का योगदान रहा।

# युवक को गोली मारने का वीडियो वायरल, लेकिन घायल लापता

**संवाददाता, संभल**

- कोतवाली पुलिस ने घटना को अपने क्षेत्र में मानने से किया इन्कार

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में उधार में दिए एक लाख रुपये मांगने आए युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे गोली मार दी। गोली लगने का वीडियो बनाकर घायल ने अपने भाई को भेज दिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेकिन घायल लापता है। वहीं इस मामले में कोतवाली पुलिस ने घटना को अपने क्षेत्र में मानने से इन्कार कर दिया।

हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन निवासी जैद खान का कहना है कि बड़ा भाई सुहेब खान मंगलवार की देर रात दस बजे अपनी पत्नी से यह कहकर गया था कि युवक से उधार में दिए रुपये लेने जा रहा हूं। महमूद खां सराय में रुपयों को लेकर युवक व सुहेब के बीच विवाद हो गया। कहा कि सुहेब ने फोन कर पत्नी को युवक के साथ झगड़ा होने की बात बताई थी। रात 11 बजे के बाद सुहेब ने फोनकर जैद खान को बताया कि युवक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए टांग में गोली मार दी है। गोली लगने का वीडियो सुहेब ने वीडियो अपने भाई के फोन पर भेजा। परिजन सुहेब की तलाश करते रहे, लेकिन सुहेब का पता नहीं चला और सुहेब का फोन भी बंद हो गया। शिकायत करने कोतवाली पहुंचे तो परिजनों को पुलिस ने टरका दिया और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए हयातनगर भेज दिया। परिजन हयातनगर थाने पहुंचे तो पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र की घटना बताकर वापस भेज दिया।

सुहेब का 18 घंटे तक पता नहीं चल सका। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि घटना हमारे क्षेत्र में नहीं हुई है। हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है।

## ई-रिक्शा चालक छत से गिरा, गंभीर रूप से घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मोहल्ला नखासा में छत पर घूम रहा व्यक्ति अचानक नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला नखासा निवासी गुड्डू पुत्र अब्दुल लतीफ अविवाहित है और ई-रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था। मंगलवार की रात वह मोहल्ला नखासा स्थित काशीराम आवास में अपने रिश्तेदार के घर गया था। रात को गर्मी होने पर वह छत पर चला गया और चहल-कदमी करने लगा। तभी किसी तरह गुड्डू छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। लोग घायल को ई-रिक्शा से उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल के बड़े भाई मोहम्मद रफीक ने बताया कि गुड्डू को अक्सर दौरे पड़ते हैं।

## 'बच्चों का देश' के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



उमेश चंद्र सिरसवारी।

**अमृत विचार:** मासिक बाल पत्रिका 'बच्चों का देश' का रजत जयंती समारोह 16 से 18 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय संस्थान अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी अणुविभा के राजसमंद, राजस्थान स्थित मुख्यालय 'चिल्ड्रन'स पीस पैलेस में मनाया जाएगा। समारोह में जनपद संभल के चन्दौसी शहर से सटे थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव आटा निवासी बाल साहित्कार डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी को भी आमंत्रित किया गया है।

डॉ. उमेशचन्द्र सिरसवारी लंबे समय से बालसाहित्य लेखन में संलग्न हैं। वर्ष 2006 से निरंतर बच्चों के लिए लेखन कर रहे हैं। बाल साहित्यकार डॉ. उमेशचन्द्र सिरसवारी ने बताया कि 'राष्ट्रीय बाल साहित्य समागम' के आयोजन स्थल 'चिल्ड्रन'स पीस पैलेस' का अपना विशेष महत्व है, क्योंकि प्रसिद्ध राजसमंद झील के किनारे पहाड़ी पर विकसित यह कलात्मक भवन बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित एक अनूठा केंद्र है। जहां प्रतिमाह आयोजित होने वाले आवासीय बालोदय शिविरों में बच्चे जीवन निर्माण की वह दिशा प्राप्त करते हैं, जो सामान्यतः परिवार या विद्यालयों में भी संभव नहीं हो पाती है। यहां विकसित 25 से अधिक बालोदय दीर्घाएं व कक्ष तथा यहां उपलब्ध संसाधन विभिन्न मानवीय मूल्यों से बच्चों को जोड़ते हैं।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**



नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष को शपथ दिलाते बार काउंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़।

- बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ रहे कार्यक्रम में उपस्थित

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता हाल में हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत समस्त कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।

मुख्य अतिथि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी नीतू रानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। इसके बाद शिवओम शर्मा, राजेश कुमार यादव, रुकमेश बन्धु, सगीर सैफी, विकास यादव, रंजना शर्मा, आरिफ बेग, कुशांक, ओमप्रकाश राव, शिवम कठेरिया, नरेश कुमार आदि अधिवक्ताओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व फूल मालाओं से स्वागत किया। बार काउंसिल के चेयरमैन ने नवनिर्वाचित बार के अध्यक्ष मुकेश पाल सिंह यादव ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसे बाद चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। बार काउंसिल के चेयरमैन ने कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को चुनावी मतभेद भुला कर बार हित में कार्य करना चाहिए। साथ ही बार और बेंच में सांमजस्य बनाना चाहिए। अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने के लिए जोर दिया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम ने भी अधिवक्ताओं को हमेशा सहयोग देने की बात कही। अधिवक्ता नवनीत सिंह यादव ने भी संबोधित किया। समारोह में चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मो. नजर कुरैशी, सचिव सचिन गोयल, एसडीएम न्यायिक डॉ. वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार चन्दौसी व बहजोई मंचासीन रहे। दिनेश कुमार यादव, कविंद्र कुमार सिंह यादव, छत्रपाल सिंह यादव, अरविंद सिंह भाटी, गिरिराज किशोर, नीरज चौधरी आदि अधिवक्ताओं का

# नदी के पुल के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**संवाददाता, संभल/रजपुरा**

- तीन दिन पहले रजापुर गांव के पास खेत से महिला का शव मिला था



मौके पर मौजूद एएसपी अनुकृति शर्मा व सीओ गणेश कुमार गुप्ता।

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में महावा नदी के पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव की भी शिनाख्त नहीं हो पाई है। तीन दिन पहले रजापुर गांव के पास खेत में एक महिला का शव मिला था। महिला की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। इसके बाद महिला का शव बरामद होने की जगह से दस किलोमीटर दूर बेहट रसूलपुर लिंक मार्ग पर महावा नदी के पुल के नीच एक पुरुष का शव बरामद हुआ है। गांव कन्हुआ निवासी ग्रामीण बुधवार की सुबह आठ बजे खेतों पर काम करने और कई महावा नदी की ओर टहलने के लिए जा रहे थे। ग्रामीण जैसे ही बेहट रसूलपुर लिंक मार्ग पर पहुंचे तो पुल के नीचे 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा नजर आया। सूचना मिलने पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, सीओ गुन्नौर गणेश कुमार गुप्ता और थाना प्रभारी अमरपाल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद लोग शव की पहचान नहीं कर सके। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने बताया कि व्यक्ति के शरीर पर चोट के निशान मिले है। पुलिस व्यक्ति की मौत पुल से गिरकर होने की आशंका भी जताई जा रही है।

### लोकसभा में सांसद ने बजट पर चर्चा में रखी अपनी बात

**संभल,अमृत विचार :** संभल लोकसभा क्षेत्र के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यह सरकार को बचाने वाला बजट है। बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे 700 से ज्यादा किसानों की मौत हो चुकी है। सरकार उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर देती है लेकिन किसानों का कर्जा माफ नहीं किया जा रहा है।

### पुलिस से गैंगस्टर को छुड़ाने में एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर की पुलिया के पास से बुधवार को पुलिस के साथ मारपीट कर गैंगस्टर को छुड़ाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी रिहान बुलंदशहर के थाना औरंगाबाद में गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। 27 जून को गांव पहुंची बुलंदशहर व थाना पुलिस के साथ सखावत ने मुहल्ला के ढ़ाई दर्जन से अधिक लोगों के साथ मिलकर मारपीट की थी और रिहान को छुड़ा लिया था। बुधवार को सखावत के गांव की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस में बेटी को बहला- फुसलाकर ले जाने के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि बीस वर्षीय पुत्री सोमवार की शाम चार बजे मुहल्ला हिलाली सराय निवासी अपनी बुआ के घर जाने के लिए कहकर गई थी, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आई। व्यक्ति ने अपनी बहन के यहां युवती के होने के बारे में जानकारी की। पता चला कि युवती वहां नहीं पहुंची है। आसपास में तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार को जानकारी होने पर व्यक्ति ने बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में मोहम्मद कैफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये

**संभल, अमृत विचार :** सावन में शिवतेरस पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर कांवड़िये लौट रहे हैं। संभल और आसपास के जनपदों से गंगाजल लाने के लिए कांवड़िये बृजघाट और हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। यह कांवड़िये अब गंगाजल लेकर वापस लौटने लगे हैं।

# निरीक्षण में बिना मान्यता संचालित मिले तीन स्कूल

**संवाददाता,बहजोई**

- डीआईओएस ने कहा ,कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय संचालक स्कूल की मान्यता नहीं दिखा पाए। अवैध रूप से कक्षाओं का संचालन करते पाया गया। जिस पर डीआईओएस ने तीनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाने को कहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम औचक निरीक्षण के लिए बनियाखेड़ा ब्लॉक एसएलएसएम पब्लिक स्कूल गांव रीठ पर पहुंच गए। जहां पर उन्होंने निरीक्षण किया तो स्कूल में अवैध रूप से कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था। जब डीआईओएस ने स्कूल संचालक से मान्यता के बारे में जानकारी की तो वह नहीं दिखा पाये। डीआईओएस ने अवैध रूप से संचालित कक्षाओं को बंद करने के निर्देश दिए। वहीं कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। उधर आर.सीएस पब्लिक स्कूल- धर्मपुर रस्ता पहुंचे वहां भी यही हाल मिला। अवैध कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था। टीम के पहुंचने को लेकर स्कूल संचालकों ने छात्रों से कक्षाओं में किताबें बदल दीं। लेकिन वह यहां भी मान्यता के कोई भी कागजात नहीं दिखा पाए। इसके बाद डीआईओएस डॉ. धीरेन्द्र सिंह स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठ पहुंचे। वहां भी यही हाल मिला। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि तीन स्कूलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें अवैध रूप से कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था।

मान्यता का भी कोई कागजात नहीं दिखा पाए। अब इनके खिलाफ पूरी जांच की जा रही है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### महिला अधिकारी का फोन छीना और मारपीट की

**अमरोहा, अमृत विचार** : कलेक्ट्रेट जा रही महिला अधिकारी से कार सवार युवकों ने अभद्रता की। वीडियो बनाने पर उनका फोन छीनकर फेंक दिया और मारपीट भी की। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। बिजनौर रोड स्थित कॉलोनी में रहने वाली महिला अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारी के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट जा रही थीं। आरोप है कि कार सवार पांच युवकों ने कल्याणपुरा मार्ग पर उनका पीछा किया। सड़क पर जगह देने के बाद भी कार सवार उनका पीछा करते रहे। इस दौरान एक युवक ने अश्लील इशारे किए। तब महिला अधिकारी ने कार का पीछा किया और पुलिस को सूचना दी। गांव कल्याणपुरा पहुंचने पर आरोपी वहां रुक गए और महिला ने फोटो खींचने का प्रयास किया तो अभद्रता की। फोन छीनकर फेंक दिया और मारपीट की। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रधान ने दिव्यांग को दी फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

**हसनपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी निवासी लज्जावती ने प्रभारी निरीक्षक को पत्र देकर कहा कि उसका बेटा देवेंद्र दिव्यांग है। ग्राम प्रधान विनोद ने उसके पुत्र पर 20000 रुपये ब्याज पर लेने का आरोप लगाया है, जब उसके पुत्र ने प्रधान से इस मामले में पूछा तो वह आग बबूला हो गया और प्रधान ने अपने पुत्र के साथ मिलकर उसके दिव्यांग बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। ग्राम प्रधान विनोद का कहना है कि उस पर बेवजह आरोप लगाये जा रहे हैं, देवेंद्र ने ही उसके साथ गाली-गलौज की है।

### एक दिन बाद घर लौटा लापता युवक

**हसनपुर, अमृत विचार** : मोहल्ला कोट पश्चिमी खेवान निवासी विवेक पुत्र चंद्र किरन 30 जुलाई की सुबह 10 बजे घर से सरकारी अस्पताल में दवा लेने और सुखदेवी इंटर कॉलेज से टीसी लाने की बात कह कर निकाला था। जब वह नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने रिश्तेदारी एवं संभावित स्थानों पर उसको तलाश किया। लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करने की सूचना दी थी। इसके बाद बुधवार को विवेक घर लौट आया। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।


अमरोहा में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये। ● अमृत विचार


हसनपुर में कांवड़ लेकर जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार

# गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये लगा रहे बम भोले का जयकारा

## जिले भर में कांवड़ियों के लिए लगे शिविर, पुलिस व अधिकारी कर रहे गश्त, हाईवे व अन्य मार्गों पर यातायात बंद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : सावन की शिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िये बम बम भोले के जयघोष के संग अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। जिससे वातावरण शिवमय हो गया। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल सतर्क रहा।

शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। शिव भक्तों के रंग में बिजनौर मार्ग पूरी तरह से रंग गया। बम बम भोले के जयघोष से वातावरण गूंज रहा है। कांवड़ियों की संख्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बिजनौर मार्ग पर अतिक्रमण को हटवाया गया है। कांवड़ियों के लिए भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने अमरोहा जिले की सीमा पर शिव भक्तों की सुरक्षा का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिव भक्त धनौरा, नौगांवा होकर अपने घरों को लौट रहे हैं। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए धनौरा, नौगांवा मार्ग के यातायात को डायवर्ट किया गया है। सावन की शिवरात्रि इस बार शुक्रवार को है। जिसके चलते हरिद्वार से कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला जारी है।

**सैदनगली से कांवडिये हरिद्वार से गंगाजल लाने को रवाना : सैदनगली** : सैदनगली में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने फीता काटकर शिव डाक कांवड़ सेवा को हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए रवाना किया। बस स्टैंड के निकट डॉ. नवीन अस्पताल के सामने से कावंडियों का जुलूस शुरू हुआ। जुलूस में डीजे बज रहा था और शिव भक्त नाचते गाते भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। उसके बाद डाक कांवड़ सेवा समिति का जुलूस बस स्टैंड, मुख्य बाजार, धर्मशाला मंदिर, बगीची वाला मंदिर, चामुंडा मंदिर के सामने होता हुआ हरिद्वार के लिए रवाना हो गया। शिव डाक कांवड़ सेवा समिति में लगभग 50 शिव भक्त गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। व्यवस्थापक अमित प्रजापति ने बताया कि दो अगस्त को पूरा जत्था वापस लौटेगा और शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। समिति में राजीव बजरंगी, वीर सिंह, चेतन चौधरी, बृजेश कुमार, मेहरबान अली, राशिद अली, फरीद बाबा, पुनीत शर्मा, अतुल कुमार, दिव्यांश कुमार आदि शामिल रहे।


नौगांवा सादात में तिरंगा कांवड़ लेकर जाते शिव भक्त। ● अमृत विचार


सैदनगली में डाक कांवड़ का आरंभ करते भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व अन्य।

### नौगांवा सादात में शिव भक्तों का किया स्वागत

**नौगांवा सादात, अमृत विचार** : भाजपा राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के जिला संयोजक, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने शिव भक्तों का स्वागत किया। उन्होंने मोहल्ला अलीनगर में साथियों के साथ मिलकर शिव भक्तों को माला पहनाई, पुष्प वर्षा की और फल वितरित कर स्वागत किया। सभी ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए और राजेंद्र चौहान ने शंख बजा कर शिव भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर मोनू सैनी, नितिन सैनी, सनी सैनी आदि मौजूद रहे।

### शिवभक्तों के लिए नगर में लगे शिविर

**हसनपुर, अमृत विचार** : सावन की शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर गंतव्य को जा रहे हैं। शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ के जयघोष से नगर का माहौल शिवमय है। नगर के मार्ग इस समय भगवान भोलेनाथ के भक्तों से भरे हुए नजर आ रहे हैं, जहां देखो वहां भगवान भोलेनाथ के भक्त दिखाई दे रहे हैं। शिव भक्तों द्वारा बम बम भोले एवं हर हर महादेव के लगाए जा रहे जयकारों से माहौल शिवमय हो गया है। कल (शुक्रवार) सावन की शिवरात्रि है, शिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक को भक्त गंगाजल लेकर आ रहे हैं। बुधवार को नगर से बबराला, गवां, मोटे महादेव आदि स्थानों के शिव भक्त गुजरे। नगर मे शिव भक्तों के स्वागत के लिए रहरा बस स्टैंड एवं ग्राम शाहपुर में शिविर भी लगाए गए हैं। वहीं कोतवाली पुलिस शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर सतर्क है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि शिव भक्तों की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

### हादसे में कांवड़ लेने जा रहा युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार** : अहरौला अहमद यार खां निवासी शिवकुमार पुत्र अमर सिंह बुधवार को बाइक से बृजघाट से डाक कांवड़ लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर-गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के नजदीक पहुंची तो दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### नौगांवा-अमरोहा मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों के जत्थे

**नौगांवा सादात, अमृत विचार** : हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के कई जत्थे अमरोहा मार्ग से गुजरे। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी सतर्क रहे। जिलाधिकारी के आदेश पर कांवड़ मार्ग पर ट्रैफिक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहा। रोडवेज बस व टेंपो संचालन भी रोक दिया गया। शिव भक्त भोले के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महादेव के जयकारों की गूंज रही।


गजरौला में कांवड़ लेकर जाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाएं भी कांवड़ लेकर बढ़ा रही कदम

**गजरौला, अमृत विचार** : भगवान भोले की आराधना में लीन महिलाएं भी हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर आगे बढ़ रही हैं। बुलंदशहर, मेरठ, मुरादाबाद, संभल से आने वालीं महिला कांवड़ियों की संख्या पहले से अधिक है। बुलंदशहर रहने वाली सावित्री और कुसुम सावन में 10 साल से कांवड़ ला रही हैं। महिला कांवड़ियों ने बताया कि भगवान भोले की कृपा से उनकी सभी मनोकामना पूरी होती रही हैं। सावित्री ने बताया कि कई साल पहले अपने बेटे की बीमारी दूर करने के लिए कांवड़ लाने के लिए बोली थी। उसके बाद से हर साल कांवड़ ला रही हूं। वहीं, हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।


सुभासपा की बैठक से पहले एकत्र पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सुभासपा ने गांवों में बनाए सदस्य

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक गांव दरियापुर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सीपी सिंह लक्खा प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उप्र रहे।

पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर और संगठन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सीपी सिंह लक्खा ने संगठन के पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान की जानकारी की। वर्तमान में पार्टी की प्रदेश, मंडल, जिला कमेटिया भंग हैं। 10 अगस्त को लखनऊ में प्रदेश, मंडल व जिला अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करना है। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा की सदस्यता अभियान पूरे जनपद में चलाया जा रहा है। बैठक में यूनुस सैफी प्रधान, बाबू रामपाल, आदेश अमरोही, विपुल शर्मा, जगबीर सिंह चौहान, अक्षय कुमार, गोविंद सिंह नट, चंद्रपाल बहेलिया, लखन सिंह बहेलिया, मोहम्मद शफीक, सुमित रस्तोगी, मोहम्मद सफी, जगत सिंह गुर्जर, बाबूराम पाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कर रही राहुल का अपमान : ओमकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : जिला एवं शहर की कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जोया के गांव हरियाणा में सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतले को छीन लिया। इसे लेकर कांग्रेसियों और पुलिस में खींचतान होती रही। कांग्रेसियों ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर संसद में अशोभनीय टिप्पणी की है।


अनुराग ठाकुर के पुतले को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से छीनती पुलिस। ● अमृत विचार

बुधवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि भाजपा सांसद और मंत्री संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। उन्हें संसद की गरिमा का ख्याल नहीं है। राहुल गांधी जातिगत जनगणना की मांग लगातार मोदी सरकार से कर रहे हैं, परंतु भाजपा और मोदी सरकार जाति का जनगणना नहीं चाहती है, क्योंकि अगर जाति की जनगणना हुई तो दलितों और शोषित वर्ग को उनका हक और अधिकार मिल जाएगा। जो मोदी सरकार नहीं चाहती। भाजपा के सांसद, मंत्री और नेता राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं का अनादर करते हैं। सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के विरुद्ध टिप्पणी की है, उसका कांग्रेस निंदा करती है, ऐसे सांसद को तत्काल संसद के सदस्यता से निलंबित करना चाहिए। इसके बाद कांग्रेसियों ने सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद सीओ और पुलिस ने पुतले को छीन लिया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष फैज आलम राइनी, जिला महसचिव राजकुमार अरुण, जिला महासचिव मेराजुल जफर, इंतेजार मेहंदी नकवी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतकिया नकवी, मनोज कटारिया, मोहसिन अली, हाजी फहीम अहमद, तालिब ईदरिसी, शमीम अब्बासी, इकबाल अंसारी, चन्द्रपाल चौहान, मुजाहिद चौधरी आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम, बीईओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**रहरा, अमृत विचार** : बुधवार को बीईओ गंगेश्वरी अनिल कुमार ने उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी के साथ विद्यालयों का निरीक्षण किया।

उन्होंने प्राथमिक विद्यालय गंगाटकोला, हाकमपुर, रुस्तमपुर और मंगरोला का निरीक्षण किया। जिसमें बीईओ अनिल कुमार के साथ संविलियन विद्यालय बुरावली के सहायक अध्यापक गौतम कुमार साथ रहे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक जसवीर सिंह अवकाश पर थे, जबकि दो सहायक अध्यापक निधि गोस्वामी व नीरज रानी पहले से ही अवकाश पर हैं। ऐसे में तीसरे सहायक अध्यापक को बीईओ अपने साथ निरीक्षण के लिए ले गए। जिसके बाद विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था चरमरा गई। अनिल कुमार ने बताया कि बुधवार को एसडीएम का निरीक्षण था। मैं भी उनके साथ था। रास्तों की जानकारी न होने के चलते सहायक अध्यापक मेरे साथ थे।


हसनपुर में सड़क किनारे खोदाई करती मशीन। ● अमृत विचार

## मोबाइल कंपनी बिना अनुमति करा रही सड़क की खोदाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद की बिना अनुमति के मोबाइल कंपनी सड़कों की खोदाई करा रही है। इससे हुए गड्ढों से दुर्घटना की आशंका है।

बाईपास पर मोबाइल कंपनी द्वारा नगर पालिका की बिना अनुमति के मशीनों से सड़क की खोदाई कराई जा रही है। ठेकेदार की देखरेख में मशीनों से सड़क किनारे गड्ढे किये जाते हैं। उसके बाद मजदूर गड्ढों को खुला छोड़कर काम करने हैं। इन गड्ढों से दुर्घटना की आशंका है। मोबाइल कंपनी के ठेकेदार द्वारा बेखौफ सड़क की खुदाई की जा रही है। नियम के अनुसार ठेकेदार को सड़क खोदाई करने के लिए पालिका से अनुमति लेनी चाहिए थी। लेकिन ठेकेदार तमाम नियमों की अनदेखी करते हुए सड़कों की खोदाई करा रहा है। वहीं पालिका प्रशासन का कहना है कि किसी भी ठेकेदार द्वारा पालिका से अनुमति नहीं ली गई है।

**समस्या** किसानों ने बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से लगाई गुहार

# बिजली कटौती से नौ गांवों के लोग परेशान

संवाददाता, कैसरा

**अमृत विचार** : गांव ढ्योटी बिजली उपकेंद्र से देहात में महज 10 घंटे आपूर्ति की जा रही है। भीषण गर्मी में भी बिजली कटौती चरम पर है। पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से खेतों में धान और गन्ने की फसलें सूख रही हैं।

रोस्टर के अलावा ट्रिपिंग और फाल्ट के कारण कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। बिजली कटौती से किसानों की फसल सूख रही हैं। समय से धान की रोपाई नहीं हो पा रह और गन्ने को पानी भी नहीं लग पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रात को बिजली नहीं आती जिसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग पूरी रात घरों के बाहर बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं। ढ्योटी बिजली उपकेंद्र के तहत लगभग एक दर्जन गांव आते हैं। ढ्योटी, देहरी बुजुर्ग, लिसडी खुर्द, ततारपुर गर्वी, तोमडा, मरगूबपुर, घेरकुन्डा सुनगढ़ माफी आदि सभी गांवों में यही समस्या है। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय लोगों ने बिजली की समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है।


बिजली न आने से ग्रामीण क्षेत्र का बुरा हाल है। स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की। मगर सुनवाई नहीं हुई। बिना बिजली आपूर्ति के धान और गन्ने की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही। लेकिन अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं है।
**– इकरार अहमद, लिसडी खुर्द**


बिजली न मिलने से लोगो को काफी दिक्कत आ रही हैं। उमस भरी गर्मी में बिजली न मिलने से लोगों का जीना मुश्किल है। लेकिन इस समस्या की ओर विभाग के अधिकारियों बिल्कुल ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। इस का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।
**– सचिन कुमार, ततारपुर गर्वी**


ढ्योटी बिजली घर में मुख्यमंत्री के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली सप्लाई की जाए, लेकिन मुश्किल से 8 से 10 घंटे सप्लाई दी जा रही है। जिससे गांव में उमस भरी गर्मी में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। साथ ही सिंचाई में भी दिक्कतें आ रही है। **– राबर्ट पनेरा, सुनगढ़ माफी**

- **निर्बाध आपूर्ति न होने से खेतों में सूख रही धान- गन्ने की फसल**
- **विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याओं की कर रहे अनदेखी**


बिजली विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाकर शेड्यूल के मुताबिक बिजली देने की मांग की जा रही है। लेकिन स्थिति जस की तस है। कोई भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं। फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कोई भी अधिकारी समस्या की सुनवाई नहीं करता। **– प्रशात कुमार, देहरी बुजुर्ग**

### जिलाधिकारी को रामडोल कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार** : श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर 27 अगस्त को प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा, पथ प्रकाश और सफाई का विशेष इंतजाम कराने की मांग की है।

कमेटी अध्यक्ष पंडित कपिल शर्मा ने बताया कि आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल रहेंगे। उन्होंने ज्ञापन देकर पुलिस बल की तैनाती, बिजली के जर्जर तारों को दुरुस्त कराने की मांग की। कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की भी मांग की। जिलाधिकारी ने सभी जरूरी व्यवस्थाओं को समय से पहले दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर अजय चतुर्वेदी, पीयूष शर्मा, अंकित बंसल, मनु शर्मा, गौरव चौहान, सचिन त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, दीपक बंसल, संजय गर्ग, गौरव वर्मा, कपिल वर्मा, संजीव, संजीव गोयल, नमन जैन, अचल अग्रवाल, अंश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## उमस भरी गर्मी में बढ़ रहे डायरिया, बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : बारिश के बाद उमस भरी गर्मी में संक्रामक रोगों के मरीज बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की कतार लगने लगती है। गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, बाकी मरीजों को दवा देकर घर भेज दिया जाता है।

जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रेमा पंत ने बताया कि इन दिनों मौसम में हो रहे बदलाव से संक्रामक बीमारियां तेजी के साथ फैलने लगी हैं। इन दिनों डायरिया, बुखार के मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 1206 मरीज जिला अस्पताल में उपचार के लिए आये थे। इनमें से 97 मरीज डायरिया और बुखार से पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि बुखार व डायरिया से पीड़ित मरीजों में सबसे ज्यादा बच्चों की संख्या अधिक थी। गंभीर मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। जबकि अन्य मरीजों को दवा देकर घर भेज दिया। उन्होंने बताया कि चिकित्सक मरीजों को जागरूक भी कर रहे हैं। मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को भी बताया जाता रहा है कि इस मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए।


अमरोहा जिला अस्पताल में उपचार के लिए बेड पर भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

### फसल बीमा योजना का किसानों को दें लाभ

**अमरोहा, अमृत विचार** : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का जनपद को कितना लक्ष्य है, कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है। इसकी जानकारी कर उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में जहां तालाब खोदवाए जा रहे हैं उनमें पानी हो और पौधरोपण अवश्य हो और लाभार्थियों को 10-10 पौधे अवश्य दें। फसल बीमा योजना के अंतर्गत उप निदेशक कृषि ने डीएम को बताया कि जनपद में 173 आवेदन आए थे, जिसमें 95 स्वीकृत हुए और 78 को निरस्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) माया शंकर, उपनिदेशक कृषि राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी आदि रहे।

## एक नजर

### मिट्टी की ढांग गिरने से महिला घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार सुबह गांव रुद्रपुर निवासी विमलेश पत्नी राहुल महिलाओं के साथ मिट्टी लेने गई थी। मिट्टी खोदते समय अचानक ढांग महिला के ऊपर गिर गई। महिला मिट्टी की ढांग में दब गई। अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर खेतों पर मौजूद किसानों ने उसे बाहर निकाला। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और महिला को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

### नलकूप का जंफर जोड़ते समय झुलसा लाइनमैन

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर में मंगलवार देर शाम नलकूप का जंफर जोड़ते समय आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा निवासी नेम सिंह पुत्र करन सिंह झुलस गया। घायल लाइनमैन का कहना है कि शटडाउन लेने के बाद भी विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई। जिससे उसे जोर का करंट लगा और वह झुलस गया। ग्रामीणों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर चिकित्सक ने घायल लाइनमैन को मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

### किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** भाकियू की बैठक तहसील अध्यक्ष महिपाल सिंह सैनी के नेतृत्व में तहसील परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता चौधरी गजेंद्र सिंह और संचालन जितेंद्र सिंह चौहान ने किया। बैठक में किसानों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह को सौंपते हुए कहा आगामी गन्ना पेराई सत्र में गन्ना खरीद मूल्य 500 रुपये प्रति क्विंटल हो। इस मौके पर उम्मेद सिंह, कृष्णपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र शर्मा, गजेंद्र सिंह, महिपाल सैनी रहे।

### विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा की बिगड़ी हालत

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव सलेमपुर गोंसाई निवासी जितेंद्र सिंह की बेटी सलोनी गांव में ही संविलियन विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा है। बुधवार को वह स्कूल गई थी। बिजली आपूर्ति नहीं होने की वजह से पंखे बंद थे। इसी दौरान भीषण गर्मी के चलते सलोनी बेहोश हो गई। जानकारी पर छात्रा के परिजन भी स्कूल पहुंच गए। शिक्षकों ने एंबुलेंस से छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया।

# अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो चोर गिरफ्तार

## पांच लाख की नकदी और जेवर बरामद, दोनों पर लूट व चोरी के 64 मुकदमे दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** थाना अमरोहा देहात पुलिस व एसओजी टीम ने कूमल काटकर चोरी करने वाले अंतरर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से पांच लाख से अधिक के जेवर व 5.24 लाख की नकदी, तमंचा व बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बुधवार को सीओ अभिषेक यादव ने थाना अमरोहा देहात में चोरी की घटनाओं को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात कैलसा से कटाई जाने वाले मार्ग पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को देखकर भाग रहे बाइक सवार दो आरोपी वाजिद उर्फ भूरा पुत्र जहीर निवासी गांव मूंढाइम्मा व खुर्शीद पुत्र फिदा हुसैन निवासी गांव हरथला थाना असमोली जनपद संभल को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की विभिन्न घटनाओं का खुलासा हुआ। जिसमें कुंडल, अंगूठी ताबीज सहित अन्य आभूषण जिनकी कीमत पांच लाख से अधिक है, की बरामद की है। इसके अलावा 5 लाख 24 हजार 700 नकद बरामद किए गए हैं। आरोपी वाजिद उर्फ भूरा ने अपने ज्वार के खेत में व आरोपी खुर्शीद ने अपने घर में अनाज की टंकी में छुपाकर सामान व नकदी रखी थी। जिनको पुलिस ने बरामद कर लिया है। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि दोनों ही आरोपी घरों में कूमल लगाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

इन्होंने 26 जुलाई की रात को गांव तेलीपुरा व 28 जुलाई की रात को गांव खैरातपुरा में चोरी की। 19 जून की रात को कैलसा के पास गांव में एक घर में कूमल लगाकर चोरी की थी। इसके अलावा चार जुलाई को भी इन्होंने गांव निजामपुर सैंधरी में एक घर में कमूल लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से कूमल काटने का सामान, एक सब्बल, दो टॉर्च भी बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।



चोरी के मामलों का खुलासा करते सीओ अभिषेक यादव। ● अमृत विचार

- पुलिस ने कैलसा से कटाई मार्ग पर जांच के दौरान दोनों को पकड़ा
- दोनों ने घर और खेत में छुपा रखे थे नकदी और जेवर

### पकड़े गए दोनों शातिर अपराधी

**अमरोहा, अमृत विचार :** सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि भूरा उर्फ वाजिद व खुर्शीद शातिर अपराधी हैं। भूरा के खिलाफ लूट, चोरी व गैंगस्टर आदि से संबंधित करीब 45 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी खुर्शीद के खिलाफ लूट, चोरी गैंगस्टर आदि के 19 मुकदमे दर्ज हैं।

### पांच घरों में हुई चोरी में पुलिस के हाथ खाली

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार एवं रविवार की रात को कोतवाली क्षेत्र के दो गांवों के पांच घरों को चोरों ने निशाना बनाया था। जिसकी पीड़ितों द्वारा कोतवाली में तहरीर भी दी गई, लेकिन तीन दिन बाद भी कोतवाली पुलिस सिर्फ अंधेरे में तीर चला रही है, आरोपी उसकी पकड़ से दूर नजर आ रहे हैं, पुलिस की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। शनिवार रात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई में तीन घरों में लाखों रुपये की चोरी की थी। रविवार रात को चोरों ने गांव बावनखेड़ी में तीन घरों से लाखों की चोरी की। सोमवार शाम को भी बसी कलां में बदमाशों ने युवक की पिटाई कर उसके घर से जेवरात मंगवा लिए और जान से मारने की धमकी भी दी। लगातार चोरी की वारदातों से ग्रामीण दहशत में है। तीन दिन बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों से दूर है और अंधेरे में तीर चला रही है। वहीं, चोरों पर कार्रवाई न होने से पीड़ितों एवं ग्रामीणों में रोष नजर आ रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई और पुलिस जल्द ही घटनाओं का खुलासा करेगी।

## सार-संक्षेप



हसनपुर में कार्यशाला में मौजूद अध्यापक। ● अमृत विचार

### शिक्षण की नई विधियों की जानकारी दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में सभी को नवीन शिक्षण पद्धतियों के बारे में बताया गया। बुधवार को नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल में हुई कार्यशाला का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण मोहन एवं प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने किया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता आशिया शाहीन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने सभी को समय के साथ-साथ तेजी से बदल रही शिक्षा पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के अंत में प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने बताया कि समय-समय पर विद्यालय में कार्यशालाओं का आयोजन कराया जाता है।

### महिला ने लगाया ससुराल में मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

**रहरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव जेबड़ा निवासी महिला निशा का आरोप है कि उसने कुछ समय पहले अपनी पसंद से गजरौला निवासी हारून से शादी की थी। इसके बाद निशा के पिता ने उसके नाम दो बीघा जमीन का बैनामा कराया था। कुछ समय बाद उसके पति ने वही दो बीघा जमीन अपने नाम करा ली। इसके बाद उसका पति पांच लाख रुपये की मांग करने लगा। निशा करीब 10 दिन पहले पहले अपनी ससुराल गजरौला गई। इस दौरान उससे पति तथा ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की। जिसके बाद वह अपने गांव जेबड़ा आ गई। आरोप है कि जेबड़ा आकर उसके साथ ससुर व पति ने लाठी-डंडों से मारपीट की व जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 20 साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नाबालिग को अगवाकर उससे दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 37 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 28 जनवरी 2022 को मंडी धनौरा निवासी व्यापारी की नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। दोपहर में वह अचानक घर से लापता हो गई थी। मामले में व्यापारी की पत्नी ने बछरायूं निवासी विनीत, अजयपाल व रमेश पर बेटी का अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में पता चला कि सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ी निवासी कावेंद्र किशोरी को फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने कावेंद्र को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया था। पीड़िता के बयान पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी। केस की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डॉ. कपिला राघव की कोर्ट में चल रही थी। मामले की रतनलाल लोधी की ओर से मजबूत पैरवी की गई। साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने कावेंद्र को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल जेल की सजा सुनाई।

### भाकपा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाकपा के कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र के गांव कंजर बसेड़ा में ग्रामवासियों को कूड़ा डालने के लिए ग्राम समाज की भूमि दी गई थी। ग्राम समाज की भूमि को ग्रामवासी कूड़ा डालने व पशु बांधने में प्रयोग करते चले आ रहे हैं। इस भूमि पर गांव के ही दबंग ने प्रशासन की मिलीभगत से कब्जा कर लिया है। जबकि इस भूमि पर खसरा खतौनी में रास्ता दर्ज है। इस भूमि के पट्टे ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए थे। ग्राम समाज की भूमि कब्जा मुक्त कराई जाए तथा तहसील के कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो। गांव तिगरी की विद्युत लाइन गजरौला फीडर से काटकर बछरायूं फीडर से जोड़ी जाए। जिससे तिगरी के ग्रामवासियों को बेहतर आपूर्ति मिल सके। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय से इन सभी समस्याओं का समाधान नही हुआ तो 16 अगस्त को सभी कार्यकर्ता तहसील परिसर में प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर नरेश चंद्रा, घसीटा सिंह, बाबूराम, मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, जगशरण, सुमेर सिंह, धर्मपाल, विशाल सहित आदि मौजूद रहे।

# कटौती से नाराज व्यापारी एसडीएम कार्यालय पर गरजे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** चरमराई विद्युत व्यवस्था से नाराज व्यापारियों ने एसडीएम से वार्ता कर बिजली में सुधार लाने की मांग की। एसडीएम ने फोन पर एक्सईन से वार्ता कर उन्हें कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही।

बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारी नारेबाजी करते हुए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंच गये। लेकिन वहां पर अधिशासी अभियंता मौजूद नहीं थे। उसके बाद व्यापारी एसडीएम सुनीता कुमारी के कार्यालय में पहुंचे और नारेबाजी की। उन्होंने एसडीएम को बताया कि पूरा शहर बिजली न मिल पाने के कारण परेशान है। नाममात्र के लिए आने वाली बिजली के वोल्टेज इतने कम होते हैं कि पंखा भी ठीक से नहीं चल पा रहा है। उन्होंने एसडीएम से कहा कि इससे पहले तो पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर ही ठीक था। जब से ट्रांसफार्मर की डबल क्षमता हुई है, लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है। एसडीएम ने अधिशासी अभियंता को फोन कर कहा कि शिकायत मिली है कि वह कार्यालय में नहीं बैठते हैं, जिसके कारण जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। शिकायतकर्ता उनके पास आ रहे हैं। उसके बाद एसडीएम ने अधिशासी अभियंता को घोषित शेड्यूल से बिजली आपूर्ति करने का आदेश दिया। इस अवसर पर मनोज गोयल, संदीप गुप्ता, निक्कू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, पोरुष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विवेक शर्मा, मनोज गोयल, महमूद इदरीसी आदि मौजूद थे।



हसनपुर में एसडीएम से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### विद्युत लाइन टूटने से आठ घंटे आपूर्ति ठप

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर नगर में मंगलवार रात 12 बजे उझारी से आ रही 33 हजार की विद्युत लाइन का तार टूटने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी, जो सुबह लगभग सात बजे के करीब शुरू हुई। लगातार आठ घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण घरों में लगे इनवर्टर डाउन हो गए। 16000 उपभोक्ताओं को पूरी रात गर्मी में ही गुजारनी पड़ी। वहीं, विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड से 33 हजार की विद्युत लाइन का तार ग्राम शाहपुर के निकट टूट गया था। जिसे विद्युत कर्मियों द्वारा सही कर लिया गया था, लेकिन तार सही होने के बाद एक फॉल्ट और हो गया था, जो काफी तलाश करने के बाद मिला। जिसके बाद बुधवार सुबह सात बजे विद्युत आपूर्ति शुरू की गई।

### चिकित्सा अधीक्षकों ने नहीं छोड़ा चार्ज

**रहरा, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शशांक चौधरी का तबादला गजरौला सीएचसी कर दिया। गजरौला के प्रभारी डॉ. योगेंद्र सिंह का तबादला रहरा किया। लेकिन अधीक्षकों ने चार्ज नहीं छोड़ा है।

चिकित्सा अधीक्षक शशांक चौधरी पर वसूली का आरोप लगा था। जिन्होंने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि रहरा के निजी चिकित्सक के यहां आशा डिलीवरी के लिए महिला को लेकर गई थी। उन्होंने आशा को निजी चिकित्सक के यहां पर महिला के साथ पकड़ लिया। जिसके बाद निजी चिकित्सक ने जिलाधिकारी तथा सीएमओ से शिकायत की थी। डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि वह चार्ज छोड़ने के लिए तैयार हैं। सीएमाओ डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि संचारी कार्यक्रमों के चलते अभी व्यस्त हैं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद विचार विमर्श किया जाएगा।

# दिन भर उमस भरी गर्मी के बाद शाम को बारिश से राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी जूझ रहे लोगों को बुधवार शाम हुई झमाझम बरसात से राहत मिली है। बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे।

बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। लेकिन इसके बाद तेज धूप और उसम भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया। शाम को झमाझम बारिश हुई। पिछले कई दिनों से हो रही उमस भरी गर्मी के बाद बारिश होने से लोगों को राहत मिली। लोग घरों से बाहर निकल आए और बारिश का लुत्फ उठाया। गर्मी में बिजली कटौती भी हो रही है। पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी में पंखे और कूलर भी गर्म हवा दे रहे थे। लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी। उधर, अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि बारिश के बाद बिजली की मांग में भी कमी आएगी। बताया कि गर्मी के कारण बिजली की मांग अधिक हो जाती है, जिस कारण विद्युत विभाग को बिजली की कटौती करनी पड़ती थी।

**बारिश से नगर की सड़कों पर जलभराव : गजरौला :** बुधवार शाम झमाझम बारिश ने नगर पालिका के दावों की पोल खोल दी। बारिश के बाद नाले नालियों के चोक होने पर गंदा पानी सड़कों पर आ गया और दुकानों और घरों में घुस गया। जिससे राहगीरों को सड़कों पर जलभराव होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार शाम हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन पानी कई जगह सड़कों पर भर गया।

वहीं, **उझारी** में भी नाले-नालियों की सफाई न होने पर बारिश का पानी दुकानों तक आ गया। इससे दुकानदारों को परेशानी हुई। बुधवार शाम झमाझम बारिश ने नगर पंचायत के सफाई के दावों की पोल खोल दी। 45 मिनट की बारिश से नगर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। नाले-नालियां चोक होने से गंदा पानी भी सड़कों पर आ गया। जिससे राहगीरों को सड़क पर जलभराव होने से दिक्कतें हुईं।



अमरोहा में बारिश में गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



कैसरा क्षेत्र में पानी में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

### गंगा खादर क्षेत्र में बाढ़ का पानी उतरा

**कैसरा, अमृत विचार :** खादर में बाढ़ का पानी उतर गया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। रसूलपुर भांवर के लोगों का अब आवागमन शुरू हो गया है। रसूलपुर भांव के आस-पास थोड़ा पानी जरूर है, लेकिन अब वह भी काफी कम हो गया है। पानी उतरने के पश्चात ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ के पानी का स्तर आज कम हुआ है। हरिद्वार से जो पानी छोड़ा जा रहा है उस पर नजर रखी जा रही है।

### राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन जारी

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का बुधवार को भी क्रमिक अनशन ग्रामीण बिजली घरों पर जारी रहा। उपेन्द्र सिंह ने बताया कि आसपास के गांवों से जानकारी मिली है कि कुछ गांवों में बिजली विभाग के कर्मचारी प्री-पेड मीटर लगाने के लिए सर्वे करने के लिए गांव-गांव भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि प्री पेड मीटर लगाने के नाम पर सर्वे करने वालों को गांवों में न घुसने दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार पहले किसान की फसलों के नकद भुगतान की व्यवस्था करे। किसानों को अब तक पिछले सत्र का गन्ने का पूरा भुगतान नहीं हुआ है।






श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रतिभागी व शिक्षक।

# बैडमिंटन में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज का रहा दबदबा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में धनौरा संकुल के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आरंभ प्रधानाचार्य महेश चंद्र उपाध्याय व उप प्रधानाचार्य सत्यदेव सिंह ने किया।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालिका वर्ग में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की श्रेया गुप्ता, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की राधिका, बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय द्योटी के छात्र अर्पित व फैज गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के छात्र अहम, 17 वर्ष बालिका वर्ग में राधिका व सानिया का, बालक वर्ग में शेखर व अनस व प्रियांशु, 19 वर्ष बालिका वर्ग में छात्रा रितु व बालक वर्ग में छात्र मणिक गिल, राहुल कुमार गुप्ता व छात्र प्रियांशु का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक विकास गंगवार, संतोष कुमार, कपिल, सुमित यादव, गौरव शर्मा सहित मौजूद रहे।

### कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने पर किया प्रदर्शन

**गजरौला, अमृत विचार :** कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने के विरोध में लोगों ने नगर पालिका के गेट पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। पानी भरने से कब्र पानी में डूब गईं।

नगर पालिका द्वारा सीवर का कार्य कराया जा रहा है। जिसके चलते नालों का गंदा पानी रोककर कब्रिस्तान की तरफ कर दिया। इससे कब्रिस्तान में गंदा पानी भरा हुआ है। लोगों ने बताया कि कब्रिस्तान में पानी भरने से कई कब्रें पानी में डूब गईं हैं। वहीं, कई दिनों से आसपास के लोग जलभराव से जूझ रहे हैं। पालिका से कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिसके विरोध में लोग नगर पालिका के गेट पर एकत्र हुए तथा नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में फहीम, राशिद, सलमान, नदीम, हनीफ, मोहम्मद लकी, शमशाद, अय्यूब अली, शाहिद, मुजाहिद, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

# झोलाछाप के उपचार से महिला की मौत, हंगामा

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक अपंजीकृत अस्पताल में महिला की पुत्र को जन्म देने के बाद हालत बिगड़ी गई। जिसे झोलाछाप हसनपुर में निजी चिकित्सक के पास ले गया था। जहां से उसे मेरठ रेफर किया गया था। महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी 24 वर्षीय महिला को परिजनों ने रविवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर रहरा के झोलाछाप के यहां भर्ती कराया था। जहां झोलाछाप महिला ने बेटे को जन्म दिया था। जिसके बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ने लगी थी। जिसके बाद झोलाछाप महिला को हसनपुर स्थित निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचा, लेकिन महिला की हालत नाजुक होने पर हसनपुर के निजी चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने रहरा में स्थित झोलाछाप के अस्पताल पर हंगामा किया। सूत्रों के मुताबिक बाद में दोनों पक्षों का समझौता हो गया है। इसके बाद परिजनों ने महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।




रहरा में अपंजीकृत अस्पताल वरदान।

न्यायार्जितस्य द्रव्यस्य बोद्धव्यौ द्वावतिक्रमौ।
अपात्रे प्रतिपत्तिश्च पात्रे चाप्रतिपादनम्॥

न्याय और मेहनत से कमाए धन के ये दो दुरूपयोग कहे गए हैं– एक, कुपात्र को दान देना और दूसरा, सुपात्र को जरूरत पड़ने पर भी दान न देना।

## संपादकीय

# खतरनाक इरादा

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवंत-खोरासान (आईएसआईएल-के) क्षेत्र में गंभीर खतरा बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईएसआईएल-के भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के कारण परेशान है और अपने आकाओं के जरिए नए लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है। आईएसआईएल-के, अल-कायदा और उससे जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के बारे में संयुक्त राष्ट्र की विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक सदस्य देशों ने चिंता जताई है कि अफगानिस्तान से पैदा होने वाला आतंकवाद क्षेत्र में असुरक्षा का कारण बनेगा। यह एक कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादी संगठन है जिसे औपचारिक रूप से जनवरी 2015 में इस्लामिक स्टेट की क्षेत्रीय शाखाओं में से एक के रूप में स्थापित किया गया था जो सीरिया और इराक में संचालित होता था। शुरुआत में इसने सीरिया में लड़ाकों के स्थानांतरण को व्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस्लामी आतंकवादी संगठन अल-कायदा की तरह, आईएसआईएल-के ने छोटे स्वायत्त समूहों और अन्य चरमपंथी संगठनों की शाखाओं का एक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र संचालित किया। चिंता की बात है कि आईएसआईएल-के के लड़ाकों की संख्या 4,000 से बढ़कर 6,000 हो गई है। उधर तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी), तालिबान और भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के बीच समर्थन और सहयोग बढ़ा है। वे अफगानिस्तान में लड़ाकों और प्रशिक्षण शिविर साझा कर रहे हैं और तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) के बैनर तले अधिक घातक हमले कर रहे हैं। टीटीपी अन्य आतंकवादी समूहों के लिए एक पनाह देने वाले संगठन में तब्दील हो सकता है। टीटीपी और एक्यूआईएस का संभावित विलय पाकिस्तान और अंततः भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के खिलाफ खतरा बढ़ा सकता है। वास्तव में कट्टरपंथियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों की भयावहता काफी बढ़ गई है। आतंकी संगठन आईएसआईएल-के के पैर पूरी दुनिया में फैले हुए हैं, उसकी नजर भारत पर है। केंद्र सरकार ने 2018 में संगठन पर प्रतिबंध लगाते हुए माना था कि आईएसआईएल-के वैश्विक जिहाद के लक्ष्य को लेकर अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए युवाओं की भर्ती करके आतंकवादी कृत्य करता रहा है। संगठन के द्वारा भारत के युवाओं की भर्ती और उनका अतिवादीकरण राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अगर दुनिया के देश व्यापक और समन्वित तरीके से आतंकवाद से नहीं लड़ते हैं तो खतरा मंडराता रहेगा।

# क्या थी स्मार्ट सिटी की संकल्पना



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

एक तो यह बात लोगों को देर से समझ आई कि जिन 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए इतना बड़ा बजट रखा गया है, असल में यह उस शहर के एक छोटे से हिस्से के पुनर्निर्माण की योजना है, कुछ शहरों में तो विशाल महानगर का महज एक फीसदी हिस्सा ही।

देश की राजधानी दिल्ली में संसद भवन से बमुश्किल चार किलोमीटर दूर सीवर के पानी में डूबकर तीन होनहार बच्चे मर जाते हैं। रांची में एक बरसात में शहर दरिया बन गया। भोपाल में सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। याद करें सन 2014 में एनडीए सरकार बनने के बाद देश ने जिस महत्वाकांक्षी परियोजना से बहुत अधिक उम्मीदें पाली थीं, उनमें देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने का वायदा था। 100 शहरों को स्मार्ट बनाने की जून 2024 की समय सीमा बीत चुकी है और सावन में स्मार्ट सिटी पहले से अधिक डूब रही हैं।

ये शहर अभी एक महीने पहले तक पानी के लिए भी वैसे ही तरस रहे थे जैसे कुछ सौ करोड़ खर्च करने से पहले। यदि सरकारी रिकार्ड की माने तो जुलाई 2024 तक, 100 शहरों ने स्मार्ट सिटी मिशन के हिस्से के रूप में 1,44,237 करोड़ की राशि की 7,188 परियोजनाएं (कुल प्रोजेक्ट का 90 प्रतिशत) पूरी कर ली हैं। 19,926 करोड़ की राशि की शेष 830 परियोजनाएं भी पूरा होने के अंतिम चरण में हैं। वित्तीय प्रगति के मामले में मिशन के पास 100 शहरों के लिए 48,000 करोड़ का भारत सरकार का आवंटित बजट है। आज तक भारत सरकार ने 100 शहरों को 46,585 करोड़ जारी किए हैं। शहरों को जारी किए गए इन फंडों में से अब तक 93 प्रतिशत का उपयोग किया जा चुका है। मिशन ने 100 में से 74 शहरों को मिशन के तहत भारत सरकार की पूरी वित्तीय सहायता भी जारी कर दी है। भारत सरकार ने शेष 10 प्रतिशत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मिशन की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी है। शहरों को सूचित किया गया है कि यह विस्तार मिशन के तहत पहले से स्वीकृत वित्तीय आवंटन से परे किसी भी अतिरिक्त लागत के बिना होगा।

जानना जरूरी है कि स्मार्ट सिटी की संकल्पना क्या थी? इसमें शहर के एक छोटे से हिस्से को पर्याप्त पानी की आपूर्ति, निश्चित विद्युत आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित स्वच्छता, कुशल शहरी गतिशीलता और सार्वजनिक परिवहन, किफायती आवास, विशेष रूप से गरीबों के लिए, सुदृढ़ आईटी कनेक्टिविटी और डिजिटलीकरण, सुशासन, विशेष रूप से ई-गवर्नेंस और नागरिक भागीदारी, टिकाऊ पर्यावरण, नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा और स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विकसित किया जाना था। असल में भारत ने यूरोप की तर्ज पर हमारे शहरों को विकसित करना, जबकि भारत में शहरीकरण की अवधारणा और कारण, यूरोप से बहुत भिन्न हैं। हमारे यहां रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कारणों से शहरीकरण बढ़ रहा है और शहर में रहने वाली बड़ी आबादी के लिए शहर उनका घर नहीं, बल्कि कमाने की जगह है।

> स्मार्ट सिटी के लिए गठित समिति की बैठकें या नहीं होना या फिर बहुत काम होना, बैठक में सांसद आदि का काम शामिल होने की बात इस रिपोर्ट में कही गई है, जिससे परियोजना में जन प्रतिनिधियों के सुझाव कम ही शामिल हुए।

एक तो यह बात लोगों को देर से समझ आई कि जिन 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए इतना बड़ा बजट रखा गया है, असल में यह उस शहर के एक छोटे से हिस्से के पुनर्निर्माण की योजना है, कुछ शहरों में तो विशाल महानगर का महज एक फीसदी हिस्सा ही। दूसरा लोग अभी तक समझ नहीं पाए कि जो हिस्सा कागजों पर स्मार्ट हो गया है, उसमें जलभराव और जल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं पहले से और अधिक खराब क्यों हो गई हैं। अजमेर हो या अयोध्या, त्रिवेंद्रम या पटना, भोपाल या जयपुर हर जगह पहले पांच साल शहर के लोग बेतरतीब खुदाई से परेशान रहे, फिर जब कागजों पर स्मार्ट सिटी का काम पूरा होना दर्ज हो गया तो दिक्कतें और बढ़ गईं।

कुछ जगहों पर तो अंतिम समय में योजनओं में कटौती कर दी गई। पुडुचेरी में स्मार्ट सिटी पहल के तहत यातायात, सीवेज, बाजार सुविधाओं और पार्किंग संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए नियोजित 66 विकास परियोजनाओं में से 32 को हाल ही में स्थगित कर दिया गया। परियोजनाओं का प्रारंभिक परिव्यय 1,056 करोड़ रुपये था, जो 34 परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए लगभग 620 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्र सरकार का कहना है कि उनके द्वारा उपलब्ध करवाए गए बजट का इस्तेमाल बहुत काम हुआ इसलिए उन्होंने परियोजना को स्थगित कर दिया। स्थगित की गई परियोजनाओं में 21 करोड़ रुपये की लागत से लॉस्पेट और दुब्रायनपेट में 5.5 एमएलडी की क्षमता वाले दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। यह ऐसे समय में हुआ है जब सीवेज प्रबंधन की समस्याएं गंभीर हो गई हैं, शहरी क्षेत्रों में मैनहोल से सीवेज का ओवरफ्लो हो रहा है और जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है, ऐसी ही एक घटना में हाल ही में तीन लोगों की जान चली गई।

संसद की आवास और शहरी मामलों पर स्थायी समिति (अध्यक्षः श्री राजीव रंजन) ने "स्मार्ट शहर मिशनः एक मूल्यांकन" पर अपनी रिपोर्ट 8 फरवरी 2024 को प्रस्तुत की थी, जिसने परियोजन के अपेक्षित परिणाम न आने के कई कारण गिनाए, जिसमें स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यान्वयन करने वाले एसवीपी में स्थानीय शहरी निकायों और राज्यों के शामिल होने और उनका जल्दी-जल्दी तबादला होने कोई बात की गई है। वैसे भी एसपीवी मोडेल संविधान के 74 वें संशोधन के अनुरूप ही नहीं है। एक पहाड़ी शहर का सालाना बजट 100 करोड़ भी नहीं है और उसके सिर पर 2500 करोड़ की परियोजना का वजन डाल दिया गया।

स्मार्ट सिटी के लिए गठित समिति की बैठकें या नहीं होना या फिर बहुत काम होना, बैठक में सांसद आदि का काम शामिल होने की बात इस रिपोर्ट में कही गई है, जिससे परियोजना में जन प्रतिनिधियों के सुझाव कम ही शामिल हुए। संसदीय समिति ने बताया कि अमरावती और इंफाल में मंच बैठकें बिल्कुल नहीं हुईं और अन्य शहरों में अधिकतम आठ बैठकें पांच वर्षों में आयोजित की गईं। इसमें यह भी देखा गया कि सांसद राज्य स्तर के सलाहकार मंचों में शामिल नहीं हैं। इस समिति ने भी माना कि समूचे शहर के बनिस्पत शहर के एक छोटे से हिस्से में ही स्मार्ट सिटी परियोजना होने से इसके समग्र परिणाम नहीं दिखे। कचरा प्रबंधन, पीने के पानी की आपूर्ति और यातायात प्रबंधन ऐसी चुनौतियां हैं, जिन्हें यदि पूरे शहर में एक समान लागू न किया जाए तो उनका सर दिखने से रहा। संसदीय समिति ने पाया कि स्मार्ट सिटी के लिए बड़ी मात्रा में निजी और सरकारी डाटा एकत्र और इस्तेमाल तो किया गया, लेकिन उसकी सुरक्षा पर कोई काम ही नहीं हुआ। समिति ने साइबर खतरों से डिजिटल अवसंरचना की रक्षा करने के लिए एक तंत्र बनाने और डेटा गोपनीयता बनाए रखने की सिफारिश की। समिति ने देखा कि स्मार्ट सिटी परियोजना की प्रगति कई छोटे शहरों में धीमी है, जिनमें उत्तरी पूर्वी राज्यों के शहर भी शामिल हैं। कई स्मार्ट शहरों के पास हजार करोड़ परियोजनाओं की योजना बनाने और खर्च करने की क्षमता नहीं थी। केंद्र से 90 प्रतिशत मिशन निधि प्रदान करने के बावजूद, मिशन प्रगति के मामले में 15 में से 8 सबसे निचले रैंकिंग वाले शहर उत्तर-पूर्व से हैं।

दिसंबर 2023 तक 20 सबसे निचले रैंकिंग वाले शहरों में 47 प्रतिशत परियोजनाएं कार्य आदेश चरण में हैं। इसका सबसे बड़ा कारण स्थानीय शहरी निकाय का तकनीकी और अन्य स्तर पर कमजोर होना और इतनी बड़ी परियोजनाओं की निगरानी में अक्षम होना है। यह बानगी है कि केंद्र सरकार ने योजना में सहारों को शामिल करते समय स्थानीय परिस्थियों के बनिस्पत लोकप्रियता या वाहवाही लूटें पर अधिक ध्यान दिया और आज उसका खामियाजा सरकारी धन के सही तरीके से इस्तेमाल न होने के रूप में सामने हैं। इस संसदीय समिति ने समिति ने पाया कि योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की संकल्पना में यह बुरी तरह असफल रही और इस दिशा में छह प्रतिशत ही निजी भागीदारी हो सकी। सांसदों की समिति ने सिफारिश की है कि मंत्रालय की भूमिका शेयरों के हस्तांतरण तक सीमित नहीं होनी चाहिए और उन्हें सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि परियोजनाओं का कार्यान्वयन और पूर्णता हो सके, इसके लिए उन्हें इनपुट और विशेषज्ञता के साथ हस्तक्षेप करना चाहिए। हमारे शहरों में लगभग 49 प्रतिशत आबादी झोंपड़-झुग्गियों और कच्ची कालोनियों में रहती है और स्मार्ट सिटी की सबसे बड़ी मार इन पर विस्थापन के रूप में पड़ी। कुछ जगह इन्हें नए स्थान पर बसाया गया तो इनके कार्य स्थल दूर हो गए, जिससे रोजगार की "स्मार्ट-दिक्कतें" इनके सामने खड़ी हो गईं। काम के लिए अधिक दूर जाना और इस पर समय और परिवहन का व्यय बढ़ने से शहरों की स्मार्टनेस आम लोगों के लिए आफत बन गई।

## प्रसंगवश

# शिशुओं को स्तनपान से मत रखिए वंचित

**विश्व स्तनपान दिवस**

जीवन के प्रथम हजार दिन, शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। इस दौरान अनेक हस्तक्षेपों से शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाई जा सकती है। शिशु मृत्यु दर, विकास और प्रगति का महत्वपूर्ण संकेतक है। इसमें कमी लाने के लिए स्तनपान बहुत प्रभावशाली एवं किफायती हस्तक्षेप है। शोध के अनुसार जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान की शुरुआत कराने मात्र से, लगभग 22 प्रतिशत नवजात शिशु बचाए जा सकते हैं।

अभी तक हम इस अवसर का पूर्ण लाभ नहीं ले पा रहें है, जबकि हमारे प्रदेश में 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएं, संस्थागत प्रसव करवा रही हैं, शीघ्र स्तनपान अभी केवल 24 प्रतिशत नवजात शिशुओं के लिए हो रहा है। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह सभी अस्पतालों की, स्वास्थ्य इकाइयों की जिम्मेदारी है, वह सरकारी हो या प्राइवेट। स्तनपान में विलंब होने से नवजात शिशु मृत्यु दर बढ़ती जाती है। अस्पतालों में जिन महिलाओं की डिलिवरी हुई है, उन्हें स्टाफ द्वारा सपोर्ट किया जाए कि वह अपने शिशुओं को समय से स्तनपान शुरू करवा सकें। अस्पतालों की विशेष जिम्मेदारी है कि शिशुओं को फॉर्मूला मिल्क न दिया जाए। सपोर्ट किए जाने पर, वह महिलाएं भी अपने शिशुओं को शीघ्र स्तनपान करा सकती हैं, जिनकी सिजेरियन सेक्शन या ऑपरेशन से प्रसव हुआ है। शीघ्र स्तनपान का अर्थ है जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराना। इसे दुनियाभर में एक महत्वपूर्ण जीवन रक्षक हस्तक्षेप के रूप में स्वीकार किया गया है। स्तनपान में देरी शिशु मृत्युदर को बढ़ती है। जिन नवजात शिशुओं को स्तनपान कराने मे 2-23 घंटे की देरी हुई, उनमें नवजात मृत्यु दर का जोखिम 1-3 गुना बढ़ गया है और जिनमें 24 घंटे की देरी हुई उनमें यह जोखिम दोगुना हो गया। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि सभी नवजात शिशुओं को ईआईबीएफ लगभग 22 प्रतिशत नवजात शिशुओं की मृत्यु को रोक सकता है)।



पार्थसारथी सेन शर्मा
प्रमुख सचिव स्वास्थ्य

शीघ्र स्तनपान के साथ-साथ यह भी अत्यंत आवश्यक है कि शिशुओं को छह माह तक केवल स्तनपान कराया जाए और ऊपर से कुछ भी न दें, पानी भी नहीं दें बस डॉक्टर की सलाह पर आवश्यकता अनुसार विटामिन/ ओ.आर.एस/ दवाइयां दी जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो स्तनपान अभी केवल 60 प्रतिशत शिशुओं के लिए हो रहा है। इसमें फॉर्मूला मिल्क एक बड़ा बाधक है, जिससे हमें अपने शिशुओं को बचाना चाहिए। शीघ्र स्तनपान व छह माह तक केवल स्तनपान कराने में आशा, ए.एन.एम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों की अहम भूमिका है, जिसे हमें सुदृढ़ करते रहना है। स्तनपान से जुड़ी जो अनेक भ्रांतियां हैं, उन्हें समुदाय में दूर करने में और स्तनपान को प्राथमिकता देने में प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका है। वह गर्भवती महिलाओं को सही समय पर भेंट करके सही जानकारी दें। स्तनपान के अनेकों अनेक लाभ हैं, जिससे हमें माताओं और शिशुओं को वांछित नहीं रखना है।

स्तनपान कराना धात्री महिला की, अकेले की जिम्मेदारी नहीं है। इनके साथ-साथ परिवार जन व समुदाय भी धात्री महिलाओं के सहायक बनें। सबके प्रयास से ही शिशुओं के लिए शीघ्र व केवल स्तनपान का दर बढ़ेगा और विकास के इस मानक को सुदृढ़ करते हुए, उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर रहेगा।

पूरक आहार रखें बच्चें के सेहत की नींव -शिशुओं के पोषण के लिए पूरक आहार के महत्व को समझना बहुत जरूरी है। छह महीने की उम्र के बाद शिशु को सिर्फ स्तनपान से जरूरी पोषण नहीं मिल पाता है। इसलिए छह महीने बाद पूरक आहार शुरू करना बेहद आवश्यक हो जाता है, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर आहार को शामिल किया जाता है। पूरक आहार में घर का बना हुआ पोषक खाना जैसे मसली हुई दाल, दलिया, खिचड़ी, हलवा और फल शामिल करने चाहिए। ये आहार शिशु के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में मदद करते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं। ऐसे में दूसरी तरफ प्राइवेट अस्पतालों में फार्मूला मिल्क के बढ़ते प्रचार को भी हमें हतोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि यह शिशु के लिए फायदेमंद नहीं होता जितना कि स्तनपान और पूरक आहार।

फार्मूला मिल्क से शिशु में सभी आवश्यक पोषक तत्वों की कमी पूरी नहीं होती है, जोकि शिशु के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसलिए शिशु के संपूर्ण पोषण के लिए फार्मूला मिल्क के प्रचार को सीमित करने की जरूरत है और स्तनपान व पूरक आहार को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। तभी बच्चा हमेशा तंदुरुस्त रहेगा।

# चुनौती है खेती पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव



अमरपाल सिंह वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

> कृषि अनुसंधान संस्थानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन करके किसानों को उचित परामर्श देने की महती जिम्मेदारी उठानी होगी।

जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए चुनौती बन गया है। जलवायु परिवर्तन का का व्यापक प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ रहा है। हमारी खेती भी इससे प्रभावित हो रही है। खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव के कारण करोड़ों किसान प्रभावित हो रहे हैं। हाल ही में आई एक सर्वे की रिपोर्ट खेती पर जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का खुलासा करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच वर्षों में प्रतिकूल जलवायु घटनाओं के कारण भारत में 80 प्रतिशत सीमांत किसानों को फसलों का नुकसान उठाना पड़ा है।

दुनियाभर के विशेषज्ञ एक अर्से से जलवायु परिवर्तन के खतरों के बारे में चेताते आ रहे हैं, लेकिन इसे अपेक्षित गंभीरता से नहीं लिया गया है। जलवायु परिवर्तन पर चर्चा तो होने लगी है मगर इससे निपटने के लिए कारगर उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो रहा है। हम सब जानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के पैटर्न में बदलाव हो रहा है। कभी अधिक वर्षा तो कभी सूखे की स्थिति बन जाती है, जिससे फसलों का उत्पादन प्रभावित होता है। हाल के दो-तीन सालों में उच्च तापमान से फसलों की वृद्धि प्रभावित हुई है। गेहूं जैसी कई फसलें अत्यधिक तापमान को सहन नहीं कर पाईं, जिससे उनकी पैदावार घटी है। उच्च तापमान और नमी की स्थिति ने कीटों और रोगों के प्रकोप को बढ़ाया है।

उत्तरी भारत की कपास पट्टी में पिछले कई सालों से गुलाबी सुंडी कपास की फसल को चट कर रही है। फसलों के जिन रोगों के बारे में कृषि विभाग को पता है, उनसे निपटना ही भारी पड़ रहा है। ऊपर से यह आशंका भी है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ नए रोग भी फसलों पर हमला कर सकते हैं, जिनसे निपटने के लिए किसानों के पास उचित तैयारी नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के अनेक नुकसान खेती को प्रभावित कर रहे हैं। देश के विभिन्न भागों में जलवायु परिवर्तन के कारण सूखे की स्थिति बन रही है, इससे भूजल का अधिक दोहन हो रहा है, जो जलस्तर में गिरावट की वजह बन रहा है। जहां कहीं अत्यधिक वर्षा देखने हो रही है, वहां इस कारण मिट्टी का कटाव होने से उसकी उर्वरता कम हो रही है। सूखे की स्थिति में मिट्टी में लवणता बढ़ जाती है, जिससे फसलों की वृद्धि में रुकावट आती है।

जलवायु परिवर्तन का नुकसान किस कदर प्रत्यक्ष नजर आने लगा है, इसका अनुमान डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआइयू) के सहयोग से फोरम ऑफ एंटरप्राइजेज फॉर इक्विटेबल डेवलपमेंट (एफइडी) द्वारा किए गए सर्वे के नतीजों से लगाया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले पांच वर्षों में प्रतिकूल जलवायु घटनाओं के कारण भारत में 80 फीसदी सीमांत किसानों को फसल का नुकसान उठाना पड़ा है। इस सर्वे में 21 राज्यों में 6,615 किसानों से बातकर हालात की थाह ली गई है। सर्वे के नतीजे बताते हैं कि फसल के नुकसान के प्राथमिक कारणों में सूखा (41 प्रतिशत), अत्यधिक या गैर-मौसमी बारिश सहित अनियमित वर्षा (32 प्रतिशत) और मानसून का समय से पहले वापस लौटना या देर से आना (24 प्रतिशत) है। सर्वे में जिन किसानों को शामिल किया गया, उनमें से लगभग 43 प्रतिशत किसानों को खेतों में खड़ी फसलों का कम से कम आधा हिस्सा गंवाना पड़ा है। असमान वर्षा से चावल, सब्जियां और दालें खास तौर पर प्रभावित हुई हैं।

देश में कहीं जल की अधिकता और कहीं कमी से किस प्रकार किसान नुकसान झेल रहे हैं, इस बारे में सर्वे रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। यह सर्वे रिपोर्ट बताती है कि देश के उत्तरी राज्यों में धान के खेतों के अक्सर एक सप्ताह से अधिक समय तक जलमग्न रहने की वजह से नए रोपे गए पौधे नष्ट हो जाते हैं। खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत होने की जरूरत है। अगर किसानों की आमदनी में और गिरावट आती है तो उनमें निराशा का भाव बढ़ेगा। यह निराशा कई समस्याओं को जन्म देगी। फसलों की पैदावार में कमी के कारण खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडराना स्वाभाविक है, जिससे अन्न की कमी से समाज में कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

कृषि अनुसंधान संस्थानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का अध्ययन करके किसानों को उचित परामर्श देने की महत्ती जिम्मेदारी उठानी होगी। जलवायु परिवर्तन का खेती पर प्रतिकूल प्रभाव एक गंभीर चुनौती है, जिसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। सतत और अनुकूल कृषि प्रथाओं को अपनाकर सुनियोजित तरीके से जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना किया जा सकता है। अगर हम ऐसा करेंगे तो ही भावी पीढ़ियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव है।

## सोशल फोरम

# जैसे गेंदबाज पीछे जाता है



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारत के लोगों ने सामान्यतः पश्चिम और अपने अतीत से वह लिया जो बुरा और रूढ़ि है और दोनों जगहों का वह छोड़ दिया, जो अच्छा और उत्थानशील है। पश्चिम की ओर दिमाग को खुला रखने के बावजूद हमारे देश के अधिकांश लोगों का अतीत के मुर्दा हिस्सों के इर्द-गिर्द चक्कर काटना नहीं छूटा। अतीत का जीवंत सार फिसल गया, हाथ में छिलका रह गया। इस तरह न आधुनिकता-विवेक पनप पाया और न परंपरा-विवेक, जो एक बड़ी भारतीय विडंबना है।

किसी देश या प्रांत के लोगों की पहचान वहां की परंपराओं से होती है, जो दार्शनिक, सांस्कृतिक और कला-साहित्यिक हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि परंपराएं एक कठोर बाउंडरी बनाती हैं या वे महज पृथकता दिखाने के लिए हैं। प्रथाएं अतीत की ओर देखती हैं, पर परंपराओं का संवाद हमेशा महान भविष्य से होता है। जैसे क्रिकेट के खेल में गेंदबाज पीछे जाता है, आगे की तरफ गेंद फेंकने के लिए। परंपरा राख को बचाना नहीं है, बल्कि अग्नि-प्रकाश लेकर चलना है। यह अपनी जड़ों से जुड़ना है, जड़ हो जाना नहीं है। परंपराएं प्राचीन या आधुनिक अतीत के ऊंचे आदर्शों से ही नहीं, आम लोगों से भी कनेक्ट करती हैं। ये जीवन की हंसी-खुशी को व्यापक करती हैं। परंपराओं से संपर्क रूढ़ियों तथा बंधनों से लड़ने के एक दीर्घ इतिहास से जोड़ता है और हरेक को उसकी बौनी छाया से मुक्त करता है। अतीत परंपरा का अर्थ निर्धारित नहीं करता, उसकी उपस्थिति भले हो। वर्तमान ही परंपरा का अर्थ घोषित करता है। इसलिए अपने देश की साहित्यिक-सांस्कृतिक परंपराओं को महज अतीत के स्मारक के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि वे वस्तुतः ऐसी स्मृतियां हैं, जिन्हें अलग-अलग उद्देश्यों से दबा देने, विरूपित करने या विभाजित करने के बार-बार प्रयत्न हुए हैं।

भारत में मनुष्य-मनुष्य के बीच प्रेम और न जाने कितनी महान धार्मिक और लोकतांत्रिक आवाजों को, देश के नवजागरण के महान व्यक्तित्वों को, शहीदों के स्वप्नों और वैश्विक आदर्शों को तामझाम से भरे झूठ के शक्तिशाली प्रचारों ने स्मृति से बाहर निकाल फेंका है। स्वेच्छाचारी और व्यक्तिवादी प्रवृत्ति के व्यक्ति ऐसे भी महान पंरपराओं और आम लोक आकांक्षाओं की परवाह नहीं करते।

**-फेसबुक वॉल से**

# प्रेमचंद और ईश्वर



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> शिवरानी देवी से बातचीत करते हुए प्रेमचंद ने ईश्वर के बारे में कहा ईश्वर पर विश्वास नहीं होता कि अगर वह सचमुच ईश्वर है तो क्या दुखियों को दुख देने में ही उसे मजा आता है? फिर भी लोग उसे दयालु कहते हैं। वह सबका पिता है। फला-फूला बाग उजाड़कर वह देखता है और खुश होता है।

अक्सर बात होती है कि प्रेमचंद ईश्वर को मानते थे। यह भी सवाल उठता है कि प्रेमचंद ने इस्लाम धर्म की आलोचना कहां की है? हिन्दू-मुस्लिम भेदभाव का विस्तार से जिक्र करने के बाद प्रेमचंद ने मनुष्यता का अकाल (जमाना, फरवरी 1924) निबंध में लिखा, इतिहास में उत्तराधिकार में मिली हुई अदावतें मुश्किल से मरती हैं, लेकिन मरती हैं, अमर नहीं होतीं। उपरोक्त निष्कर्ष निकालने के पहले प्रेमचंद ने मनुष्यता का अकाल में ही लिखा, हमको यह मानने में संकोच नहीं है कि इन दोनों संप्रदायों में कशमकश और संदेह की जड़ें इतिहास में हैं। मुसलमान विजेता थे, हिन्दू विजित। मुसलमानों की तरफ से हिन्दुओं पर अक्सर ज्यादतियां हुईं और यद्यपि हिन्दुओं ने मौका हाथ आ जाने पर उनका जवाब देने में कोई कसर नहीं रखी, लेकिन कुल मिलाकर यह कहना ही होगा कि मुसलमान बादशाहों ने सख्त से सख्त जुल्म किए।

हम यह भी मानते हैं कि मौजूदा हालात में अजान और कुर्बानी के मौकों पर मुसलमानों की तरफ से ज्यादतियां होती हैं और दंगों में भी अक्सर मुसलमानों ही का पलड़ा भारी रहता है। ज्यादातर मुसलमान अब भी मेरे दादा सुल्तान थे नारे लगाता है और हिन्दुओं पर हावी रहने की कोशिश करता रहता है। इसी निबंध में पहली बार धार्मिक प्रतिस्पर्धा को निशाना बनाते हुए उन्होंने तीखी आलोचना लिखी। उस तरह की आलोचना सिर्फ ऐसा ही लेखक लिख सकता है, जिसकी ईश्वर की सत्ता में आस्था न हो, उन्होंने लिखा, दुनियावी मामलों में दबने से आबरू में बट्टा लगता है, दीन-धर्म के मामले में दबने से नहीं। आगे लिखा यह किसी मजहब के लिए शान की बात नहीं है कि वह दूसरों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाए। गौकशी के मामले में हिन्दुओं ने शुरू से अब तक एक अन्यापूर्ण ढंग अख्तियार किया है। हमको अधिकार है कि जिस जानवर को चाहें पवित्र समझें, लेकिन यह उम्मीद रखना कि दूसरे धर्म को मानने वाले भी उसे वैसा ही पवित्र समझें, खामखाह दूसरों से सर टकराना है। गाय सारी दुनिया में खाई जाती है, इसके लिए क्या आप सारी दुनिया को गर्दन मार देने काबिल समझेंगे? यह किसी खूंखार मजहब के लिए भी शान की बात नहीं हो सकती कि वह सारी दुनिया से दुश्मनी करना सिखाए।

आगे लिखा हिन्दुओं को अभी यह जानना बाकी है कि इंसान किसी हैवान से कहीं ज्यादा पवित्र प्राणी है, चाहे वह गोपाल की गाय हो या ईसा का गधा, तो उन्होंने अभी सभ्यता की वर्णमाला भी नहीं समझी। हिन्दुस्तान जैसे कृषि-प्रधान देश के लिए गाय का होना एक वरदान है, मगर आर्थिक दृष्टि के अलावा उसका और कोई महत्व नहीं है, लेकिन गोरक्षा का सारे हो-हल्ले के बावजूद हिन्दुओं ने गोरक्षा का ऐसा सामूहिक प्रयत्न नहीं किया, जिससे उनके दावे का व्यावहारिक प्रमाण मिल सकता। गौरक्षिणी सभाएं कायम करके धार्मिक झगड़े पैदा करना गो रक्षा नहीं है। प्रेमचंद का मानना है कि वर्तमान समय में धर्म विश्वासों के संस्कार का साधन नहीं, राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि का साधन बना लिया गया है। उसकी हैसियत पागलपन की-सी हो गई है, जिसका वसूल है कि सब कुछ अपने लिए और दूसरों के लिए कुछ नहीं। जिस दिन यह आपस की होड़ और दूसरे से आगे बढ़ जाने का ख्याल धर्म से दूर हो जाएगा, उस दिन धर्म-परिवर्तन पर किसी के कान नहीं खड़े होंगे। प्रेमचंद ने हिन्दू और मुसलमानों को धर्म के नाम पर भड़काने वालों और धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों की तीखी आलोचना की है।

शिवरानी देवी से बातचीत करते हुए प्रेमचंद ने ईश्वर के बारे में कहा ईश्वर पर विश्वास नहीं होता कि अगर वह सचमुच ईश्वर है तो क्या दुखियों को दुख देने में ही उसे मजा आता है? फिर भी लोग उसे दयालु कहते हैं। वह सबका पिता है। फला-फूला बाग उजाड़कर वह देखता है और खुश होता है। दया तो उसे आती नहीं। लोगों को रोते देखकर शायद से खुशी ही होती है, जो अपने आश्रितों के दुख पर दुखी न हो। वह कैसा ईश्वर है। आगे वकौल शिवरानी देवी प्रेमचन्द पूछते हैं तब कैसे ईश्वर हमसे अन्याय कराता है, जो अच्छा समझे वही हमसे कराए, हम जिससे दुखी न हो सकें। कुछ नहीं। यह सब धोखे में डालने वाली भावनाएं हैं, बस अपने को धोखे में डालने के लिए यह सब प्रपंच रचे गए हैं और नहीं तो हम प्रत्यक्षतः कोई बुरा काम नहीं करते तो लोग कहते हैं। अगले जन्म में बुरा काम किया होगा, उसी का फल है और मैं कहता हूं, यह सब गोरखधंधा है। प्रेमचंद मानते थे भगवान मन का भूत है, जो इंसान को कमजोर कर देता है। ईश्वर का आधार अंधविश्वास है और इस अंधविश्वास में पड़ने से तो रही सही अक्ल भी मारी जाती है। प्रेमचन्द का किसी भी परंपरागत धर्म में विश्वास नहीं था। इस संबंध में उर्दू के प्रसिद्ध विद्वान मुहम्मद आकिल साहब ने लिखा है प्रेमचंद जी ने मुझसे कहा कि मुझे रस्मी मजहब पर कोई एतबार (विश्वास) नहीं है, पूजा-पाठ और मंदिरों में जाने का मुझे शौक नहीं। शुरू से मेरी तबियत का यही रंग है। बाज लोगों की तबियत मजहबी होती है। मैं मजहबी तबियत रखने वालों को बुरा नहीं कहता, लेकिन मेरी तबियत रस्मी मजहब की पाबंदी को बिल्कुल गवारा नहीं करती। शिवरानी जी ने प्रेमचंद से सवाल किया आप मुसलमानों की ओर हैं या हिन्दुओं की ओर? जवाब दियाः मैं एक इंसान हूं और जो इंसानियत रखता हो, इंसान का काम करता हो, मैं वही हूं और मैं उन्हीं लोगों को चाहता हूं। मेरे दोस्त अगर हिन्दू हैं तो मेरे कम दोस्त मुसलमान भी नहीं हैं और इन दोनों में मेरे नजदीक कोई खास फर्क नहीं है। मेरे लिए दोनों बराबर हैं।

## सार-संक्षेप

### विवादित बयान को लेकर केशव मौर्य के खिलाफ याचिका

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ उनके विवादित बयान को लेकर एक याचिका दाखिल की गई है। गत 14 जुलाई को दिए गए अपने बयान में उप मुख्यमंत्री ने कहा था कि पार्टी संगठन सरकार से बड़ा होता है। उनके इस बयान की काफी आलोचना हुई, जिसकी वजह से उनके संवैधानिक पद की पवित्रता और अखंडता पर सवाल उठ रहे हैं। याचिका में यह तर्क दिया गया है कि उक्त बयान उनके पद की गरिमा को कम करता है और राज्य सरकार की पारदर्शिता और शुद्धता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। बयान पर भाजपा, प्रदेश के राज्यपाल और चुनाव आयोग द्वारा कोई प्रतिक्रिया या खंडन ना होना मामले को जटिल और गंभीर चिंता का विषय बनाता है। अधिवक्ता मंजेश कुमार यादव द्वारा दाखिल याचिका में उप मुख्यमंत्री के आपराधिक इतिहास का भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि वर्तमान पद से पहले उन पर सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती मामले में जवाब तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती मामले में खाली रह गए पदों पर नियुक्ति को लेकर दाखिल याचिका पर राज्य सरकार व आयोग से तीन हफ्तों में जवाब तलब किया है। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 27 अगस्त को होगी। याचिका के अनुसार वर्ष 2019 के भर्ती विज्ञापन में सामान्य के 346, अनुसूचित जाति व जनजाति के 60, अन्य पिछड़ा वर्ग के 193 पद आरक्षित हैं, जिसकी अहर्ता में 'ओ' लेवल डिप्लोमा कोर्स था। याचियों ने भी उक्त विज्ञापन में आवेदन किया। दस्तावेज सत्यापन के लिए 2248 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। याचियों की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि क्षैतिज आरक्षण से पद भरे गए, लेकिन 27 पद योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने कारण रिक्त रह गए हैं, जिन पर आरक्षित कोटे में नियुक्ति की मांग की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

### डीआईओएस वरिष्ठता सूची में हस्तक्षेप नहीं कर सकते

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रबंध समिति द्वारा वरिष्ठता सूची में जिला विद्यालय निरीक्षक के हस्तक्षेप के अधिकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम या अन्य किसी भी कानून में ऐसा कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है, जो जिला विद्यालय निरीक्षक को किसी भी संस्थान की प्रबंध समिति द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में हस्तक्षेप कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त करने का अधिकार देता हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने सी/एम कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इंटर कॉलेज और अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल, कॉलेज की प्रबंध समिति ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर डीआईओएस, बदायूं द्वारा जारी संशोधित वरिष्ठता सूची को चुनौती दी थी।

### विधानसभा में पास हुआ राज्य राजधानी क्षेत्र विधेयक

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) विधेयक पारित हो गया। इससे एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और उसके पड़ोसी जिलों उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, और बाराबंकी का उचित, व्यवस्थित और त्वरित विकास हो सकेगा। उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों का गठन विधेयक-2024 के माध्यम से राज्य सरकार का उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण और अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके गठन के लिए राज्य सरकार पर किसी प्रकार का व्यय भार प्रस्तावित नहीं है। इसके तहत सभी 6 जिलों के 27 हजार 860 वर्ग मीटर एरिया को समेटकर राज्य राजधानी क्षेत्र बनाया गया है। इससे इन सभी जिलों में तेज विकास किया जा सकेगा और यहां रहने वाले लोगों को एनसीआर की तर्ज पर सुविधाएं प्रदान की सकेंगी।

# मुलायम ने लागू की थी न्यू पेंशन स्कीम: योगी

## सरकारी कर्मचारियों के पेंशन मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने विधानपरिषद में दिया बयान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सन् 2005 से 2017 तक सपा बसपा की सरकारें थी, और कर्मचारियों के खाते में पैसा नहीं गया। भाजपा की सरकार करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले गए और पैसे डाले गए। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई, तब मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी का पेंशन खाता नहीं खोला गया। उन्होंने कहा कि 2018 में जब ये बात संज्ञान में आई, तब तत्कालीन



विधान परिषद में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

वित्त सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी का अंतिम भुगतान जो होगा उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर थोड़ा और बढ़ाए। इसके बाद पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। सन् 2005 से 2017 तक का पैसा कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था क्योंकि खाता ही नहीं था।

**पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने पर हुई कार्रवाई :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है, साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े।

### नेता प्रतिपक्ष ने फिर किया वेल में विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** विधान परिषद में बुधवार को बदहाल चिकित्सा सेवाओं पर उठाए गए सवाल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों के साथ नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने बोलना शुरू किया तो सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें रोक दिया। इस पर नाराज नेता प्रतिपक्ष ने वेल में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सपा के आशुतोष सिन्हा व मो. जासमीर अंसारी, राजेन्द्र चौधरी, डॉ. मान सिंह यादव ने चिकित्सा सेवाओं का मुद्दा उठाया। कार्य स्थगन के प्रस्ताव पर बोलने से रोकने पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सभापति सदन नहीं चलने देना चाहते हैं, जबकि स्वास्थ्य मंत्री को समस्या से अवगत कराया जा रहा है।

### जबरन धर्म परिवर्तन संशोधन विधेयक विप में भी पारित

उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक-2024 समेत पांच विधेयक बुधवार को विधान परिषद में भी पारित हो गये। पारित विधेयकों में सार्वजनिक परीक्षा विधेयक 2024 विधेयक 2024 भी शामिल है।

# बाइक खींच कर युवती को गिराया उठाने के बहाने की छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**शोहदों का हुड़दंग**



● पुलिस आयुक्त ने गिरफ्तारी के लिए लगाईं तीन टीमें

**अमृत विचार :** राजधानी के अतिसुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में डेढ़ घंटे की झमाझम बारिश के बाद हुड़दंगी बेकाबू हो गए। गोमतीनगर में ताज होटल और अंबेडकर पार्क के पास जलभराव के बीच आने-जाने वालों के साथ बदतमीजी कर लखनवी तहजीब को शर्मसार कर दिया। वाहनों पर चुल्लू से पानी फेंका। कार सवार तो जैसे-तैसे निकल गए, लेकिन कई दोपहिया वाहन सवारों को उन्होंने धक्का देकर गिराया। एक बाइक सवार युगल पर हुड़दंगियों की नजर पड़ी तो वह झपट पड़े। दोनों ओर से उन पर पानी उछाला। एक ने पीछे से खींच कर बाइक गिरा दी। दोनों गिर पड़े तो युवती को उठाते हुए एक ने छेड़खानी की। साथी उसे बचाने का प्रयास करता रहा। इसका 19 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। फिलहाल पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने मामले का संज्ञान लेकर अराजकतत्वों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई हैं।

### स्कूटी सवार को गिराया कार की खिड़कियां खुलवाकर पानी फेंका

अराजक तत्वों के निशाने पर कई वाहन चालक रहे। एक स्कूटी सवार हेलमेट लगाकर निकल रहा था। उसे घेर कर पहले उसके ऊपर पानी फेंका, फिर स्कूटी समेत उसे गिरा दिया। इसके कुछ देर बाद कार सवार निकले। कार घेर कर रुकवाने के बाद जबरन खिड़कियां खुलवाकर अंदर मौजूद लोगों पर पानी फेंका।

# आगरा में पंचों ने दुष्कर्म के आरोपी को दी पांच जूते मारने की सजा

आगरा, एजेंसी

● वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज

युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पंचों ने पांच जूते मारने और पीड़ित परिवार को 15 हजार रुपये देने की सजा सुनाई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी को जूते मारने का एक वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक, घटना 25 जुलाई को शाम उस समय हुई, जब भोगीपुरा क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती किसी काम से घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। उसी रात 9 बजे परिवार के सदस्यों ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई और मोहल्ले के ही एक युवक पर आरोप युवती को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप लगाया। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशे का पदार्थ मिलाकर युवती को पिला दिया और बेहोश होने के बाद उससे दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक, मामला सामने आने के बाद मोहल्ले में पंचायत हुई, जिसमें आरोपी को पीड़ित परिवार को 15 हजार रुपये देने की सजा सुनाई गई और साथ ही पांच जूते मारने का फरमान सुनाया गया।

# पावर कॉरपोरेशन के 18 कर्मी सेवानिवृत्त तत्काल मिला देय

**लखनऊ, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के 18 अभियंता-कर्मचारी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये। शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन कर्मियों को देय व पेंशन प्रपत्र उपलब्ध कराए गए। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कर्मियों को पेंशन प्रपत्र सौंपते हुए उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्ति के बाद कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे, उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, पर अब इसे समाप्त कर दिया गया है।

# 13 नए मेडिकल कॉलेजों में सात को मिली मान्यता, शुरू होगा पहला सत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य के 13 नए मेडिकल कॉलेजों में सात कॉलेजों को इसी साल पहला एमबीबीएस सत्र शुरू होगा। इन सात कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद प्रदेश में एमबीबीएस की 600 सीटें बढ़ गई हैं। इसके लिए नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने पत्र जारी कर अनुमति दी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का कहना है शेष छह मेडिकल कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए मानक पूरे करते हुए जल्द ही दोबारा अपील की जाएगी, संभवता उनमें भी अनुमति मिल जाएगी।

मेडिकल शिक्षा विभाग की महानिदेशक(डीजीएमई) किंजल सिंह ने बताया कि बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात और ललितपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को सत्र शुरू करने की अनुमति मिली है।

### एमबीबीएस की हो गईं 10,500 सीटें

अभी तक प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल 3828 सीटों पर प्रवेश मिलता था, आगामी सत्र के लिए 722 सीटें बढ़ने के बाद प्रदेश में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 4550 पहुंच गई हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र में 150 सीटों की बढ़ोत्तरी के बाद सीटों की संख्या 5600 पहुंच गई है, जो अब तक 5450 सीटें थीं। इसके अलावा पीपीपी मोड पर संचालित तीन नए मेडिकल कॉलेजों में 350 सीटें काउंसिलिंग के लिए उपलब्ध है। इस प्रकार इस साल प्रदेश में सरकारी, निजी और पीपीपी मोड में संचालित मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 10,500 सीटों पर काउंसिलिंग कराई जाएगी।

# चीनी मिल्स संघ के पूर्व एमडी के ठिकानों पर छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● गोमतीनगर में आवास, होटल सहित लखीमपुर में दो फार्म हाउस का पता चला

**अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर सत्तर्कता अधिष्ठान ने बुधवार को उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ के पूर्व एमडी दिनेश चंद्र गुप्ता के आवास एवं होटल पर सर्च कार्रवाई की। इस दौरान गोमतीनगर के विजयंतखंड में एक मकान, लखीमपुर में दो फार्म हाउस, 73 लाख के निवेश एवं अन्य कागजाद बरामद हुए।

सतर्कता अधिष्ठान के अधिकारियों ने बताया कि दिनेश चंद्र गुप्ता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच करने संबंधी आदेश न्यायालय से प्राप्त किया गया था। दरअसल, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करना, पाए जाने पर खुली जांच आख्या शासन को प्रेषित की गई थी। अंतिम आख्या में की गई संस्तुति को स्वीकार करते हुए शासन द्वारा दिनेश चन्द्र गुप्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए गए थे। विवेचना के दौरान विवेचक द्वारा न्यायालय से आरोपी के आवास, बैंक लॉकर एवं प्रतिष्ठान (होटल) पर सर्च की कार्रवाई के लिए सर्च वारंट का अनुरोध किया गया। इस दौरान विभवखंड, गोमतीनगर लखनऊ (होटल) एवं बैंक लॉकर पर तीन टीमों का गठन कर सर्च की कार्यवाही कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि विजयंतखंड के मकान नंबर 4/83 गुप्ता का आवास पाया गया एवं लखीमपुर खीरी में दो फार्म हाउस एवं कृषि भूमि के प्रपत्र प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त म्युचुअल फण्ड, शेयर, एलआईसी, किसान विकास पत्र, एनएससी, एफडी, बैंक बैलेंस में लगभग 73 लाख निवेश से संबंधित कागजात प्राप्त हुए। इसके अलावा विभवखंड स्थित होटल में 18 कमरे संचालित पाए गए। बैंक लॉकर के संबंध में भी जानकारी ली जा रही है।

# ऊर्जा निगमों में निदेशकों की उम्र का मामला पहुंचा नियामक आयोग

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में निदेशकों की आयु सीमा 62 साल से बढ़ाकर 65 साल किये जाने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग में पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बुधवार को इसके खिलाफ नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप की मांग की।

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि शासन ने आयु सीमा बढ़ाकर केंद्र सरकार की गाइड लाइन का उल्लंघन किया है। प्रदेश के अलावा किसी राज्य में 65 साल आयु सीमा नहीं है। राज्य सरकार ने निगमों में खाली पड़े पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। उपभोक्ता परिषद ने अपनी याचिका में तर्क दिया है कि ऊर्जा मंत्रालय की गाइडलाइन में निदेशक पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष अनिवार्य है, फिर प्रदेश में 62 वर्ष के बाद उसे अधिकतम 65 वर्ष किया जाना 'भ्रष्टाचार' का सबसे बड़ा उदाहरण है। ऐसे में आयु सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव देने वाले अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## वर्ग पहेली-148

**बाएं से दाएं**

1. 1. क्रांतिकारी, साम्यवादी, सुधारवादी 2. रूस में लेनिन के अनुयायी वामपंथी दल का सदस्य, बुर्जुआ वर्ग के विरुद्ध क्रांति का समर्थक रूसी सोशल डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी का एक पक्ष या दल 3. सर्वहारा या श्रमिक वर्ग के शासन का समर्थक।

5. (काव्यशास्त्र) वह नायिका जो नायक से रुष्ट या असंतुष्ट होने पर मान करती हो।

6. वह जो हमेशा बीमार रहता हो और जल्दी स्वस्थ न हो सकता हो; जिसके शरीर में किसी रोग ने जड़ जमा ली हो।

7. 1. पतंजलि द्वारा रचित 'योगशास्त्र' 2. पतंजलिकृत 'योगसूत्र' के अनुसार योग आचरण या योगसाधना करने वाला व्यक्ति।

8. 1. याजक 2. यज्ञ करने वाला।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. विधानसभा, विधायिका, विधायिका सभा 2. विधान सभा तथा विधान परिषद मिलकर विधानमंडल कहलाते हैं 3. लोकतंत्रीय शासन में जनता के प्रतिनिधियों की वह सभा जो देश के लिए कानून और कायदे आदि बनाती है, (लेजिसलेचर)।

3. 1. वह जो उल्लेखनीय कार्य करता है, कृतकार्य, कुशल, निपुण, दक्ष 2. पुण्यात्मा।

4. जिसका अनुपात समान या बराबर हो; (प्रपोर्शन)।

6. 1. पशु-पक्षी आदि को बंद करके रखने हेतु धातु या लकड़ी आदि की तीलियों से निर्मित बक्सा; पिंजरा 2. ऐसा स्थान जहाँ से किसी का बाहर निकलना कठिन



### वर्ग पहेली -147 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 ह | ■ | 2 भ |
| ■ | 3 च | ट | क | दा | र |
| 4 खूँ | ■ | ■ | मा | ■ | पा |
| ट | ■ | ■ | लि | ■ | ई |
| ना | ■ | 5 बे | का | बू | ■ |
| ■ | 6 चे | प | ना | ■ | 7 म |
| ■ | ■ | र | ■ | ■ | णि |

## सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 7 | | 3 | 1 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| | | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | | | 4 | | 8 | 9 | | |
| 8 | | 6 | | | | 7 | | 4 |
| | | 1 | 3 | | 2 | | | |
| 1 | | 2 | | | 9 | | | |
| 7 | 5 | 9 | | | | | | 2 |
| 4 | 8 | | 7 | | | 1 | | |

### सुडोकू -60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 7 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 |

# अब्दुल्ला आजम के फर्जी पासपोर्ट मामले में आकाश सक्सेना को नोटिस

**प्रयागराज, अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान के कथित फर्जी पासपोर्ट मामले में सूचनादाता आकाश



सक्सेना को बुधवार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। पूर्व विधायक अब्दुल्ला ने रामपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सांसद विधायक) के 19 मार्च 2024 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनके पासपोर्ट की वास्तविकता पर सवाल खड़ा करने के आपराधिक मामले में बचाव संबंधी कुछ साक्ष्य प्रस्तुत करने का उनका अनुरोध ठुकरा दिया गया था। इससे पूर्व 18 जुलाई को हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया गया था।

# एक्सप्रेस-वे के किनारे होगा 33 क्लस्टर्स का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● इंडस्ट्रियल व डिफेंस कॉरिडोर के तहत जल्द शुरू होगी प्रक्रिया

**अमृत विचार :** प्रदेश के 30 जिलों में एक्सप्रेसवे के किनारे 33 इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) की स्थापना किए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यूपीडा ने सभी आईएमएलसी की रिपोर्ट्स के संकलन व निर्माण के लिए एजेंसी तय की है। 33 इंटीग्रेटेड मैनुफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स की स्थापना कुल 5 एक्सप्रेसवे के किनारे होगी। इनमें गंगा एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ



एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे तथा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे मुख्य हैं। इनमें से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे किनारे आगरा व अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर के लिए एडिशनल लैंड अलॉटमेंट तथा फिरोजाबाद, इटावा व कन्नौज में आईएमएलसी के अंतर्गत इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना की जाएगी। वहीं, कानपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के साथ ही डिफेंस कॉरिडोर के लिए एडिशनल लैंड नोड भी प्रस्तावित है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे गोरखपुर में 62.93 हेक्टेयर में आईएमएलसी के अंतर्गत इंडस्ट्रियल कॉरीडोर तथा अंबेडकरनगर में 143.63 हेक्टेयर व 230.84 हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल कॉरीडोर्स का निर्माण प्रस्तावित है। जबकि, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे किनारे लखनऊ में 90 हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स का विकास प्रस्तावित है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 15.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.24 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**वृष** — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। अनावश्यक विचारों में अपना समय बर्बाद न करें। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आप गृहकार्य में काफी व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज मानसिक शांति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे। धन की समस्या दूर होगी। काम में लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि ले सकते हैं। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा।

**कर्क** — आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है।

**सिंह** — आज धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। सरकारी कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नए कार्यों में आप रुचि लेंगे। शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे।

**कन्या** — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**तुला** — आज मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आप काफी सारे कार्यों में एक साथ रुचि लेंगे। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। अपनी गलतियों को स्वीकारने में न हिचकें। अपने दिल की बातें दूसरों से शेयर न करें। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है।

**धनु** — आज घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मकर** — आज लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपकी कार्यशैली से अधिकारी बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। इससे आपको उनकी समस्याओं को समझने में आसानी होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिंतकों का निरादर न करें। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर रहेगा। आप दिखावे में काफी धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
मेला — सुबह : 10.13
अल्ला रक्खा — रात : 07.01

&pictures
धड़क — सुबह : 11.00
कार्तिक कॉलिंग कार्तिक — रात : 08.00

SONY PIX
चार्लीज एंजल्स — सुबह : 09.22
वंडर वुमन-1984 — शाम : 04.20

ZEE CINEMA
विवाह — दोपहर : 12.43
सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
मैं हूं ना — सुबह : 10.18
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 08.01

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एग्जाम हॉल में मिंकू चुपचाप बैठा था
टीचर- तुम कुछ लिख क्यों नहीं रहे?
मिंकू- कुछ आ ही नहीं रहा
टीचर- अरे कुछ तो आ ही रहा होगा
मिंकू- हां
टीचर- क्या?
मिंकू- रोना।

गप्पू जब भी कपड़े धोता, तभी बारिश हो जाती।
एक दिन धूप निकली तो वो खुश हुआ और दुकान पर सर्फ लेने चला गया।
वो जैसे ही दुकान पर गया, बादल जोर-जोर से गरजने लगे।
गप्पू आसमान की तरफ मुंह करके बोला -क्या? किधर? मैं तो बिस्कुट लेने आया हूं।

## एक नजर

### स्मार्टफोन की बिक्री जून में दो प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** जून तिमाही में तेज गर्मी और सुस्त मांग की वजह से देश में स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घट गई। मात्रा के लिहाज से शाओमी शीर्ष स्थान पर रही जबकि बिक्री मूल्य में सैमसंग सबसे आगे रही। वैश्विक शोध फर्म काउंटरपॉइंट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अप्रैल-जून तिमाही में बिकने वाले स्मार्टफोन में 5जी उपकरणों की हिस्सेदारी 77 प्रतिशत रही जो अबतक का सर्वाधिक अनुपात है। एक और खास बात यह है कि मूल्य के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार ने जून तिमाही का अपना सर्वाधिक आंकड़ा हासिल किया। इसमें प्रीमियम उत्पादों को लेकर जारी चलन की अहम भूमिका रही।

### मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

### मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 960 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 900
**रामपुर :** शिवालिक–955 फ्लैग– 1075 डीएमओ–815 बोल्ड–1130

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,200 |
| चांदी आभूषण | 85,400 |

# 20 माह के निचले स्तर पर पहुंची प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि

## कच्चे तेल और रिफाइनरी का उत्पादन घटा, 8 प्रमुख उद्योगों की वृद्धि हुई चार प्रतिशत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन घटने से इस साल जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि नरम पड़कर चार प्रतिशत रह गई। यह 20 माह का सबसे निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह आंकड़ा कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि को दर्शाता है।

जून के महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.4% बढ़ा था जबकि जून, 2023 में वृद्धि दर 8.4% थी। चालू वित्त वर्ष की



● कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे प्रमुख शामिल

अप्रैल-जून तिमाही में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 5.7% बढ़ा जबकि पिछले वर्ष यह 6%बढ़ा था। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि का पिछला निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.7% था। इन आठ प्रमुख क्षेत्रों का देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% का योगदान है। आईआईपी देश की समग्र औद्योगिक वृद्धि को मापने का एक सूचकांक है। जून में कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में क्रमशः 2.6% और 1.5% की गिरावट आई। समीक्षाधीन महीने में प्राकृतिक गैस, उर्वरक, इस्पात और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 3.3%, 2.4%, 2.7% और 1.9% तक सीमित हो गई। हालांकि, कोयला और बिजली के उत्पादन में क्रमशः 14.8%और 7.7% की वृद्धि दर्ज की गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मई की तुलना में कोयला, उर्वरक और सीमेंट को छोड़कर पांच क्षेत्रों में गिरावट रहने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 20 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

## गडकरी ने जीवन तथा चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी हटाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जीवन एवं चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18% की दर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने का अनुरोध किया है। वित्त मंत्री को लिखे पत्र में गडकरी ने नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की चिंताओं को उठाया, जिसने बीमा उद्योग के मुद्दों के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था।



मंत्री ने कहा कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के समान है। कर्मचारी संघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है, उससे कवर खरीदने के लिए प्रीमियम पर कर नहीं लेना चाहिए। कर्मचारी संघ द्वारा उठाया मुख्य मुद्दा जीवन तथा चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाने से संबंधित है। जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18% जीएसटी है। चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी इस व्यवसाय खंड के विकास में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है।

# चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 7.5% होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने उपभोग मांग में सुधार को देखते हुए किया संशोधन

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने उपभोग मांग में सुधार की उम्मीद के बीच चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7.1% से बढ़ाकर बुधवार को 7.5% कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय, कॉरपोरेट/बैंकों के ऋणमुक्त बहीखाते और निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय चक्र की शुरुआत से जारी वृद्धि की गति को केंद्र सरकार के बजट से समर्थन मिला है।

बजट में कृषि/ग्रामीण व्यय को बढ़ावा देने, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को ऋण वितरण में सुधार करने और अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने का वादा किया गया है। एजेंसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वृद्धि अनुमान संशोधित कर 7.5 प्रतिशत कर दिया और कहा कि इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का मानना है कि इन उपायों से उपभोग मांग को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का वृद्धि अनुमान आरबीआई के अनुमान से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में इसके 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

# भारत को आपूर्ति शृंखला परिषद का उप प्रमुख आईपीईएफ ने चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार 13 साझेदारों ने आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की

भारत को आपूर्ति शृंखला परिषद का उप प्रमुख चुना गया है। यह परिषद 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक की ओर से गठित तीन निकायों में से एक है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

भारत और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति शृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। यह समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ। मंत्रालय के अनुसार, आपूर्ति शृंखला परिषद (एससीसी), संकट प्रतिक्रिया तंत्र (सीआरएन) और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड (एलआरएबी) की ऑनलाइन हुई उद्घाटन बैठकों ने क्षेत्र में आपूर्ति शृंखला लचीलापन मजबूत करने के लिए साझेदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। भारत जैसे सदस्य देशों को चीन पर अपनी निर्भरता कम करने तथा संभावित आपूर्ति व्यवधानों के बारे में आईपीईएफ सदस्य देशों को समय पर सूचना उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। बैठकों में तीनों निकायों में से प्रमुख और उप प्रमुख का चुनाव हुआ, जो दो वर्ष के लिए कार्य करेंगे।

## कार्बन कर पर ईयू के सुझाव से भारतीय कंपनियों को मदद नहीं

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) का भारत को उसे कार्बन कर का भुगतान करने के बजाय स्वयं का तंत्र विकसित करने का सुझाव घरेलू कंपनियों के लिए अधिक मददगार नहीं होगा, क्योंकि वे अब ईयू को निर्यात पर शुल्क देने के लिए उत्तरदायी होंगे।

आर्थिक शोध संस्थान थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बुधवार को कहा कि कार्बन की कीमतें किसी देश की आर्थिक स्थिति पर आधारित होती हैं, इसलिए स्थानीय कर जोड़ने से समग्र कर का बोझ कम नहीं होगा। ईयू के प्रतिनिधिमंडल ने भारत को सुझाव दिया है कि भारत स्वयं का कार्बन कर लागू कर सकता है और कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकता है। यद्यपि ईयू उच्च कार्बन कीमतों को वहन कर सकता है, लेकिन भारत जैसे देश के लिए यह सतत उपाय नहीं हो सकता। वर्तमान में वैश्विक औसत कार्बन मूल्य छह अमेरिकी डॉलर प्रति टन सीओ2 है।

# राजकोषीय घाटा पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 8.1%

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● महालेखा नियंत्रक के अनुसार घाटा जून में 1,35,712 करोड़ रुपये

चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रैल-जून तिमाही के अंत तक केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 8.1% रहा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मूल्य के लिहाज से राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व का अंतर) जून के अंत तक 1,35,712 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में घाटा बजट अनुमान (बीई) का 25.3% था। केंद्रीय बजट में सरकार ने राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% पर लाने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह जीडीपी का 5.6% था। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16,85,494 करोड़ रुपये तक सीमित रखना है। सीजीए ने कहा कि शुद्ध कर राजस्व 5,49,633 करोड़ या चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 21.1% था।

## टोयोटा महाराष्ट्र में 20,000 करोड़ में लगाएगी विनिर्माण संयंत्र

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बुधवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में 20,000 करोड़ के निवेश से नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर में नए विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। टीकेएम के एमडी और सीईओ मसाकाजू योशिमुरा ने कहाकि समझौते के साथ हम भारत में वृद्धि के अगले चरण में कदम रख रहे हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प. बंगाल : न्यू जलपाईगुड़ी में मालगाड़ी का डिब्बा बेपटरी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी रेल मंडल में रंगापानी स्टेशन के पास बुधवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सब्यसाची डे ने बताया कि मालगाड़ी रंगापानी की ओर जा रही थी और पूर्वाह्न 11:45 बजे उसका खाली पेट्रोलियम डिब्बा पटरी से उतर गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रेल यातायात में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। रेलकर्मियों ने पटरी से उतरे डिब्बे को तुरंत हटाकर पटरी खाली कर दी, ताकि अन्य रेलगाड़ियों के संचालन में व्यवधान न हो।

### चलती ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र में चलती ट्रेन में 35 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने को लेकर पालघर से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह घटना 30 जुलाई को हुई, जब 22 वर्षीय आरोपी मुंबई जाने वाली सौराष्ट्र मेल में यात्रा कर रहा था और शिकायतकर्ता महिला निचली बर्थ पर सो रही थी। आरोपी की पहचान रमेश देवराज सिंह के रूप में हुई है। महिला के शोर मचाने के बाद यात्रियों ने सिंह को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। शिकायतकर्ता मुंबई में कपड़े का व्यवसाय करता है।

# आर्थिक वृद्धि, रोजगार में संतुलन साधता है बजट

## राज्यसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते वित्त मंत्री ने कहा- संसद के बाहर प्रदर्शन कर दुष्प्रचार कर रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। सीतारमण ने राज्यसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। विपक्ष संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन कर वास्तव में दुष्प्रचार करने का का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। यह आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ रोजगार बढ़ाने वाला है।



संसद के मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भाषण सुनते सभापति जगदीप धनखड़।

● राज्यों को 22.91 लाख करोड़ दिए जो पिछले वर्ष से 2.49 लाख करोड़ रुपये अधिक हैं : सीतारमण

सीतारमण ने कहा कि बजट में सहकारी संघवाद पर जोर है। वित्त वर्ष 2024-25 में राज्यों को 22.91 लाख करोड़ रुपये दिए गए जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.49 लाख करोड़ रुपये अधिक हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर बजट भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं है तो इसका यह मतलब नहीं कि उसके लिए बजट में कोई आवंटन नहीं है। बजट में 17 राज्यों का नाम नहीं लिया गया।

वहीं 2009-10 के पूर्ण बजट में 28 राज्यों का नाम नहीं था। उनके कार्यकाल में अन्य बजट भाषण में भी कई राज्यों का उल्लेख नहीं था। क्या उनको पैसा नहीं मिला? विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार दी जाती है और केंद्र सरकार उसका पालन कर रही है। राज्यों को राशि शुद्ध कर राजस्व पर दी जाती है न कि सकल कर के आधार पर।

### अग्निवीर से सेना को युवा रखने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अग्निवीर योजना से सशस्त्र बलों को युवा एवं युद्ध के लिए तैयार रखने में मदद मिलेगी और इस विषय पर राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इसकी आलोचना को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 17.5-21 वर्ष की आयु के युवाओं की भर्ती से वास्तव में सुनिश्चित होगा कि अग्रिम पंक्ति में भारतीय सैनिक हर तरह से तत्पर हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें अनावश्यक रूप से चिंता करने की आवश्यकता है कि इससे किसी प्रकार की विकृति पैदा होगी। बिल्कुल नहीं। सशस्त्र बलों की स्वीकृति के साथ ही इसे लागू किया गया है। सीतारमण वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम द्वारा केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा के दौरान की गई टिप्पणियों का जवाब दे रही थीं। वित्त मंत्री ने जोर दिया कि अग्निवीर योजना बहुत महत्वपूर्ण है और यह राष्ट्रीय हित में है।

# मोदी सरकार ने चुनावी नतीजों से सबक नहीं लिया : सोनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सोनिया गांधी ने नेताओं से कहा- लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद माहौल पार्टी के पक्ष में

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को भाजपा और आरएसएस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेने के बजाय विभाजन और डर फैलाने की नीति पर कायम है।

उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद माहौल पार्टी के पक्ष में है, लेकिन आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना है तथा एकजुट होकर काम करना है। सीपीपी की बैठक की शुरुआत में, केरल के वायनाड में कल तड़के हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों और कोचिंग मामले में जान गंवाने वाले तीन विद्यार्थियों के सम्मान में कुछ देर मौन रखा गया। संसदीय दल के प्रमुख के तौर पर सोनिया गांधी ने मोदी सरकार, भाजपा एवं आरएसएस पर तीखे हमले किए।

सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश में दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के शासनादेश से जुड़े विवाद पर कहा कि सौभाग्य से उच्चतम न्यायालय ने सही समय पर हस्तक्षेप किया, लेकिन यह केवल अस्थायी राहत हो सकती है। सोनिया गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव की संभावना के मद्देनजर पार्टी नेताओं में जोश भरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कुछ ही महीनों में चार राज्यों में चुनाव होने हैं। हमें लोकसभा चुनाव में बनी स्थिति को बरकरार रखना चाहिए।

## कोचिंग सेंटरों से विद्यार्थियों को बाहर लाना ही होगा : प्रधान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● राज्यसभा में शिक्षा मंत्री बोले - कोचिंग सेंटर न हों, इसके लिए सबका सहयोग जरूरी

स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कोचिंग सेंटरों से विद्यार्थियों को बाहर लाना ही होगा और सबके सहयोग से इसके लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान प्रधान ने कहा कि विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कोचिंग संस्थानों की मदद लेते हैं। उन्होंने कहा लेकिन हम चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान न हों और इसके लिए जरूरी है कि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो। सरकारी स्कूलों को बढ़ावा दिया जाए।

केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय इसकी मिसाल हैं। पूरक प्रश्नों के जवाब में प्रधान ने कहा कोचिंग सेंटर न हों, इसके लिए सबका सहयोग जरूरी है। अनेक राज्यों में पढ़ाई को लेकर बेहतर स्थान हैं। राजस्थान में सीकर ने बहुत ही बढ़िया काम अध्ययन में किया है।

# किसानों को कर्ज से बाहर निकालेगा इंडी गठबंधन : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तेलंगाना में कृषि कर्ज माफी का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देकर कर्ज के चक्रव्यूह से बाहर निकालेगा।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि तेलंगाना के किसान भाइयों और बहनों को एक बार फिर बधाई। अपने घोषणापत्र के वादे अनुसार तेलंगाना सरकार ने कृषि कर्ज़ माफी



● लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने तेलंगाना में कृषि कर्ज माफी का दिया हवाला

की दूसरी किस्त जारी कर दी है। प्रजालु कांग्रेस सरकार प्रदेश के 6.4 लाख किसान परिवारों के 1.5 लाख रुपये तक का कर्ज़ माफ कर उन्हें राहत पहुंचा रही है। राहुल गांधी ने दावा किया कि एक ओर जहां भाजपा ने देश के किसानों को कर्ज़ के चक्रव्यूह में फंसा रखा है, एमएसपी की कानूनी गारंटी की उनकी मांग और ज़रूरत को नकार रही है, वहीं कांग्रेस कृषि परिवारों को सहायता पहुंचाने का काम कर रही है।

### वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में रियायत बहाली की मांग

**नई दिल्ली।** निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और टीएमसी सांसद जून मालिआ ने बुधवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराये में रियायत की व्यवस्था बहाल की जाए। पप्पू यादव ने कहा कि बुजुर्गों के साथ पत्रकारों को रेल किराये में मिलने वाली रियायत को बहाल किया जाए। ट्रेन में महिलाओं के लिए शौचालय होनी चाहिए तथा ट्रेनों में जनरल डिब्बा बढ़ाने की जरूरत है। टीएमसी सांसद जून मालिआ ने कहा कि कोविड से पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 फीसदी की छूट मिलती थी। उसे निलंबित कर दिया गया। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये मिलने वाली छूट बहाल करने की जरूरत है। भाजपा के राजेश मिश्रा ने कहा कि सरकार में रेलवे में व्यापक सुधार हुआ है। जल्द ही ट्रेनों में जनरल डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## छात्रों की आत्महत्या पर जताई चिंता प्रवेश-परीक्षा में सुधार की मांग

**नई दिल्ली।** टीएमसी की सदस्य मौसम नूर ने छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर बुधवार को राज्यसभा में चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से देश की प्रवेश और परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

नूर ने शून्यकाल के दौरान सदन में कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, आत्महत्या करने वाले कुल लोगों में से 8 प्रतिशत छात्र हैं। एक साल में 30,000 से अधिक लोगों की जान गई।

## दुष्कर्म भले ही नहीं किया, लेकिन इरादा भी आपराधिक कृत्य : कोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अगर किसी आरोपी ने यौन कृत्य किया और बाकियों का ऐसा करने का इरादा था तो यह उन्हें अपराध में शामिल मानने के लिए पर्याप्त है, लेकिन इस बारे में पर्याप्त सबूत होने चाहिए। कोर्ट ने पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के चंद्रपुर में 2015 में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने और उसके पुरुष मित्र पर हमला करने को लेकर चार लोगों की दोषसिद्धि बरकरार रखी। न्यायमूर्ति जी. ए. सनप की एकल पीठ ने मंगलवार को उपलब्ध हुए चार जुलाई के आदेश में दोनों दोषियों की इन दलीलों को ठुकरा दिया और कहा कि उन्होंने उस समय पीड़िता के मित्र को पकड़ रखा था।

# केंद्र ने खनिजों पर रॉयल्टी वापस करने का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में उस याचिका का विरोध किया, जिसमें खनिज संपन्न राज्यों ने 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर उसके द्वारा लगाई रॉयल्टी वापस करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र ने कहा कि उसे राज्यों को पूर्वव्यापी प्रभाव से रॉयल्टी वापस करने के लिए कहने वाले किसी भी आदेश के बहुआयामी प्रभाव होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने 25 जुलाई को कहा था कि राज्यों के पास खदानों और खनिज वाली भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है और खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी कोई कर नहीं है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिज संपन्न राज्यों के



● सुप्रीम कोर्ट ने 25 जुलाई को कहा था- राज्यों के पास खदानों और खनिज वाली भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार और रॉयल्टी कोई कर नहीं

राजस्व में भारी वृद्धि होगी। लेकिन इससे फैसले के क्रियान्वयन के संबंध में एक और विवाद खड़ा हो गया। विपक्षी दलों द्वारा शासित कुछ खनिज संपन्न राज्यों ने शीर्ष अदालत से इस फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने का अनुरोध किया ताकि वे केंद्र से रॉयल्टी वापस मांग सकें। बहरहाल, केंद्र ने ऐसे किसी आदेश का विरोध करते हुए कहा कि इसका बहुआयामी प्रभाव होगा। खनन से जुड़ी कंपनियों ने भी खनिज वाले राज्यों को रॉयल्टी वापस करने के मुद्दे पर केंद्र के दृष्टिकोण का समर्थन किया है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्य फैसले को आगामी प्रभाव से लागू करवाना चाहते हैं। इस मामले पर सुनवाई जारी है।

बहुमत से दिया गया 200 पृष्ठों का यह फैसला भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने खुद और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, अभय एस ओका, जेबी पारदीवाला, मनोज मिश्रा, उज्जल भूइयां, सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की ओर से लिखा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई थी।

# कर्नाटक के राज्यपाल ने एमयूडीए घोटाले पर मुख्यमंत्री से मांगा जवाब

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● भाजपा विधायकों के 25 जुलाई को दिए ज्ञापन के बाद राज्यपाल ने उठाया कदम

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से उनकी पत्नी पार्वती समेत विभिन्न लोगों को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा किये भू-आवंटन के संबंध में लगाए आरोपों पर जवाब मांगा है। कांग्रेस के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह कदम भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 25 जुलाई को राज्यपाल से मुलाकात करने और उन्हें ज्ञापन सौंपने के बाद उठाया गया है। भाजपा ने इस ज्ञापन में एमयूडीए मामले की जांच सीबीआई को सौंपने तथा मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि चूंकि ज्ञापन सौंपा गया है, तो ऐसे में मुख्यमंत्री से जवाब मांगना राज्यपाल के लिए जरूरी है। इस पर गृहमंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि यह विश्वास करने की वजह है कि यह राजनीति से प्रेरित है। उन्हें (गहलोत को) कुछ संवैधानिक शक्तियां दी गई हैं। उन्हें इसके दायरे में रहकर काम करना चाहिए। अगर वह इसकी सीमा लांघेंगे तो संदेह पैदा होगा। संदेह है कि राजनीति हो रही है।




# पेरिस ओलंपिक 2024



## छठे दिन भारत के मुकाबले

- **गोल्फ :** पुरुष व्यक्तिगत फाइनल : गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा – दोपहर 12.30 बजे
- **निशानेबाजी :** पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (फाइनल) : स्वप्निल कुसाले– दोपहर 1.00 बजे
- महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (क्वालीफिकेशन) : सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल – दोपहर 3.30 बजे
- **हॉकी :** भारत बनाम बेल्जियम (ग्रुप चरण मैच) : दोपहर 1.30 बजे
- **मुक्केबाजी :** महिला फ्लाईवेट (प्री-क्वार्टरफाइनल) : निकहत जरीन बनाम यू वू (चीन)– दोपहर 2.30
- **तीरंदाजी :** पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन) : प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) – दोपहर 2.31 बजे पुरुष व्यक्तिगत (1/16 एलिमिनेशन) : दोपहर 3.10 बजे से
- **टेबल टेनिस :** महिला एकल (क्वार्टर फाइनल) : दोपहर 1.30 बजे से
- **नौकायन :** पुरुष डिंगी रेस एक : विष्णु सरवनन : दोपहर 3.45 बजे
- **पुरुष डिंगी रेस 2 :** विष्णु सरवनन : रेस 1 के बाद महिला डिंगी रेस एक : नेथ्रा कुमानन : शाम 7.05 बजे महिला डिंगी रेस दो : नेथ्रा कुमानन – रेस 1 के बाद।

## खेल डायरी

### बलराज पंवार रोइंग मुकाबले में फाइनल डी में पहुंचे



**पेरिस।** भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गये। आज यहां हुये मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।

### अमेरिकी टीम को महिला जिम्नास्टिक में स्वर्ण

**पेरिस।** मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर तोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं के फाइनल से पीछे हटने वाली सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने तोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। बाइल्स, जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं लेकिन इसी मंच ने उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक घाव भी दिये जो शायद कभी भरेंगे तो नहीं लेकिन उनकी टीस जरूर इस स्वर्ण से कम हो जाएगी। अपने कैरियर में इन तीनों ने कई चुनौतियों का सामना किया। तीन साल पहले अपने कैरियर के शिखर पर मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर तोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं से हटने वाली बाइल्स पर सभी की नजरें थी। तोक्यो में उन्होंने टीम वर्ग का रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचते ही पिछली सारी बुरी यादें तिरोहित हो गई और आखिर में पीले तमगे के साथ खुशी के आंसू थे। अमेरिका की टीम ने 171–296 स्कोर करके इटली और ब्राजील को पछाड़ा। इसके साथ ही बाइल्स ने खेलों के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। बाइल्स के पास अब बड़ी स्पर्धाओं के 38 पदक हैं जिनमें से आठ ओलंपिक पदक है।



### पुरुष घुड़सवारी ड्रेसेज स्पर्धा से बाहर हुए अनुष

**पेरिस।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में घुड़सवारी ड्रेसेज ग्रुप चरण स्पर्धा में नौवे स्थान पर रहे एवं प्रतियोगिता से बाहर हो गए है। भारतीय घुड़सवार अनुश अग्रवाल ने बुधवार को शैटॉ उे वर्सेल्स में ग्रुप चरण स्पर्धा में नौवें स्थान पर रहे। उन्होंने 66.444 अंक बनाए। अनुष ने अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। अनुष ओलंपिक में ड्रेसेज में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार है एवं पेरिस 2024 में भारत के अकेले घुड़सवार हैं। उन्होंने आज ओलंपिक में ड्रेसेज व्यक्तिगत क्वालीफायर के ग्रुप ई में पर्दापण किया। 24 वर्षीय अनुष ने एशियाई खेलों में ड्रेसेज में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था जबकि टीम स्पर्धा में भारत को खिताब जीतने में मदद की थी।

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सिंधू और लक्ष्य

## दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा को दी शिकस्त, सेन ने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया

- हमवतन प्रणय से हो सकता है लक्ष्य का सामना
- अब ही बिंगजियाओ से होगा पी वी सिंधू का सामना

पेरिस, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन के स्टार लक्ष्य सेन और पी वी सिंधू ने पेरिस ओलंपिक में अपने-अपने मुकाबले शानदार ढंग से जीतकर एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा को सीधे गेमों में 21-5, 21-10 से हराया। रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने यह एकतरफा मुकाबला 33 मिनट में जीता। वहीं लक्ष्य ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में मात दी।

लक्ष्य ने जीत के बाद कहा यह काफी कठिन मैच था और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। स्वर्ण पदक पर नजरें हैं। पिछले कुछ महीने से प्रदर्शन अच्छा रहा है। उतार चढ़ाव आए हैं लेकिन कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा ही रहा है। लक्ष्य का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन एच एस प्रणय से हो सकता है जो आखिरी ग्रुप मैच में वियतनाम के ली डुक फाट से खेलेंगे।

वहीं सिंधू दुनिया की नौवे नंबर की खिलाड़ी चीन की ही बिंगजियाओ से खेल सकती है जिसके खिलाफ वह 11 बार हारी और नौ बार जीती हैं। सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में उसे ही हराकर कांस्य पदक जीता था। लक्ष्य ने मौजूदा आल इंग्लैंड और एशियाई खेल चैम्पियन के खिलाफ यह मुकाबला 50 मिनट में 21-18, 21-12 से जीता।

लक्ष्य ने बुधवार को इस मुकाबले में काफी परिपक्वता दिखाते हुए जबर्दस्त आक्रामक प्रदर्शन किया। पहले गेम में क्रिस्टी ने 5-0 की बढत बना ली थी जो 8-2 की हो गई। लक्ष्य ने शानदार वापसी करते हुए अपने विरोधी को गलतियां करने पर मजबूर किया और अंतर 7-8 कर दिया। एक समय स्कोर 16-16 से बराबरी पर था जिसके बाद क्रिस्टी ने दो अंक हासिल किया लेकिन लक्ष्य ने वापसी करते हुए फिर बराबरी की। दूसरे गेम में लक्ष्य ने जजमेंट की कुछ गलतियां की लेकिन दबाव नहीं बनने दिया।

इससे पहले सिंधू ने जीत के बाद कहा मैं बहुत खुश हूं। ग्रुप में शीर्ष पर रहना जरूरी था। अब सामना ही बिंगजियाओ से होगा। इस जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ेगा। अगले मुकाबले आसान नहीं होंगे लिहाजा मुझे शत प्रतिशत तैयार रहना होगा। मैं मैच दर मैच रणनीति बना रही हूं। पदक जीतना है और मुझे खुशी होती है जब लोग कहते हैं कि आपसे हैट्रिक चाहिए। आपसे पदक चाहिए, लेकिन इसके साथ काफी जिम्मेदारी और दबाव भी आता है जिसे हावी नहीं होने देना है। पहले मैच की ही तरह सिंधू को इस मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधू ने पहला गेम 14 मिनट में जीता। दूसरे गेम में कूबा ने चुनौती पेश की लेकिन सिंधू ने हर वार का माकूल जवाब दिया। कूबा ने 2-0 की बढत बनाई लेकिन सिंधू ने जल्दी ही बराबरी कर ली थी।


एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा के खिलाफ शॉट खेलतीं पीवी सिंधू।


जोनाथन क्रिस्टी पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 8 | 6 | 2 | 16 |
| जापान | 7 | 2 | 4 | 13 |
| फ्रांस | 6 | 9 | 6 | 21 |
| ब्रिटेन | 6 | 6 | 5 | 17 |
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 4 | 2 | 12 |
| द. कोरिया | 5 | 3 | 3 | 11 |
| अमेरिका | 4 | 12 | 11 | 27 |
| इटली | 3 | 5 | 4 | 12 |
| कनाडा | 2 | 2 | 2 | 6 |
| जर्मनी | 2 | 0 | 1 | 3 |
| हांगकांग | 2 | 0 | 1 | 3 |
| **भारत** | 0 | 0 | 2 | 2 |

### कुसाले थ्री पोजीशन के फाइनल में राजेश्वरी और श्रेयसी हारीं

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 50 थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए है। वहीं महिला निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह की जोड़ी ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। पुरुषों के 50 मीटर 3 पोजीशन क्वालिफिकेशन राउंड में कुसाल ने अपने पर्दापण ओलंपिक में 590–38x के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। क्वालिफिकेशन राउंड स्पर्धा के शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाई। स्पर्धा में भारत के स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भाग लिया था। इस दौरान चीन के लियू युकुन ने 594–38x स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन ओलंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। महिलाओं के ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड में राजेश्वरी और श्रेयसी दोनों पांच राउंड के बाद कुल 113/125 के स्कोर के साथ क्रमश : 22वें और 23वें स्थान पर रहीं।





### श्रीजा महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारत की श्रीजा अकुला ने सिंगापुर की जियान झेंग को कड़े मुकाबले में 4–2 से हराकर पेरिस ओलंपिक टेबल टेनिस महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अपने 26वें जन्मदिन पर श्रीजा ने 9–11, 12–10, 11–4, 11 –5, 10–12, 12–10 से जीत दर्ज की। इससे पहले मनिका बत्रा भी अंतिम 16 में जगह बना चुकी हैं। भारतीय टेबल टेनिस के इतिहास में यह पहली बार हुआ है। श्रीजा ने 51 मिनट तक चला यह मुकाबला पहला गेम गंवाने के बाद जीता। श्रीजा का सामना अब चीन की नंबर एक खिलाड़ी सुन यिंगशा से होगा। पहला गेम हारने के बाद श्रीजा ने दूसरा गेम जीतकर बराबरी की। दूसरे गेम में वह भाग्यशाली रही कि जीत सकी। इसके बाद उन्होंने जबर्दस्त खेल दिखाते हुए तीसरा और चौथा गेम भी जीत लिया। सिंगापुर की खिलाड़ी ने पांचवां गेम अपने नाम किया लेकिन श्रीजा ने छठे गेम में मैच जीत लिया।

## दीपिका तीरंदाजी के प्री क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी



भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने लगातार दो मुकाबले जीतकर पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल प्रवेश कर लिया। कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजों की टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हार गई थी जिसमें दीपिका के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी।

दीपिका ने व्यक्तिगत वर्ग में पहले एस्तोनिया की रीना परनाट को शूटआफ में 6-5 से हराया। इसके बाद नीदरलैंड की क्विंटी रोफेन को 6-2 से मात दी। अब उनका सामना प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की मिशेले क्रोपेन से होगा। दीपिका आज पहले मैच में पहला सेट जीतने में कामयाब रही लेकिन दूसरा हार गई। तीसरे में स्कोर बराबर था जबकि चौथा हार गई लेकिन पांचवें में बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबला शूटआफ में गया जिसमें उन्होंने नौ और विरोधी ने आठ स्कोर किया। दूसरा मैच आसान रहा और उन्हें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहला सेट दो बार 10 और एक बार नौ स्कोर करके जीता। डच खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी की। तीसरे सेट में दीपिका ने एक बार खराब निशाना लगाकर सात स्कोर किया लेकिन फिर भी यह सेट जीता क्योंकि डच खिलाड़ी का पहला तीर एक भी अंक नहीं बना सका था। इसके बाद दीपिका ने चौथे सेट के आखिरी तीन तीर पर 10,9,9 स्कोर किया और उनकी विरोधी 7, 6, 10 ही स्कोर कर सकी।

## आत्मविश्वास से भरी लवलीना अंतिम आठ में

- बोरगोहेन ने नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को 5-0 से हराया

पेरिस, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने बुधवार को यहां ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में अपने पहले मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। लवलीना ने तोक्यो में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने और भारतीय मुक्केबाजी में अभूतपूर्व उपलब्धि अपने नाम करने से महज एक जीत दूर हैं। हालांकि यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अब उनका सामना चार अगस्त को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की लि कियान से होगा। इस मुकाबले में जीत से लवलीना का कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो जाएगा। कियान ने तोक्यो ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में रजत पदक जीता था और रियो ओलंपिक 2016 में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह हांग्झोउ एशियाड 2022 की स्वर्ण पदक विजेता हैं। लवलीना ने अपने पहले दौर के मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज से दूरी बनाकर जवाबी हमला किया जबकि नार्वे की खिलाड़ी उन्हें पकड़कर समय बर्बाद करने की कोशिश में दिख रही थी, पर भारतीय मुक्केबाज ने संयम बनाए रखा और सटीक मुक्के जड़कर अंक जुटाए। लवलीना को मुश्किल ड्रॉ मिला है। लेकिन इस चुस्त मुक्केबाज ने हमेशा की तरह चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की क्षमता जारी रखी जैसी उन्होंने तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन चेन निएन चिन को हराकर कांस्य पदक हासिल करके दिखाई थी।



नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को हराने के बाद लवलीना बोरगोहेन। ● एजेंसी

## ओलंपिक से बाहर हुईं मुक्केबाज प्रीति पवार

- अमित और जैस्मीन के बाद क्वार्टर फाइनल में हारीं पवार

पेरिस, एजेंसी

भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गईं।

प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे। पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1-4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गईं।

## इगा क्वार्टर फाइनल में, कर्बर ने बनाया रिकॉर्ड

- क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली उम्रदराज खिलाड़ी बनीं एंजेलिक
- अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स से होगा स्वियातेक का सामना

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी स्वियातेक ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चीन की विश्व में 52वें नंबर की खिलाड़ी वांग जियू को सीधे सेटों में हराकर ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में चार बार की चैंपियन स्वियातेक ने वांग को 6-2, 6-4 से हराने के बाद कहा कि यह जीत आसान नहीं थी। मैं जानती थी कि वह अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सकती है। मुझे पता था कि वह गलतियों का फायदा उठा सकती है। मैंने आक्रामक खेल दिखाया और खेल के अहम पलों में अच्छी टेनिस खेली। स्वियातेक की क्वार्टरफाइनल प्रतिद्वंद्वी आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स होंगी, जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। उन्हें क्रोएशिया की डोना वेकिच ने 7-6 (7), 6-2 से हराया।

जर्मनी की 36 वर्षीय एंजेलिक कर्बर ओलंपिक के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 6-4, 6-3 से पराजित किया। वह पहले ही घोषणा कर चुकी है कि पेरिस ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा। महिला एकल के अन्य मैचों में स्लोवाकिया की अन्ना करोलिना शिमडलोवा ने इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रहीं इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 3-6, 7-5 से जबकि यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने यूनान की सातवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया।

### नडाल और अल्काराज क्वार्टर फाइनल में

पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-5 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला जर्मनी के तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने टॉमस मचाक को 6-3, 7-5 से हराया। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ और टॉमी पॉल दोनों आगे बढ़ने में सफल रहे। फ्रिट्ज़ ने ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 6-7 (3), 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने चेक गणराज्य के18 वर्षीय जैकब मेन्सिक को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष युगल में स्पेन के राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज ने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर और वेस्ले कूलहोफ पर 6-4, 6-7 (2), 10-2 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एंडी मरे ने भी युगल में भी जीत हासिल की। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने अपने साथी डैन इवांस के साथ मिलकर दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद बेल्जियम के सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 6-3, 6-7 (8), 11-9 से हराया। मरे पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगे।


जीत के बाद एंडी मरे और डैन इवांस।

## अंतिम आठ में पहुंचे नोवाक

**पेरिस।** सर्बिया के शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ओलंपिक खेलों की टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में जर्मनी के डोमिनिक कोपफर पर 7-5, 6-3 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

जोकोविच ने इस तरह चौथी बार ओलंपिक एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई और अब उनकी निगाहें अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी क्योंकि यही पदक उनकी कैबिनेट में मौजूद नहीं है। रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुका यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बीजिंग 2008 ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुका है। इस दफा टेनिस मुकाबले रोलां गैरों में हो रहे हैं जहां जोकोविच तीन मेजर खिताब जीत चुके हैं। अब बृहस्पतिवार को उनका सामना स्टेफानोस सिटसिपास से होगा जिसे जोकोविच ने 2021 में कोर्ट फिलिप चार्टियर पर हुए फाइनल में हराया था। सिटसिपास ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज को 7-5, 6-1 से हराया।

## इंडिया हाउस पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत

- आईओसी की सदस्य नीता अंबानी ने भारत का मान बढ़ाने के लिए जताया आभार

नई दिल्ली/पेरिस, एजेंसी



फ्रांस की राजधानी में पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों 2024 के लिए वहां डे ला विलेट पार्क में बने इंडिया हाउस में पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता एम अंबानी ने इंडिया हाउस पहुंचे कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, रोहन बोपन्ना, शरत कमल, मनिका बत्रा और अर्जुन बाबूता जैसे शीर्ष भारतीय एथलीटों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा ओलंपिक में पहली बार बने इंडिया हाउस में आपका स्वागत है। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई भारतीय खिलाड़ी आज यहां मौजूद हैं। आप में से हर एक ने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दूसरा पदक जीतकर हमें गौरवान्वित करने वाली मनु भाकर और सरबजोत सिंह को विशेष धन्यवाद। सरबजोत सिंह आज हमारे साथ हैं और हमें उनका खड़े होकर अभिवादन करना चाहिए। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों का ढोल की थाप के साथ स्वागत पारंपरिक टीका लगा कर किया गया। अंबानी ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों और दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभार जताया। ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करने के लिए इंडिया हाउस में डिजिटल ज्योति भी जलाई गई।

## फ्रांस की ब्यूग्रैंड ने महिला ओलंपिक ट्रायथलॉन जीती

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता के बाद आखिरकार पेरिस ओलंपिक खेलों की महिला ट्रायथलॉन बुधवार को यहां संपन्न हो गई जिसमें मेजबान फ्रांस की कैसेंड्रे ब्यूग्रांड ने स्वर्ण पदक जीता।

सीन नदी में ट्रायथलॉन की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना था लेकिन उसके पानी की गुणवत्ता को लेकर पिछले कुछ समय से चिंता व्यक्त की जा रही थी। इस वजह से यहां पुरुष और महिला ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र और मुख्य मुकाबले स्थगित करने पड़े थे। ब्यूग्रैंड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच एक घंटे, 54 मिनट और 55 सेकंड का समय लेकर स्विट्ज़रलैंड की जूली डेरोन को छह सेकंड से पीछे छोड़ा। ब्रिटेन की बेथ पॉटर ने कांस्य पदक जीता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### बाइटडांस के कार्यालय में विषाक्त भोजन से 60 बीमार

**सिंगापुर।** टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस के कार्यालय में विषाक्त भोजन करने से करीब 60 लोग बीमार हो गये। स्ट्रेट्स टाइम्स समाचार एजेंसी ने बुधवार को सिंगापुर खाद्य एजेंसी एवं स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि मंगलवार को विषाक्त भोजन करने के बाद कई लोगों को पेट में दर्द और उल्टी का अनुभव हुआ। तुरंत सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स को फोन करके घटना की सूचना दी जिसके बाद, पीड़ितों को 17 एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया।

### पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री डार ईरान के दौरे पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार मंगलवार को ईरान की यात्रा पर गये। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के लोगों और सरकार की ओर से उपप्रधान मंत्री ने ईरानी राष्ट्रपति को उनके पद संभालने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### म्यांमार में 113 स्कूल अस्थायी रूप से बंद

**यांगून।** म्यांमार में हाल के दिनों में अय्यरवाडी क्षेत्र के पैंटानाव और क्योंप्याव टाउनशिप में भारी बाढ़ के कारण कुल 113 बुनियादी शिक्षा स्कूल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। देश के सरकारी दैनिक समाचार पत्र म्यांमार एलिन ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पैंटानाव टाउनशिप में भारी बारिश और अय्यारवाडी नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण 18 जुलाई से 67 प्राथमिक विद्यालयों सहित 97 स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### पीटीआई नेता रऊफ 14 दिन न्यायिक हिरासत में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता रऊफ हसन समेत 10 लोगों को को सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी प्रचार के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामाबाद के जिला और एवं न्यायालय ने सरकार विरोधी डिजिटल अभियान के मामले में हसन और नौ अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई की अगली तारीख 13 अगस्त मुकर्रर की है।

### रूस की सेना ने तीसरे दौर का अभ्यास शुरू किया

**मास्को।** रूस की सेना ने बुधवार को रणनीतिक परमाणु हथियारों के साथ तीसरे दौर का अभ्यास शुरू किया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस अभ्यास में मध्य और दक्षिणी सैन्य जिलों की इकाइयां भाग ले रही हैं जिनके पास छोटी दूरी की इस्कंदर मिसाइलें हैं। वे गोदाम से परमाणु हथियारों को निकालने तथा उन्हें निर्धारित क्षेत्रों में तैनात करने का अभ्यास करेंगी।

# भारत-वियतनाम मुक्त व्यापार समझौते की संभावना तलाशें

नई दिल्ली, एजेंसी

वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने भारत के साथ आर्थिक सहयोग मजबूत करने के लिए बुधवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संभावनाएं तलाशने का अनुरोध किया। चिन्ह इस समय एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा पर आए हुए हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में कई मंत्री, उप मंत्री और व्यापार जगत के दिग्गज शामिल हैं। उन्होंने वियतनाम-भारत व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपना द्विपक्षीय व्यापार 20 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

उन्होंने उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित बिजनेस फोरम में कहा, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगा कि हम वियतनाम और भारत के बीच एक उपयुक्त एफटीए के माध्यम से एक-दूसरे के उत्पादों तक अपनी बाजार पहुंच बढ़ाएं। निश्चित तौर पर हमें इसपर चर्चा करने की जरूरत है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे लाभ एक-दूसरे के साथ साझा किए जाएं। इसके साथ ही वियतनामी प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारत की कंपनियां वियतनाम में निवेश करना जारी रखेंगी।


विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह।

- **बिजनेस फोरम में बोले वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह**

## ढाका के लिए परिचालन विस्तार की घोषणा

**कोलकाता।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी तीव्र वृद्धि को जारी रखते हुए ढाका तक अपने परिचालन के विस्तार की घोषणा की है। एयरलाइन इस वर्ष तीन सितंबर से ढाका को कोलकाता और चेन्नई से जोड़ने वाली छह साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। ढाका से एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें एयरलाइन की वेबसाइट, एयरइंडियाएक्सप्रेस.कॉम, मोबाइल ऐप और अन्य प्रमुख बुकिंग चैनलों पर टिकट बुकिंग के लिए खुली हैं। आकर्षक प्रारंभिक एक्सप्रेस लाइट किराए एयरलाइन की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जहां कोलकाता से ढाका जाने के लिए 3443 रुपये, ढाका से कोलकाता आने के लिए 4609 रुपये, चेन्नई से ढाका के 4796, और ढाका से चेन्नई 7223 रुपये में टिकट उपलब्ध हैं।

# कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए एकमात्र डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पक्का कर लिया है, क्योंकि वह देश भर से पार्टी के प्रतिनिधियों से वर्चुअल रोल कॉल वोट के लिए अर्हता प्राप्त करने वाली एकमात्र उम्मीदवार के रूप में उभरी हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने आधिकारिक समय सीमा समाप्त होने के बाद मंगलवार रात घोषणा की कि देश भर से 3,923 प्रतिनिधियों ने हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामांकन के लिए आवेदन दिए थे और उन्हें भाग लेने वाले 99 प्रतिशत प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ।

डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष जैमे हैरिसन और डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन कमेटी की अध्यक्ष मिनियन मूर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि कोई भी अन्य उम्मीदवार मतपत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने के संबंध में 300 प्रतिनिधि हस्ताक्षर की सीमा को पूरा नहीं कर सका। बयान में कहा गया कि वचुअर्ल रोल कॉल' पर वोटिंग एक अगस्त को शुरू होगी और पांच अगस्त को समाप्त होगी। यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हैरिस आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बन जाएंगी। इस बीच, हैरिस ने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बहस के लिए चुनौती देते हुए कहा है कि उन्हें जो भी कहना है, वह उनके सामने कहें।

जॉर्जिया के अटलांटा शहर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए हैरिस (59) ने कहा कि उनके दौड़ में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति चुनाव की प्रकृति बदल गई है। हैरिस ने आधिकारिक तौर पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा तब की जब मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन ने 20 जुलाई को दूसरे कार्यकाल के लिए दौड़ से हटने की घोषणा की। हैरिस ने कहा, वक्त की चाल बदल रही है। ऐसे संकेत हैं कि डोनाल्ड ट्रंप इसे महसूस कर रहे हैं।



- **3,923 प्रतिनिधियों ने हैरिस के डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से नामांकन के लिए आवेदन दिए थे**

# हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या, इजराइल पर जताया शक

## ईरान के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए तेहरान में था

तेहरान, एजेंसी

ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को कहा कि तेहरान में हमास नेता इस्माइल हनियेह की हत्या कर दी गई है। फिलहाल किसी ने भी हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इसका शक इजराइल पर है, जिसने सात अक्टूबर को देश में हुए अप्रत्याशित हमले को लेकर हनियेह और हमास के अन्य नेताओं को मारने का संकल्प लिया था।

हनियेह मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए तेहरान में था। ईरान ने यह नहीं बताया कि हनियेह की हत्या कैसे हुई और उसे किसने मारा। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर विश्लेषकों ने तुरंत इस हत्या के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया।



### चीन ने किया हमास नेता की हत्या का पुरजोर विरोध

**बीजिंग।** चीन ने हमास के पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनीयेह की हत्या का बुधवार को पुरजोर विरोध किया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनीयेह की हत्या को लेकर बहुत चिंतित है और इस हत्या का दृढ़ता से विरोध करता है तथा इसकी निंदा करता है। लिन ने यह टिप्पणी एक दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में की, जब उनसे हमास के उस बयान पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया, जिसमें कहा गया था कि इस्माइल हनीयेह की मौत तेहरान में इजराइली हमले में हुई थी। लिन ने कहा हम इस घटना को लेकर बहुत चिंतित हैं।

### हनीयेह के हत्यारों को पछताना पड़ेगाः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने इस हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा है कि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता, गरिमा और सम्मान के खिलाफ है और इस आतंकवादी कार्रवाई में शामिल ताकतों को पछताना पड़ेगा। ईरान और कुछ अन्य इस्लामिक देशों के नेताओं ने इस हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन अभी तक किसी ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि हमास प्रमुख के तेहरान स्थित ठिकाने पर मिसाइल से हमला किया गया था, जिनमें उनका एक अंगरक्षक भी मारा गया है। ईरान सरकार ने तीन दिनों के सार्वजनिक शोक की घोषणा की है।

## जापान पर मानहानिकारक हमलों का आरोप

**बीजिंग।** चीन ने जापान पर अमेरिका, भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुईं उच्चस्तरीय वार्ताओं के दौरान उसके खिलाफ मानहानिकारक हमले करने का आरोप लगाया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग ने एक दिन पहले जापान दूतावास में मिशन उप प्रमुख अकीरा योकोची के साथ बैठक के दौरान हालिया घटनाक्रम को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

बयान के अनुसार, लियू ने कहा कि चीन पर जापान के मानहानिकारक हमले दोनों देशों के बीच रणनीतिक व पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देने के उसके रुख के विपरीत हैं। रविवार को जापान की राजधानी तोक्यो में हुई बैठक के दौरान जापानी विदेश और रक्षा मंत्रियों ने अमेरिका के साथ सैन्य सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। संयुक्त बयान में कहा गया है कि चीन अपनी विदेश नीति के जरिए अपने फायदे के लिए वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देना चाहता है और इस तरह के व्यवहार से हिंद-प्रशांत क्षेत्र और इससे बाहर एक बड़ी सामरिक चुनौती उत्पन्न हुई है।

# हिजबुल्ला कमांडर शोकोर मारा गया


लेबनान के बेरूत में नष्ट हुई एक इमारत से मलबा हटाता एक बैकहो।

यरूशलम, एजेंसी

इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शोकोर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइल की सेना ने मंगलवार को कहा कि यह कार्रवाई शनिवार को सीमा पार से किए गए रॉकेट हमले का बदला है। गौरतलब है कि शनिवार को हुए रॉकेट हमले में 12 इजरायली मारे गए थे। लेबनानी उग्रवादी समूह एवं राजनीतिक दल हिजबुल्लाह ने इजरायल के दावे पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने तेल अवीव में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज रात, आईडीएफ (इजरायल रक्षा बलों) ने बेरूत में एक लक्षित हमला किया, जिसमें फौद शोकोर को मार गिराया गया। वह हिजबुल्लाह का सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर एवं रणनीतिक इकाई का प्रमुख था। उन्होंने बताया कि शोकोर हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्लाह के दाहिने हाथ के रूप में भी काम करता था और युद्धकालीन अभियानों की योजना बनाने और निर्देशन के लिए नसरल्लाह का सलाहकार था।

## खान यूनिस में मलबे से 42 फिलिस्तीनियों के शव बरामद

**गाजा।** इजरायली सेना की वापसी के बाद दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के पूर्वी हिस्से में मलबे से 42 फिलिस्तीनियों के शव बरामद किए गए हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा ने मंगलवार को दी। संगठन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा ने बानी सुहैला क्षेत्र से शवों को बरामद किया और 22 जुलाई को अभियान शुरू होने के बाद से खान यूनिस के पूर्वी हिस्से में लापता फिलिस्तीनियों की 200 रिपोर्ट प्राप्त की हैं।

संगठन ने कहा कि शेष शवों को बरामद करने के प्रयास जारी हैं। संगठन के मुताबिक इजरायली सेना ने अपने चालक दल के सदस्यों को घायलों को बचाने से रोका, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई और उनके शव सड़ गए।

# भीड़ ने मस्जिद पर पत्थर फेंके 40 पुलिस अधिकारी घायल

लंदन, एजेंसी

- **पूर्वी इंग्लैंड में चाकू हमले में मारी गईं तीन बच्चियों की स्मृति सभा के समय किया गया हमला**

पूर्वी इंग्लैंड में चाकू हमले में मारी गईं तीन बच्चियों की स्मृति सभा के समय धुर-दक्षिणपंथी लोगों के समूह ने एक मस्जिद को निशाना बनाया और इस दौरान फैली अव्यवस्था में करीब 40 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। खबरों के अनुसार, पुलिस हिरासत में मौजूद 17 वर्षीय संदिग्ध की नस्ल और धर्म के बारे में सोशल मीडिया पर गलत सूचना का प्रसार हुआ, जिसके बाद मंगलवार रात साउथपोर्ट में स्थित मस्जिद से पास दंगा भड़क गया। पुलिस ने कहा कि उसके 22 अधिकारियों को गंभीर चोटें आई हैं।

पुलिस के अनुसार, दंगाइयों ने कई कारों को आग के हवाले कर दिया, स्थानीय मस्जिद पर पत्थर फेंके, एक स्थानीय दुकान में तोड़फोड़ की और कूड़ेदानों में आग लगा दी। सोमवार को हार्ट स्ट्रीट में एक डांस स्टूडियो में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद घटनास्थल पर जाने वाले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने भीड़ की निंदा की। चाकूबाजी में जान गंवाने वाली बच्चियों की पहचान एलिस डा सिल्वा एक्विवयर (9), बेबी किंग (6) और एलसी डोट स्टेनकॉम्ब (7) के रूप में हुई है। घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, इनमें से पांच लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

## इराक में ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत

बगदाद। इराक के बाबिल प्रांत में एक सैन्य अड्डे पर मंगलवार को अज्ञात ड्रोन हमले में इराकी अर्धसैनिक बल हश्द शाबी के पांच सदस्य मारे गये और छह अन्य घायल हो गये। गृह मंत्रालय ने एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि अज्ञात ड्रोन ने राजधानी बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत के उत्तरी भाग में जुर्फ अल-नस्र क्षेत्र में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के नाम से मशहूर हश्द शाबी बलों के एक सैन्य अड्डे पर बमबारी की। हश्द शाबी बलों के मीडिया कार्यालय ने बुधवार तड़के अपने आधिकारिक टेलीग्राम पेज पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हमला स्थानीय समयानुसार रात 9.30 बजे हुआ और अज्ञात ड्रोन ने जुर्फ अल-नस्र क्षेत्र में हश्द शाबी की 47वीं ब्रिगेड से संबंधित दो गश्ती दलों पर मिसाइलें दागीं।

# दंगा फैलाने के आरोप में 749 गिरफ्तार

कराकास, एजेंसी

वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद के चुनाव के बाद हुए हिंसक प्रदर्शनों में भाग लेने को लेकर 749 लोगों को गिरफ्तार किया है। अटॉर्नी जनरल तारेक विलियम साब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों पर उकसाने, सार्वजनिक सड़कों को बाधित करने, घृणित अपराध ... गिरफ्तारी का विरोध करने और सबसे गंभीर मामला आतंकवाद के आरोप हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा के कारण 48 सैन्य और पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ को गोली लगी है। इसके साथ ही उत्तरी अरागुआ राज्य में एक सैन्य अधिकारी की मौत हुयी है।

अधिकारियों ने कहा कि दूर-दराज़ के समूह दंगों में नाबालिगों और नशीले पदार्थों के प्रभाव में लोगों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दंगे विरोध प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि 'हथियारबंद अपराधियों का काम है, जो अराजकता पैदा करना चाहते हैं। वे चाहते हैं ... यह राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ जाए ... इसलिए विदेशी हस्तक्षेप है। उल्लेखनीय है कि वेनेजुएला में रविवार को राष्ट्रपति चुनाव हुए और राष्ट्रीय चुनाव परिषद ने सोमवार को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को चुनावों का विजेता घोषित किया।

### चुनाव नतीजों का सत्यापन नहीं कर सके : कार्टर सेंटर

**काराकस।** कार्टर सेंटर ने बुधवार को कहा कि वेनेजुएला में उसका तकनीकी दल हाल में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का सत्यापन नहीं कर पाया। एटलांटा स्थित इस कार्टर सेंटर ने वेनेजुएला के अधिकारियों पर निवर्तमान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को विजेता घोषित करने में पारदर्शिता बरतने में पूरी तरह से नाकाम रहने का आरोप भी लगाया।

### राष्ट्रपति चुनाव में मतदान का डेटा जारी करने को कहा

**काराकस।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने मंगलवार को वेनेजुएला सरकार से हाल में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव के मतदान का विस्तृत डेटा जारी करने का आह्वान किया। वेनेजुएला के निर्वाचन अधिकारियों ने राष्ट्रपति चुनाव में निवर्तमान राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की जीत की घोषणा की है।

## बॉलीवुड हलचल

# धनुष की फिल्म रायन का 50 करोड़ का आंकड़ा पार



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने भारतीय बाजार में बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुई है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है। फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है। फिल्म रायन, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गयी है। फिल्म रायन ने पहले वीकेंड के दौरान करीब 43 करोड़ रुपये की कमाई की थी। रायन बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है। धनुष की फिल्म रायन ने पांच दिनों के अंदर ही 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

## न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं ऐश्वर्या राय



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनत्री ऐश्वर्या राय न्यूयार्क में छुट्टियां मना रही हैं। ऐश्वर्या राय इन दिनों न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने एक प्रशंसक के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई जो अब सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। ऐश्वर्या की यह फैन अभिनेत्री और पॉडकास्टर जेरी रेयना हैं। उन्होंने अपनी और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ दो प्यारी तस्वीरें साझा करके अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इन दोनों तस्वीरों को साझा करते हुए, जेरी रेयना ने कैप्शन दिया, अपने जीवन में दो बार अपने आदर्श से मिलना ग्रिड पर एक खास जगह पाने जैसा है। मुझे मेरे सबसे अच्छे रूप में देखने के लिए स्वाइप करें। ऐश, हमेशा मेरे प्रति इतनी दयालु होने के लिए धन्यवाद। जब मैंने आपको मेरे जीवन में आपके प्रभाव के बारे में बताया तो आपने बहुत ध्यान से सुना। इसके लिए आपका शुक्रिया। मैं आपके लिए इस दुनिया में सभी खुशियों और आनंद की कामना करती हूं।

## फकीर की प्रेरणा से पार्श्वगायन के सरताज बने थे मोहम्मद रफी

**मुंबई।** अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्में रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था।

खगोल विज्ञान

कैसिनी अंतरिक्ष यान से ली गई तस्वीरों ने खोला रहस्य

# शनि के टाइटन में हैं मीथेन व इथेन के विशाल समंदर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आम इंसान के जीवन में पानी का प्रयोग प्यास बुझाने और नहाने-धोने के लिए होता है। मगर पानी की हकीकत कुछ और भी होती है, जिसे हम दैनिक जीवन में भोग नहीं कर सकते। तरल रूप के यह जल मीथेन और इथेन है। जिसके सागर शनि ग्रह के उपग्रह टाइटन में भरे पड़े हैं।

यह हाल की आश्चर्यजनक खोज है, जो आमजन की कल्पना से परे है। मीथेन व इथेन का समुद्र लिजीया मारे नामक शनि के बड़े चंद्रमा टाइटन पर है, जो टाइटन का दूसरा सबसे बड़ा समुद्र है। इसका संकेत 2013 में कैसिनी अंतरिक्ष यान से रडार से लिये तस्वीरों में मिल गए थे। जिसमें नदियों को भी देख सकते हैं। एक नए शोध में दावा किया गया है कि टाइटन के समुद्र, झील और नदियां पृथ्वी के सागर व नदियों की तरह हैं। मगर वे तरल मीथेन और इथेन से बने हुए हैं। शोधकर्ताओं ने कैसिनी मिशन के रडार डेटा का उपयोग करके समुद्र के बारे में जानकारी प्राप्त की है। उन्होंने खुरदरापन और संरचना भिन्नताओं और समुद्र की परावर्तनशीलता और सतह की लहरों पर अध्ययन केंद्रित किया। तब सच्चाई पता चली कि मीथेन और इथेन से बने होने के बावजूद, टाइटन के समुद्र पृथ्वी के जल निकायों की तरह व्यवहार करते हैं। साथ ही सामान्य रूप से मौसम संबंधी प्रक्रियाओं और मिश्रण की गतिशीलता से प्रभावित होती हैं। वैज्ञानिकों ने 16 जुलाई को इस रहस्य का खुलासा किया। दिलचस्प परिणाम यह है कि टाइटन के समुद्र में बहने वाली नदियां मीथेन और इथेन को आपस में उसी तरह समाहित करती हैं, जैसे कि पृथ्वी पर मीठे पानी की नदियां बहकर खारे पानी के महासागरों में समा जाती हैं।


शनि ग्रह चांद टाइटन में मीथेन व इथेन के सागर की तस्वीर।

### टाइटन के अभी और रहस्य होंगे उजागर

**नैनीताल :** शनि और उसके चंद्रमाओं पर कैसिनी का मिशन 15 सितंबर, 2017 को समाप्त हो चुका है। लेकिन वैज्ञानिकों के विश्लेषण के लिए अभी भी ढेर सारा डेटा है, जिसमें रडार से प्राप्त डेटा भी उपलब्ध है। जिनका अध्ययन किया जाना है। अध्ययन के बाद कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। न्यूयॉर्क स्थित इथाका के कॉर्नेल सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स विश्वविद्यालय व प्लैनेटरी साइंस के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है।